जबलपुर, मंगलवार
31 मार्च 2026
वर्ष 31 अंक 274
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com


# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
'आत्मविश्वासी और परिश्रमी लोग अपना भाग्य खुद लिखते हैं, और आलसी लोगों का भाग्य परिस्थितियां लिखती हैं।'


2 नगर पालिका परिषद में विनय...
5 तेज गति से भाग रहे डम्फर ने बस ...
7 किम जोंग की ट्रंप को सीधी धमकी...
11 राजनीति में विनम्रता, मर्यादा और...


# देश के प्रमुख स्टार्टअप राज्य के रूप में स्थापित हो रहा है मध्यप्रदेश

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की एमएसएमई इकाइयों को 169 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश, देश के सर्वाधिक सशक्त, आर्थिक रूप से सुदृढ़ और बेहतर वित्तीय प्रबंधन वाले प्रथम तीन राज्यों में से एक है। राज्य सरकार प्रदेश के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है। देश-दुनिया के सभी निवेशकों के लिए प्रदेश के दरवाजे खुले हैं। हम उद्योग मित्र नीतियों और सहयोग की भावना के साथ उनके स्वागत के लिए तत्पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश भारतीय अर्थव्यवस्था में उद्योग हो या कृषि हर क्षेत्र में योगदान के लिए निरंतर सक्रिय है। एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों का प्रभावी केन्द्र होने के साथ लाखों परिवारों के स्वावलंबन का आधार भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समर्थ एमएसएमई विकसित मध्यप्रदेश की थीम पर मुख्यमंत्री निवास में 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को उनके खाते में 169.57 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से जारी कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्टार्टअप को लगभग 28 लाख से अधिक की अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी जारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने लघु उद्योग निगम की ओर से 8 करोड़ रूपए के अंतरिम लाभांश का चैक भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैतूल और आगर-मालवा के तीन उद्यमियों को औद्योगिक भूमि के लिए आवंटन-पत्र प्रदान



किए और मुख्यमत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत हितलाभ वितरण भी किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का आयोजन महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हो रहा है। यह भगवान महावीर के जनकल्याण और शुचिता के सिद्धांतों को साकार करने का भी प्रतीक है। प्रदेश में उद्योग-व्यापार गतिविधि और उद्यमिता प्रोत्साहित करने के लिए व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करते हुए निरंतर नवाचार जारी हैं। राज्य सरकार उद्यमियों को लिए पूंजी, भूमि और व्यवस्थाओं में सरलता कर, उनकी प्रगति की राह को आसान बना रही है। विभाग द्वारा बड़ी राशि का सिंगल क्लिक से सीधे अंतरण व्यवस्था में सुगमता और स्पष्टता का परिचायक है। पूरे देश में मार्च क्लोजिंग का वातावरण है, ऐसे में राज्य सरकार द्वारा एमएसएमई इकाइयों और उद्यमियों को राशि और सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह प्रदेश में नए संकल्पों के साथ नया वित्तीय वर्ष आरंभ करने का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भी प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में ही भारत स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर है। युद्ध के दोनों पक्ष भारत का सहयोग कर रहे हैं, यह प्रधानमंत्री श्री मोदी की कुशल नीतियों से ही संभव है। जहां एक ओर विश्व के कई देशों में पेट्रोल-डीजल, गैस की उपलब्धता प्रभावित हो रही है, वहीं हमारे देश में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इनके मूल्यों पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ने दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत समर्थ भी है और सक्षम भी।

### फर्जी बम की धमकियां भेजने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली (वार्ता)।** दिल्ली पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। दिल्ली पुलिस ने देश भर के स्कूलों, उच्च न्यायालयों और सरकारी कार्यालयों को 1,100 से ज़्यादा फर्जी कॉल कर बम से उड़ाने की धमकी देने वाले शख्स को कर्नाटक के मैसूर से गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस और स्थानीय पुलिस टीमों के बीच गुरुवार को एक समन्वित अभियान में संदिग्ध श्रीनिवास लुइस (47) को उसके किराए के घर से हिरासत में लिया गया था। हाल के हफ्तों में, दिल्ली उच्च न्यायालय , दिल्ली विधानसभा और कई शिक्षण संस्थाओं और सरकारी कार्यालयों सहित कई संस्थाओं को बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद तुरंत जांच शुरू की गई। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी लुइस मूल रूप से बेंगलुरु का रहने वाला है और कथित तौर पर अपनी मां के साथ किराये के मकान में रहता है। वह एक सेवानिवृत सरकारी कर्मचारी हैं, और अभी बेरोज़गार है।

### नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ धन शोधन की जांच तेज

**नई दिल्ली (वार्ता)।** नेपाल के धन शोधन जांच विभाग (डीएमएलआई) के अधिकारियों ने तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों और दो पूर्व मंत्रियों से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच तेज कर दी है। द काठमांडू पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार यह कार्रवाई प्रारंभिक पूछताछ में उनके वित्तीय रिकॉर्ड और संपत्तियों में विसंगतियां पाए जाने के बाद की गई है। डीएमएलआई ने नेपाल पुलिस के केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीआईबी) के सहयोग से पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और पुष्प कमल दहल के साथ-साथ पूर्व मंत्री आरज़ू राणा देउबा और दीपक खड़का के खिलाफ विस्तृत जांच शुरू की है। श्री खड़का पहले ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं, उन्हें अदालत की अनुमति के बाद सात दिनों की हिरासत में भेज दिया गया है।

# जो हथियार उठाएगा, उसे कीमत चुकानी होगी : शाह

## वामपंथियों ने भोले-भाले आदिवासियों को अंधेरे में रखा, अब बस्तर से लाल आतंक लगभग खत्म

नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह लोकसभा में 'नक्सल मुक्त भारत' मुद्दे पर चर्चा के दौरान सरकार की तरफ से जवाब दे रहे हैं। उन्होंने कहा- जो लोग पूरी व्यवस्था को नकार कर हथियार उठा लेते हैं, ऐसा नहीं चलेगा। हथियार उठाने वालों को उसकी कीमत चुकानी होगी। शाह ने कहा- सालों से भोले-भाले आदिवासियों को अंधेरे में रखा गया। वामपंथियों ने अपनी विचारधारा को फैलाने के लिए भोले भाले आदिवासियों को बहकाया। कांग्रेस ने आजादी के बाद 75 साल में 60 साल राज किया। फिर आदिवासी विकास से क्यों बच गए। शाह ने कहा- कांग्रेस ने 60 साल के दौरान आदिवासियों तक घर, स्कूल, मोबाइल टॉवर नहीं पहुंचने दिया और अब हिसाब मांग रहे हैं। अपने गिरेबान में झांककर देखिए। जो लोग नक्सलवाद की वकालात करते हैं, उनसे पूछना चाहता हूं ये सब 1970 से अब तक क्यों नहीं हुआ था। संसद में आज नक्सलवाद पर चर्चा सरकार की तरफ से दी गई डेडलाइन खत्म होने से एक दिन पहले हो रही है। शाह कई बार 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म करने की घोषणा कर चुके हैं।



मित शाह, गृह मंत्री

### बस्तर से नक्सलवाद पूरी तरह खत्म हो चुका

बस्तर से नक्सलवाद लगभग पूरी तरह खत्म हो चुका है। बस्तर के हर एक गांव में स्कूल खोलने के लिए एक अभियान चलाया गया। इस क्षेत्र के हर गांव में राशन की दुकान खोलने के लिए एक मुहिम शुरू की गई। हर तहसील और पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं।

### नक्सलवाद की वकालत करने वालों से सवाल

मैं बस उन लोगों से यह पूछना चाहता हूं, जो यहां नक्सलवाद की वकालत कर रहे थे। लोगों को अब तक ये लाभ क्यों नहीं मिले। बस्तर के लोग इसलिए पीछे रह गए, क्योंकि इस क्षेत्र पर लाल आतंक का साया मंडरा रहा था, इसीलिए विकास उन तक नहीं पहुंच पाया।

### 60 साल तो कांग्रेस सरकार में रही

70 में से 60 साल तो सरकार कांग्रेस की रही, फिर क्यों विकास नहीं हुआ। आपने क्यों नहीं किया विकास आज आप हिसाब मांग रहे हो। मैं पूरा बताऊंगा। वहां करोड़ों लोग गरीबी में वर्षों तक जीते रहे, किसी ने चिंता नहीं की। 20 हजार युवा मारे गए, कई दिव्यांग बन गए और उन तक विकास नहीं पहुंचा। कौन जिम्मेदार है। क्या देश की सबसे बड़ी पंचायत को इस पर चिंतन नहीं करना चाहिए। नक्सलवाद का मूल कारण विकास की डिमांड नहीं, एक आइडियोलॉजी है, जिसे एक राष्ट्रपति चुनाव के कारण इंदिरा गांधी ने स्वीकार कर लिया।

### मनमोहन ने कहा था- माओवादी देश की सबसे बड़ी समस्या

प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने स्वीकारा था कि जम्मू-कश्मीर और नॉर्थ ईस्ट की तुलना में देश की आंतरिक सुरक्षा में सबसे बड़ी समस्या माओवादी है।

### लोकतंत्र में विश्वास नहीं

विपक्ष का लोकतंत्र पर कोई विश्वास नहीं है। यहां बहुत सारे लोग 3 घंटे से कह रहे हैं अन्याय है तो न्याय के खिलाफ लड़ रहे हैं, लेकिन लड़ने का तरीका क्या है। हम अंग्रेजों के शासन में नहीं है कुछ लोगों ने भगत सिंह और बिरसा मुंडा अंग्रेजों से लड़े और आप इनकी तुलना संविधान तोड़कर हथियार हाथ में लेकर निर्दोषों की हत्या करने वालों से कर रहे हैं। इनको अपनों का भी खून बहाने से परहेज नहीं है। इनके आदर्श तिलका मांझी, बिरसा मुंडा, सुभाष बाबू या भगतसिंह नहीं हैं। इनके आदर्श माओ हैं।



# लश्कर कमांडर शब्बीर अहमद लोन गिरफ्तार

**नई दिल्ली (वार्ता)** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने बंगलादेश सीमा के पास से एक समन्वित कार्रवाई में लश्कर-ए-तैयबा (लश्कर ) के कमांडर शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार कर लिया है। मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि लोन ढाका के बाहरी इलाके में स्थित एक गुप्त ठिकाने से लश्कर का एक मॉड्यूल चला रहा था। यह सफलता दो महीने की कड़ी मशक्कत भरी खोज के बाद मिली, जिसकी निगरानी खुद दिल्ली पुलिस के आयुक्त सतीश गोलचा कर रहे थे। अतिरिक्त आयुक्त प्रमोद कुशवाहा, सहायक आयुक्त ललित नेगी और निरीक्षक सुनील राजैन के नेतृत्व में गठित विशेष कार्यबल लोन की गतिविधियों पर तब से ही बारीकी से नज़र रख रहा था, जब खुफिया जानकारी से यह संकेत मिला था कि वह दिल्ली, कोलकाता और तमिलनाडु में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें संगठन में भर्ती करने में शामिल है। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने उसे 2007 में आतंकवाद के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन 2019 में ज़मानत मिलने के बाद वह देश से भागकर बंगलादेश चला गया था। तब से, वह एक लगातार खतरा बन गया था, उसने एक ऐसा आतंकी नेटवर्क खड़ा कर लिया था जिसने राजधानी की आतंकवाद-विरोधी दस्ता और दूसरी केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को हमेशा हाई अलर्ट पर रखा।

### जनगणना 2027 का प्रथम चरण एक अप्रैल से




**नई दिल्ली (वार्ता)।** सरकार ने जनगणना 2027 के पहले चरण में 11 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्र में लोगों के घरों के सूचीकरण का काम एक अप्रैल से शुरू करने की तैयारी कर ली है।जनगणना के प्रथम चरण में अप्रैल से सितंबर के बीच देशभर में सभी राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में घरों की गणना की जाएगी। दूसरे चरण में व्यक्तियों से संबंधी सूचनाओं को एकत्र किया जाएगा। दूसरे चरण के कार्यक्रम की घोषणा बाद में की जाएगी। सरकार ने जनगणना 2027 के लिए 11178 करोड रुपए का बजट स्वीकृत किया है।

# कोरोना काल में मजदूरों को राहत देने में अहम रही मनरेगा को मोदी ने किया नजरअंदाज : खड़गे

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मनरेगा खत्म करने और नया कानून लागू नहीं करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए सोमवार को कहा कि कोरोना काल में मजदूरों को राहत देने में इस योजना की अहम भूमिका रही है लेकिन श्री मोदी ने उसे नजरअंदाज किया है। श्री खरगे ने कहा एक ओर मनरेगा पर प्रभावी रूप से रोक जैसी स्थिति बना दी गई है, वहीं दूसरी ओर घोषित वीबी-जयराम-जी योजना अब तक लागू नहीं हो पाई है। कई राज्यों में मनरेगा खत्म करने की खबरें हैं जिसके कारण करोड़ों श्रमिकों के समक्ष रोजगार का संकट पैदा हो गया है। उन्होंने मनरेगा को लेकर कई राज्यों में आंदोलन होने का दावा किया और कहा कि बिहार के मुजफ्फरपुर में पिछले 87 दिनों से लगभग 12 हजार मजदूर काम न मिलने के कारण आंदोलन कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों से मनरेगा के तहत काम बंद होने की खबरें आ रही हैं, जिससे ग्रामीण मजदूरों के सामने रोज़गार का संकट गहराता जा रहा है।



### तृणमूल कांग्रेस नेता काज़ी अब्दुल रहीम कांग्रेस में हुए शामिल

**नई दिल्ली (वार्ता)** पश्चिम बंगाल की राजनीति में विधानसभा चुनावी सरगर्मियों के बीच बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक काज़ी अब्दुल रहीम ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस महासचिव और पश्चिम बंगाल के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने पार्टी में शामिल होने पर उनका स्वागत करते हुए कहा कि श्री रहीम राज्य की राजनीति में एक जाना-माना नाम हैं और अपने क्षेत्र में जनसेवा के लिए पहचाने जाते हैं।

# बड़े पदों पर कमजोर वर्ग की हिस्सेदारी सुनिश्चित हो : राहुल



**नई दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश के संस्थानों में बहुजन समाज की बड़े पदों पर हिस्सेदारी कम है और उनकी उचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण से आगे बढ़कर नीतिगत सुधार किए जाने चाहिए। श्री गांधी में सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उनसे मिलने जब भी किसी संस्थान या संगठन के लोग आते हैं तो सबकी शिकायत यही रहती है कि उनके संस्थान में वरिष्ठ पदों पर कमजोर वर्ग के लोगों की हिस्सेदारी नहीं के बराबर है। उन्होंने कहा, हाल ही में जनसंसद में ग्रामीण बैंक के एससी-एसटी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान भी यह बात सामने आई कि प्रोन्नति में रोस्टर नियम होने के बावजूद दलित और आदिवासी कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जाता है। कभी प्रदर्शन तो कभी मेरिट के नाम पर उनकी तरक्की रोकी जाती है, जबकि आवाज उठाने पर दूरदराज क्षेत्रों में तबादले जैसी कार्रवाई भी की जाती है।

# ममता पर चुनाव प्रक्रिया प्रभावित करने और मतदाताओं को धमकाने का आरोप

नई दिल्ली (वार्ता)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को चुनाव आयोग से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने और मतदाताओं को धमकाने का आरोप लगाया है। इस मुद्दे को लेकर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और किरेन रिजिजू के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग पहुंचकर औपचारिक शिकायत दर्ज करायी। भाजपा प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, किरण रिजिजू और सुकांत मजूमदार के साथ-साथ अनिल बलूनी और पार्टी के कई नेता शामिल थे। नेताओं ने आयोग को एक ज्ञापन सौंपकर राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की। श्री रिजिजू ने मीडिया से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर लोगों के घरों में जाकर धमकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने प्रशासन और पुलिस की मदद से पूरे चुनाव को हाईजैक कर लिया है। भाजपा नेताओं का दावा है कि पिछले चुनावों में भी सत्ताधारी



दल ने दबाव और दादागिरी के जरिए जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और इसे किसी भी तरह से प्रभावित नहीं किया जाना चाहिए। भाजपा ने चुनाव आयोग से अपील की कि वह पश्चिम बंगाल के प्रशासन और पुलिस तंत्र को अपने नियंत्रण में लेकर निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करे। वहीं, भाजपा का यह भी दावा है कि राज्य में जनता तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ है और इसी वजह से सत्ताधारी दल घबराकर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। चुनाव आयोग ने भाजपा प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए आवश्यक सभी कदम उठाए जाएंगे।

# स्पेन ने अमेरिका के लिए एयरस्पेस बंद किया

## मिलिट्री बेस के इस्तेमाल पर भी रोक, ईरान युद्ध अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन

स्पेन ने ईरान के खिलाफ युद्ध में शामिल अमेरिकी सैन्य विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। साथ ही मिलिट्री बेस के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी है। स्पेन की रक्षा मंत्री मार्गारीटा रोब्लेस ने कहा कि वे अपने एयरस्पेस और सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल ईरान से जुड़े किसी भी सैन्य अभियान के लिए नहीं होने देंगे। इस फैसले के बाद अमेरिकी विमानों को अपना रास्ता बदलना पड़ेगा। हालांकि मानवीय मदद और इमरजेंसी वाली उड़ानों को छूट दी गई है। अर्थव्यवस्था मंत्री कार्लोस कुएर्पो ने भी फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि उनका देश ऐसे युद्ध का साथ नहीं देना चाहते जो बिना वजह शुरू किया गया हो और कानून के खिलाफ हो। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज पहले ही अमेरिका और इजराइल के सैन्य अभियान की आलोचना कर चुके हैं। वहीं, डोनाल्ड ट्रम्प ने इस फैसले के जवाब में व्यापार से जुड़े कदम उठाने की धमकी दी है। अमेरिका ने ईरान जंग में डुअल ट्रैक स्ट्रैटजी अपनाई है। यानी एक तरफ जंग रोकने के लिए डिप्लोमैटिक चैनल से बातचीत की कोशिशें हो रही हैं। दूसरी तरफ 'फाइनल ब्लो' यानी अंतिम प्रहार की तैयारी है, जिसमें जमीनी सैनिक भी शामिल होंगे। राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी कहा है कि हम ईरान के खार्ग आइलैंड पर कब्जा कर सकते हैं। 31वीं मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट के 3500 अमेरिकी सैनिक मिडिल ईस्ट पहुंच चुके हैं। उनके साथ ट्रांसपोर्ट और लड़ाकू विमान भी भेजे गए हैं। हजारों अतिरिक्त सैनिक, टैंक, जंगी बेड़े, फाइटर जेट्स भेजने की योजना है। ईरान के अंग्रेजी अखबार तेहरान टाइम्स ने साफ चेतावनी दी है कि अगर अमेरिकी सैनिकों ने ईरान की जमीन पर कदम रखा, तो ताबूत में वापस लौटेंगे। अखबार ने अपने फ्रंट पेज पर लिखा- नर्क में आपका स्वागत है।



### मिस्र के राष्ट्रपति की ट्रम्प से युद्ध खत्म कराने की अपील

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से ईरान के साथ चल रहे युद्ध को खत्म कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ऐसे नेता हैं जो इस संघर्ष को रोक सकते हैं। काहिरा में अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन के दौरान सीसी ने कहा, मैं मानवता और शांति चाहने वालों की ओर से आपसे (ट्रम्प से) अपील करता हूं। आप शांति के पक्षधर हैं, कृपया इस युद्ध को रोकने में मदद करें। आप ऐसा करने में सक्षम हैं।

# नगर पालिका परिषद में विनय, नागेंद्र, स्वप्निल सचिन, आशीष, सावित्री नियुक्त हुए मनोनीत पार्षद

## मनोनीत पार्षद की नियुक्तियों पर भाजपा जिलाअध्यक्ष सहित आम जनमानस ने दी बधाई



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

नगर पालिका परिषद में 6 एल्डरमैन की हुई नियुक्तियों मध्य प्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास मंत्रालय भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश के 169 नगरीय निकायों में नवनियुक्त एल्डरमैन घोषणा की गई है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रदेश भर के नगर पालिका एवं नगर परिषद के एल्डरमैन मनोनीत पार्षदों की नियुक्तियां कर बधाई दी है इन्हीं नियुक्तियों में जिले के नगर पालिका नगर परिषदों की भी घोषणा की गई है नगर पालिका परिषद में 6 एल्डरमैन मनोनीत पार्षदों की नियुक्तियां भी की गई है संभागीय मुख्यालय नगर पालिका परिषद में एल्डरमैन मनोनीत पार्षद के रूप में विनय केवट, नागेंद्र गोले, स्वप्नील जयसवाल, सावित्री सेन, आशीष तिवारी सचिन गुप्ता की नगरीय प्रशासन भोपाल द्वारा नियुक्तियां की गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने बधाई देते हुए कहा कि मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि आप सभी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक एवं सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए नगर के विकास एवं जनसेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। बधाई देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने जिले के विभिन्न नगर पालिका एवं परिषदों में एल्डरमैन मनोनीत परिषदों की नियुक्तियों पर खुशी जताते हुए 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर एल्डरमैन मनोनीत पार्षदों के सम्मान समारोह कार्यक्रम के आयोजन की घोषणा की है नियुक्तियों पर इन्होंने दी बधाई भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा, विधायक मनीषा सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, संतोष लोहानी, राकेश सोनी पार्षद, भूपेंद्र मिश्रा जिला महामंत्री अमित मिश्रा पुष्पेंद्र पटेल जिला सौरभ गोले ,रवींद्र वर्मा, अंकुश शर्मा, विपिन तिवारी, पार्षद शक्ति लश्कर, पार्षद अनमोल सोनी,नगर पालिका परिषद की उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा (डोली) पार्षद संतोष रावत, पार्षद होलकर सिंह परस्ते, पार्षद विकास तिवारी, आदित्य चपरा ,कमल खटीक, निभा गुप्ता नीलम चतुर्वेदी रचना श्रीवास्तव राखी शर्मा,अमित गुप्ता बंटी, विजय गुप्ता मंडल अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी मृदुल मिश्रा राकेश कुशवाहा, गोविंद तिवारी, अतुल तिवारी अंकित सराफ सहित शहर के गणमान्य नागरिकों एवं आम जनमानस में दी बधाई।



# भाविप विवेकानंद शाखा के मनीष अध्यक्ष नीति सचिव, अशोक कोषाध्यक्ष निर्वाचित

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा का आगामी सत्र 2026-27 के लिए निर्वाचन संपन्न हुआ जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र तिवारी की उपस्थिति रही। बैठक में मनीष चंद्र गुप्ता अध्यक्ष, नीति सिंघल सचिव तथा अशोक मोर कोषाध्यक्ष के दायित्व पर निर्वाचित हुए। बैठक में स्वागत भाषण रविन्द्र गुप्ता ने दिया। आभार ज्ञापन सचिव विजय दुबे ने किया। बैठक में सभी उपाध्यक्षों प्रकाश गुप्ता, नीति सिंघल,मनीष, अशोक मोर एवं श्रीजा गुप्ता ने अपने अपने प्रकल्पों का विगत वर्ष का कार्य वृत्त रखा। इसके बाद प्रांताध्यक्ष ने निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण किया। उपरोक्त निर्वाचन सर्वसम्मति से किया गया।

नए पदाधिकारियों से शाखा की पूर्ण कार्यकारिणी शीघ्र घोषित करने का आग्रह किया गया है। आयोजन में परिषद सदस्य सचिन गुप्ता को नगर पालिका परिषद में एल्डरमैन नियुक्त होने पर सम्मान किया गया।

बैठक में अशोक सराफ, दीपक गौतम, वीरेंद्र सिंह, प्रमोद सोनी, अखिलेश शर्मा विजय जैन, गौरव मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, रविकांत द्विवेदी, रवि नेमा, सुशील सिंघल, ममता नेमा, पूजा सोनी, डॉ, ओपी चौधरी, राकेश खरे, अजय शर्मा, अनिल तिवारी (अनूपपुर) आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन एस एस जौहरी ने किया।

# भीषण गर्मी और लू से बचाएगी योग चिकित्सा



शहडोल (स्वतंत्रमत)। योगाचार्य शिवाकान्त शुक्ला ने बताए शरीर को शीतल रखने के अचूक उपाय जैसे-जैसे पारा चढ़ रहा है, बढ़ती गर्मी न केवल शारीरिक थकान बल्कि मानसिक तनाव और चिड़चिड़ापन भी बढ़ा रही है। ऐसे में योग चिकित्सा शरीर के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने और लू से बचने का एक प्रभावी कवच साबित हो रही है। शहडोल के प्रसिद्ध योग विशेषज्ञ योगाचार्य शिवाकान्त शुक्ला ने ग्रीष्म ऋतु में स्वस्थ रहने के लिए विशेष योगिक क्रियाओं पर प्रकाश डाला है। भीतरी एयर-कंडीशनर हैं ये प्राणायाम योगाचार्य शिवाकान्त शुक्ला। प्रकृति ने हमारे शरीर में ही कूलिंग सिस्टम दिया है, जिसे विशिष्ट प्राणायामों के जरिए सक्रिय किया जा सकता है। शीतली प्राणायामरू जीभ को नली के आकार में मोड़कर बाहर निकालें और गहरी सांस लें। यह सीधे तौर पर शरीर के तापमान को ठंडा करता है और प्यास पर नियंत्रण रखने में मदद करता है। सीतकारी प्राणायामरू दांतों को आपस में सटाकर सी-सी की ध्वनि के साथ सांस अंदर भरें। यह शरीर की गर्मी को कम करता है। शिवजी योग थेरेपी एवं वेलनेस सेंटर की विशेष सलाह रू एब्सोल्यूट रॉ जिम में स्थित अपने केंद्र के माध्यम से योग चिकित्सा का प्रसार कर रहे शिवाकान्त शुक्ला बताते हैं कि भीषण गर्मी में भारी व्यायाम के बजाय सौम्य और रिस्टोरेटिव आसनों पर जोर देना चाहिए। शवासन और बद्धकोणासन जैसे अभ्यास शरीर के नर्वस सिस्टम को शांत करते हैं और हीट स्ट्रेस को कम करते हैं। योग चिकित्सा और खान-पान का तालमेल योग चिकित्सा में आहार का विशेष महत्व है।

# पचगांव मंदिर में प्याऊ का शुभारंभ राहगीरों को मिलेगा शुद्ध एवं ठंडा पेयजल

शहडोल (स्वतंत्रमत)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सोहागपुर के निर्देशन में नवांकुर संस्था सर्व मानव उत्थान जन कल्याण समिति द्वारा सामाजिक सरोकार की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। जल गंगा संवर्धन अभियान जल शक्ति से नव भक्ति' कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पचगांव, कंकाली माता रोड स्थित शिव मंदिर के सामने मंदिर मे प्याऊ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक विवेक पांडेय एवं विकासखंड समन्वयक सोहागपुर प्रिया सिंह बघेल उपस्थित रहीं। उन्होंने गुड़ एवं चना खिलाकर तथा राहगीरों को शीतल जल पिलाकर प्याऊ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना तथा भीषण गर्मी में प्यासे राहगीरों को शुद्ध एवं



ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, ऐसे में जल स्रोतों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। 'जल मंदिर' जैसी पहल समाज को प्रेरित करने और सेवा भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आने वाले समय में नगर एवं आसपास के ग्रामों के सार्वजनिक स्थलों और चौराहों पर इस प्रकार के जल मंदिर (प्याऊ) स्थापित किए जाएंगे, ताकि लोगों को गर्मी में पानी के लिए भटकना न पड़े। कार्यक्रम में सर्व मानव उत्थान जन कल्याण समिति के अध्यक्ष लोकनाथ नामदेव, परामर्शदाता आकांक्षा तिवारी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पचगांव की अध्यक्ष सपना सिंह, सचिव प्रीती द्विवेदी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी सिंह सहित सदस्य नैना द्विवेदी, लखन कुशवाहा, राम कुशवाहा, अखिलेश पटेल एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं राहगीर उपस्थित रहे।

# नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में नगरवासी निभाएं अपनी भूमिका : सीएमओ

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने हेतु निरंतर विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में लल्लू सिंह चौराहा से न्यू बस स्टैंड तक मुख्य मार्ग पर लगातार दूसरे दिन भी सघन सफाई अभियान चलाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जितेंद्र भंडारी ने नगर में किए गए सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना नगर पालिका के साथ-साथ नागरिकों की भी साझा जिम्मेदारी है। सभी नागरिक अपने घरों का कचरा निर्धारित कचरा वाहन में ही डालें तथा दुकानदार अनिवार्य रूप से डस्टबिन का उपयोग करें। उन्होंने संबंधित जोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि नगर के सभी वार्डों एवं प्रमुख मार्गों पर नियमित एवं प्रभावी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा किया कि स्वच्छता कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सफाई कार्य के दौरान अटल पथ रोड के दोनों ओर स्वच्छता मित्रों द्वारा झाड़ू लगाकर धूल एवं मिट्टी को हटाया गया। साथ ही जेसीबी मशीन की सहायता से कचरे का संकलन कर उसका वैज्ञानिक तरीके से निपटान सुनिश्चित किया गया। मार्ग किनारे उगी झाड़ियों की कटाई कर मलबे को व्यवस्थित रूप से डंप कराया गया। इस अवसर पर स्वच्छता नोडल अधिकारी पुनीत त्रिपाठी, स्वास्थ्य निरीक्षक अनिल महोबिया, महेश साहू उपस्थित रहे।

**नगर में किए जा रहे स्वच्छता कार्य का सी.एम.ओ ने किया निरीक्षण**

# अप्रैल माह में स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)**। जिले में संचालित आरसेटी के माध्यम से अप्रैल माह में विभिन्न स्वरोजगार उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ।जानकारी के अनुसार 01 अप्रैल 2026 से पंजीयन एवम प्रशिक्षण निम्न विषय में प्रारंभ किया जा रहा हैं। राजमिस्त्री(ऋ्ल्ल्ल), महिला सिलाई एवं अचार-पापड़ निर्माण से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ होने जा रहे हैं



इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों एवं महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। राजमिस्त्री प्रशिक्षण में भवन निर्माण से संबंधित तकनीकी जानकारी दी जाएगी, वहीं महिला सिलाई प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को वस्त्र निर्माण एवं सिलाई-कढ़ाई का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अचार-पापड़ निर्माण प्रशिक्षण में घरेलू उद्योग स्थापित करने हेतु आवश्यक कौशल सिखाए जाएंगे। प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 35 प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा तथा प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक दोनों प्रकार का मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा, जिससे वे प्रशिक्षण उपरांत स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें। इस प्रशिक्षण में 18 वर्ष से 50 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण स्थलः जिला जेल बिल्डिंग के पीछे, अमरकंटक बायपास रोड स्थित आरसेटी, डिंडोरी।

यह सभी प्रशिक्षण पूर्णतः आवासीय (ऋद्गह्यद्बस्रद्गठ्ठह्लद्बड्डद्य) होंगे। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी आरसेटी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। जिले के सभी पात्र युवाओं , जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों द्वारा सभी पात्र इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेकर इसका लाभ उठाएं और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# 7 सिलेंडर जब्त प्रकरण दर्ज

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)**। जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देशानुसार खाद्य विभाग और राजस्व अमले की संयुक्त टीम ने अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर कुल 7 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। दरअसल विभाग के द्वारा पहली कार्रवाई में सहायक आपूर्ति अधिकारी शमीम खान और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नितिन जायसवाल ने मंडला बस स्टैंड स्थित नीलकंठ होटल से 2 और मनीषा होटल से 1 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया। जांच में पाया गया कि इन सिलेंडरों का उपयोग व्यावसायिक कार्यों में किया जा रहा था।

# ट्रायबल वेल्फेयर टीचर्स एसोसिएशन में बड़ी नियुक्ति, राम कुमार गर्ग को मिली अहम जिम्मेदारी



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)**। ट्रायबल वेल्फेयर टीचर्स एसोसिएशन में एक अहम संगठनात्मक नियुक्ति की गई है। डिंडौरी जिले एवं विकासखंड के प्रतिनिधिमंडल की अनुशंसा पर प्रांतीय अध्यक्ष डीके सिंगौर द्वारा राम कुमार गर्ग को संभाग जबलपुर के आईटी सेल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

राम कुमार गर्ग को यह जिम्मेदारी मिलने पर संगठन के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों में खुशी का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर प्रांतीय संगठन मंत्री सुशील नागेश्वर, प्रांतीय उपाध्यक्ष मंजुषा शर्मा एवं व्यास नारायण दुबे, जिला अध्यक्ष सनत तिवारी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष आनंद उइके (डिंडौरी), जिला अध्यक्ष दिलीप मरावी (मंडला), ब्लॉक अध्यक्ष जीवन मरावी (करंजिया), विजय भार्वे (बजाग), जिला उपाध्यक्ष इनायत अली सैयद (डिंडौरी) सहित फिरोजा बेगम, भारती मरावी, बी. पडवार, जोहन सिंह मरावी समेत सैकड़ों शिक्षकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

नवनियुक्त संभागीय आईटी सेल अध्यक्ष राम कुमार गर्ग ने प्रांतीय अध्यक्ष डीके सिंगौर सहित सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने और शिक्षकों के हित में कार्य करने के लिए पूरी निष्ठा से प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने सभी से सहयोग की अपील भी की है।




# कृषि विज्ञान केंद में हुआ तिलहन एवं मोटे अनाज के कृषकों का प्रशिक्षण

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

कृषक कल्याण वर्ष 2026 अन्तर्गत जिले में कृषि तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कृषकों समय-समय पर उन्नत खेती से अवगत करवाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करवाए जाते है। जिसके अंतर्गत जिले के अन्दर कृषक भ्रमण एवं प्रशिक्षण का आयोजन डिंडोरी के कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित किया गया। तिलहन मिशन एवं एक जिला एक उत्पाद अंतर्गत किसानों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें कृषकों को तिलहन एवं मोटे अनाजों के उत्पादन एवं प्रसंस्करण की जानकारी दी गई। कृषकों को बदलते बाजार एवं मूल्य संवर्धन के लाभ, उत्पादन एवं प्रसंस्करण के साथ- साथ बाजार में आने वाली समस्याओं का निराकरण बताया गया। कार्यक्रम में डिंडोरी के सातों विकासखंडों के कृषक शामिल होंगे।

किसानों को वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहायकों के द्वारा कृषि सलाह दी गई एवं उनकी परेशानियों का निराकरण किया,कृषकों ने अपने सवालों के जवाब पूछे एवं उत्साह पूर्वक प्रशिक्षण में शामिल हुए। कृषक जोगीराम सरोते द्वारा कृषि विभाग की धन्यवाद एवं ऐसे आयोजन नियमित करने का अनुरोध किया।

# लकड़ी लेने जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी एक व्यक्ति की मौके पर मौत, ड्राइवर फरार

**कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पौड़ीमाल का मामला**

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।



जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पौड़ीमाल गांव में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब ट्रैक्टर-ट्रॉली लकड़ी लेने जा रही थी।मिली जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 10:30 बजे पंचायत भवन के बहेरा टोला से बबूल की लकड़ी लेने जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली मुख्य मार्ग से कच्चे रास्ते पर उतरते समय अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसा इतना गंभीर था कि ट्रैक्टर में सवार शिव कुमार हनुमंत (उम्र लगभग 45 वर्ष), निवासी हर्रा टोला, गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वाहन पलटने के दौरान शिव कुमार ट्रॉली के नीचे दब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय डिंडौरी भेज दिया है।प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण वाहन का अनियंत्रित होना बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# 2200 करोड़ से बदलेगी शहर की तस्वीर, नगर निगम में पेश हुआ अब तक सबसे बड़ा बजट

## कांग्रेस पार्षदों ने की मूलभूत समस्याओं पर चर्चा की मांग, बैठक से पहले किया वॉकआउट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निगम इतिहास का सबसे बड़ा 21 अरब 66 करोड़ 27 लाख 7 हजार 820 रूपये का बजट पेश किया। बजट में शहर को महानगर बनाने का रोड़ मैप प्रस्तुत किया गया है। महापौर ने बताया कि अर्बन चैलेन्ज फंड के अंतर्गत 1147 करोड़ का प्रस्ताव शासन के पास प्रेषित किया गया है। इसके अंतर्गत 211 करोड़ से रानीताल तालाब के फ्रंट का विकास एवं झुग्गियों का पुनर्वास, 183 करोड़ से झुग्गियों का पुनर्वास एवं अफोर्डेवल हाउसिंग पर काम किया जायेगा। 28 करोड़ से तालाबों के फ्रंट का विकास एवं सिटी पार्क का निर्माण, 15 करोड़ से माढ़ोताल तालाब का जीर्णोद्धार, 47 करोड़ से गोकलपुर तालाब का विकास, 181 करोड़ से चंडालभाटा झुग्गि बस्ती का विकास, 5 करोड़ से गांधी स्मारक पार्क का विकास, 246 करोड़ से कम उपयोग होने वाली सार्वजनिक सम्पत्तियों का मुद्रीकरण किया जायेगा। 45 करोड़ से वॉटर सप्लाई सिस्टम को मजबूत बनाया जायेगा और 397 करोड़ से सीवर नेटवर्क का विकास किया जायेगा।

**222 करोड़ से होगा बाढ़ नियंत्रण, वॉटर हार्वेस्टिंग का कार्य**-महापौर ने बताया कि 222 करोड़ की राशि से शहर में कई प्रकार के काम किये जायेगें, इसमें 100 करोड़ से नालों का निर्माण एवं सुधार कार्य, 42.57 करोड़ से तालाबों का जीर्णोद्धार, 20 करोड़ से रैन वॉटर हार्वेस्टिंग कार्य, 25 करोड़ से वर्षा जल को रोकने के लिए सिस्टम विकसित किया जायेगा, 4 करोड़ से मोबाइल पंपिंग स्टेशन की व्यवस्था की जायेगी, 3.63 करोड़ से शहर में फ्लड अर्ली वार्निंग सिस्टम, फ्लड मैनेजमेंट प्लांट, जल प्लावन से निपटने सेल का गठन और सफाई मित्रों एवं टेकनीकल स्टॉफ को ट्रेनिंग दिलाई जायेगी।

**कांग्रेस पार्षदों ने की पेयजल संबंधित मुद्दों पर चर्चा की मांग**-सोमवार को नगर निगम की बजट बैठक के दौरान कांग्रेस पार्षदों ने वॉकआउट कर दिया। पार्षदों ने सड़क, सफाई और पेयजल जैसे मुद्दों पर चर्चा की मांग की।

मांग नहीं माने जाने पर उन्होंने सदन छोड़कर निगम परिसर में प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि बजट पेश करने से पहले कम से कम दो दिन शहर की मूलभूत समस्याओं पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से मुद्दे उठाए जा रहे हैं, लेकिन समाधान नहीं हो रहा। विपक्ष ने कहा कि शहर में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रभावित है। कई वार्डों में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। पार्षदों ने कहा कि पार्षद मद से होने वाले विकास कार्य लंबे समय से बंद हैं। इसके कारण वार्डों में जरूरी काम नहीं हो पा रहे हैं।



# भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव पर निकली विशाल शोभायात्रा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह सोमवार को भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में श्रद्धाभाव के साथ सम्मिलित हुए। गढ़ा बाज़ार में आयोजित मुख्य धार्मिक अनुष्ठान के दौरान मंत्री श्री सिंह ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान महावीर की भव्य पालकी को कंधा देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इसके पश्चात मंत्री श्री सिंह त्रिपुरी चौक पहुंचे, जहां उन्होंने भव्य रथ यात्रा में सहभागिता की और भगवान महावीर के चरणों में शीश झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्री श्री सिंह करमचंद चौक में आयोजित कार्यक्रम में कलश यात्रा में भी विशेष रूप से शामिल हुए तथा महावीर जयंती के उत्सव में शामिल होकर समस्त नागरिकों को इस महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। मंत्री श्री सिंह ने पुलिस लाइन के सड़क चौड़ीकरण को लेकर भी आश्वासन दिया है कि आगे जाकर इस सड़क को चौड़ा किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के दौरान मंत्री श्री सिंह के साथ अभय सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## खितौला में हुए विविध आयोजन



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** इसी प्रकार खितौला जैन समाज द्वारा आज भगवान महावीर जयंती के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों-महिला, पुरुष एवं बच्चों-ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया7शोभायात्रा में विशेष आकर्षण महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर अनुशासित रूप से यात्रा में सहभागिता की। महिलाओं की टोली द्वारा विशेष प्रकार का बैंड वाद्य भी प्रस्तुत किया गया, जिसने पूरे आयोजन को अलग ही पहचान दी। विभिन्न प्रकार की झांकियों ने भगवान महावीर के जीवन एवं उनके सिद्धांतों को दर्शाया, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।यात्रा के दौरान समाज के लोगों ने जगह-जगह स्वागत कर शोभायात्रा की गरिमा को और बढ़ाया। इसके पश्चात मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक एवं शांतिधारा विधि-विधान से सम्पन्न हुई। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# मंत्री राकेश सिंह ने किया सेंट्रल जेल का भ्रमण



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री आज सपरिवार नेताजी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय जेल परिसर पहुंचकर श्रीबाबाश्री के पावन सिद्धासन पर विधि विधान से दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मंत्री श्री सिंह जेल परिसर स्थित गुनाह खाना भी पहुंचे, जहां उन्होंने मां नर्मदा की भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण और आरती की और प्रदेश की सुखसमृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की। उन्होंने स्वाधीनता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की स्मृति चिह्नों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि नेताजी का त्याग और संघर्ष आज भी राष्ट्रसेवा की सबसे बड़ी प्रेरणा है। मंत्री श्री सिंह के भ्रमण के दौरान जेल के बंदियों द्वारा गठित मुक्ति स्वर आर्केस्ट्रा ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। बंदियों ने जब पूरी लय और ताल के साथ कालजयी गीत ष्मेरे देश की धरती सोना उगले की प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर उपस्थित जन राष्ट्रभक्ति के भाव से भर उठे। मंत्री श्री सिंह ने बंदियों के इस हुनर और उनके भीतर छिपी सकारात्मकता की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक चेतना और कला के माध्यम से सुधार लाना जेल प्रशासन का एक सराहनीय कदम है, जो व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम है।

# विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय बने सभापति



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भोपाल में आयोजित युवा विधायक सम्मेलन में मध्य प्रदेश सहित तीन राज्यों के 45 वर्ष से कम आयु के युवा विधायकों की सक्रिय सहभागिता, लोकतांत्रिक ऊर्जा और नए भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सम्मेलन ने न केवल युवा नेतृत्व को एक साझा मंच प्रदान किया, बल्कि विकास, सुशासन और नवाचार पर सार्थक संवाद का अवसर भी उपलब्ध कराया। इस अवसर पर मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं नेता प्रतिपक्ष की उपस्थिति सराहनीय रही। सम्मेलन के दौरान उत्तर मध्य विधानसभा जबलपुर के युवा विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय को सभापति के रूप में नियुक्त किया गया। मप्र छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान के युवा विधायकों की इस सहभागिता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश का युवा नेतृत्व न केवल वर्तमान चुनौतियों के प्रति सजग है, बल्कि भविष्य के सशक्त, समावेशी और विकासोन्मुख भारत के निर्माण के लिए भी दृढ़ संकल्पित है। ऐसे प्रयास लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होंगे।

## गांजा है क्या पूछते ही कर दिया वार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** केण्ट थाने में 23 वर्षीय आकाश भूमिया ठाकुर निवासी ग्राम भीटा टैमर ,चण्डी मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 29 मार्च की शाम वह अपनी बहन के यहाँ ग्राम पडरिया ,पनागर चौक समारोह में गया था। अगले दिन वापस आते समय अपने छोटे भाई विकास व पडोसी बिट्टू के साथ वापस सदर में यादगार चौक पहुंचा जहाँ 2 लडके स्कूटी में मिले और पीछा करते हुये चौपाटी तक आये। एक लड़के ने उनसे चलते चलते कहा की 'गांजा कहाँ मिलेगा' इसके जवाब में उन्होंने कहा की 'हमें नहीं पता' तभी स्कूटी मे पीछे बैठे लडके ने किसी धारदार चीज से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामला विवेचना में लिया है।

# अधिकारियों ने किया रामसागर तालाब का निरीक्षण

सिहोरा (स्वतंत्र मत)

जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत आने वाली गोसलपुर ग्राम पंचायत में गत दिवस जबलपुर संभाग कार्यालय से नियुक्त अधिकारियों ने रामसागर तालाब पहुंचकर जायजा लिया। मप्र सरकार के द्वारा प्रदेश में 19 मार्च से चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करने गोसलपुर स्थित रामसागर तालाब मे लोक निर्माण विभाग जबलपुर के अधीक्षण यंत्री दिनेश कौरव की टीम ने तालाब पहुंचकर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था पौराणिक अद्भुत विद्या शोध संस्थान के द्वारा जन सहभागिता से की गई साफ सफाई का अवलोकन किया एवं समिति व ग्रामीणो की प्रशंसा की। इस मौके पर



अधीक्षण यंत्री दिनेश कौरव, सचिव प्रदीप यादव, जनसेवा समिति के अध्यक्ष हेमचंद असाटी, उपयंत्री सुरेश दुबे, आरके वर्मा सहित अनेक लोग शामिल रहे।

# निर्माणाधीन जबालीपुरम कालोनी में बदमाशों ने की फायरिंग

## माढ़ोताल के ग्राम सूखा का मामला, आरोपियों की पतासाजी में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

माढ़ोताल थानातंर्गत ग्राम सूखा में निर्माणाधीन जबलीपुरम कालोनी में बीती रात दो बदमाशों ने फायरिंग कर दहशत फैला दी। बताया जा रहा है कि उक्त फायरिंग अवैध वसूली के चलते की गई है, हालांकि अब तक मामले में किसी और आरोपी का नाम सामने नहीं आया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है।

पुलिस को हीरालाल यादव उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम फुलवरिया थाना मेरवा जिला सीवान बिहार वर्तमान पता जबालीपुरम कॉलोनी सूखा न बताया कि माढ़ोताल अन्तर्गत जबालीपुरम कालोनी का निर्माण कार्य हो रहा है । वह अपने गांव के रहने वाले मार्कन्डे कुमार सिंह के साथ जबालीपुरम कालोनी में सुपरवाईजर का काम रोहित खंडेलवाल के साईड में काम करते हैं तथा वहीं आफिस के बाजू में रहते हैं । बीती रात लगभग 10-30 बजे वह एवं उसका साथी मार्कन्डे हम दोनों मेन रोड से आफिस के पीछे हो रहे निर्माणाधीन मकान के सामने नहा रहे थे, तभी फटाका फूटने जैसी आवाज आयी। उन्होंने मेन रोड तरफ जाकर देखा तो दो अज्ञात लड़के एक मोपेड में बैठे थे जो आगे लगभग 100 मीटर की दूरी पर गये और एक और फायरिंग की, आवाज आने पर जब उन्होंने जाकर देखा तो रोड पर एक खोखा और दूसरी जगह पर एक खोखा पड़ा था। दोनों अज्ञात लड़के उतावलेपन में आकर फायर कर वहां से मोपेड में भाग गये, दोनो लड़के मुंह में कपड़ा बांधे हुये थे। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## राधा बाई सचदेवा का निधन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



पनागर के गुरुनानक वार्ड निवासी स्व.चेतन दास सचदेवा की धर्मपत्नी राधा बाई सचदेवा का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। आप शंकर और नरेश सचदेवा की माता है। अंतिम संस्कार जगमोहन वार्ड पड़ाव स्थित शमशान घाट में सम्पन हुआ।

# काव्य पटल का हुआ लोकार्पण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



साहित्य मानव मन की चेतना से जुड़ा है सामाजिक समरसता और एकता में साहित्य का अप्रतिम योगदान है। समाज में वर्ग भेद को दूर कर सच्ची एकता साहित्य ही लाता है। वर्तिका संस्था द्वारा डॉ.छाया सिंह एवं शशिकला सेन के काव्य पटल लोकार्पण एवं मासिक काव्य गोष्ठी में अतिथियों ने व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक गुप्ता थे। अध्यक्षता प्रभा श्रीवास्तव बच्चन ने की। विशिष्ट अतिथि संतोष दुबे थे इस अवसर पर डॉ.विजय तिवारी किसलय, डॉ.आशा श्रीवास्तव, आशुतोष तिवारी,देव दर्शन सिंह, राजीव गुप्ता को वर्तिका विशिष्ट सम्मान से अलंकृत किया गया। संयोजक विजय नेमा अनुज ने संस्थागत कार्यक्रमों की जानकारी एवं राजेश पाठक प्रवीण ने अपने मुख्य वक्तव्य में वर्तमान परिपेक्ष में साहित्य की भूमिका पर प्रकाश डाला। संचालन संतोष नेमा, एवं आभार डॉ. मुकुल तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में काव्य गोष्ठी संपन्न हुई जिसमें सुशील श्रीवास्तव अमर सिंह वर्मा, अभय तिवारी, सुभाष जैन शलभ, छाया त्रिवेदी आदि ने प्रेम, करुणा, समर्पण, प्रकृति, संस्कृति पर आधारित एक से बढ़कर एक रचनाओं से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बच्चन श्रीवास्तव, संजय पांडे, मंजू इंगले, दिवाकर शर्मा, शेखर शर्मा आदि की उपस्थिति रही।

## अस्पताल गया परिवार, चोरों ने घर को बनाया निशाना

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अधारताल थाने में 30 वर्षीय सिकंदर खान निवासी आयशानगर ,अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि 29 मार्च की रात लगभग 8-30 वह अपने घर में ताला लगाकर विजयनगर अस्पताल गया था। जब वह सुबह वापस घर आया तब देखा की मेन गेट ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर पूरा सामान बिखरा पड़ा था। साथ ही लॉकर में रखा सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी झुमकी, एक जोड़ी टाप्स, चांदी की पायल, चैन, बच्चे की चैन, कंगन, बच्ची के कान के टाप्स, नगदी लगभग 50 हजार रूपये गायब थे। जिन्हे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया है ।

# ऋषभ हत्याकांड : पुलिस की गिरफ्त में वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी

## गढ़ा थाना क्षेत्र का मामला, प्रेम प्रसंग मामले में दिया था वारदात को अंजाम

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



गढ़ा थाना क्षेत्रातंर्गत मदनमहल चौक के समीप विगत रात्रि ऋषभ राजपूत की चाकूओं से गोदकर हत्या व उसके साथी पर हमला करने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने धर दबोचा है। जिन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। वारदात युवती के चक्कर में अंजाम दिया गया था। पुलिस ने बताया कि 28 मार्च को घमापुर हनुमान टोरिया निवासी 15 वर्षीय रितिक जोगेल ने बताया कि वह कक्षा दसवी में पढ़ता है। जिसके साथ उसका साथी ऋषभ राजपूत भी पढ़ता है। 27 मार्च को घमापुर से वह ऋषभ राजपूत, ऋषभ का दोस्त क्रिश, हर्ष, आशु, अंकित गुप्ता एवं क्रिश के 2-4 दोस्त कांचघर से बड़ी स्टेशन पंजाबी कालोनी गये थे। स्पेलेण्डर गाड़ी में ऋषभ राजपूत, अंकित गुप्ता एवं वह था। एक्सिस में क्रिश, आशु केवट, सागर नाम का लड़का था, तथा दूसरी एक्सिस में क्रिश के तीन दोस्त थे।

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि घमापुर की एक लड़की जो पहले क्रिश से बात करती थी बाद में क्रिश से बात करना बंद कर दी थी और बेदीनगर में रहने वाले यशराज पटेल से बात करने लगी थी। इसी बात पर से क्रिश एवं यशराज पटेल तथा उनके दोस्त युवराज उर्फ युवी, अंशराज उर्फ अंशु धुर्वे के बीच बुराई चल रही थी।

### फोन करके बुलाया था आरोपियों ने

उक्त मामले को लेकर यशराज ने क्रिश को फोन करके गढ़ा बुलाया था। जैसे ही क्रिश, ऋषभ, रितिक अपने अन्य साथियों के साथ मदनमहल चौक पहुंचे तो यशराज व उसके साथियों ने उन्हें घेरना शुरु कर दिया। जिसके बाद क्रिश व उसके साथी वापस मुड़कर चले गये। वहीं आरोपी यशराज पटेल, युवी उर्फ युवराज स्मिथ, अंशराज उर्फ अशु एवं उनके 2 अन्य साथियों ने ऋषभ व रितिक और उनके साथी को घेर लिया और मारपीट शुरु कर दी। जिसके बाद ऋषभ और उसके दोनों साथी जान बचाकर भागे। जिसके बाद आरोपियों ने पीछा करते हुए ऋषभ को चाकूओं से गोद दिया, वहीं रितिक के वाये पैर की जांघ में भी चाकू घोंप दिया। उक्त वारदात में ऋषभ की मौत हो गई।

### चार आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी यश राज उर्फ सोनू पटेल पिता प्रदीप पटेल उम्र 21 साल निवासी वेदी नगर गुरूद्वारे के पीछे थाना गढ़ा,अंशराज उर्फ अंशू धुर्वे पिता लखन सिंह ठाकुर उम्र 20 वर्ष निवासी आनंद कुंज केवट मोहल्ला थाना गढ़ा तथा अमन कटारिया पिता योगेश उम्र 20 वर्ष निवासी काचंघर लालमाटी टेस्टिग रोड ओमकला मंदिर घमापुर व निखिल पटेल पिता सुदामा पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी छुई खदान को हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपी यश राज से घटना मे प्रयुक्त चाकू, अंशराज से 1 चाकू एवं एक्सिस बरामद की है।

# संकल्प से समाधान जिला स्तरीय शिविर आयोजित

## संकल्प से समाधान शिविर के माध्यम से आम जनों को किया गया लाभांवित - कलेक्टर







उमरिया (स्वतंत्रमत)

केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने के लिये जिले में 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया गया। संकल्प से समाधान शिविरों के माध्यम से वंचित योजनाओं के लाभ से आम जनों को लाभांवित किया गया। उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिला मुख्यालय उमरिया स्थित मंगल भवन परिसर में आयोजित जिला स्तरीय संकल्प से समाधान शिविर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।उन्होने कहा कि प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी तक चलाए गए शिविर में घर घर जाकर आवेदन पत्र प्राप्त किए गए तथा हितग्राहियों को लाभ से लाभांवित किया गया। व्दितीय चरण 16 फरवरी से 15 मार्च तक आयोजित किया गया, इस दौरान 27 क्लस्टर पर शिविरों का आयोजन किया गया। 30 मार्च को जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया है। अभियान के तहत सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, ईमेल तथा लोक सेवा केंद्रों प्राप्त आवेदनों का भी निराकरण किया गया है। उन्होने बताया सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार उमरिया जिले में भी 14 वर्ष से लेकर 15 वर्ष तीन माह तक कि किशोंरियों को स्वास्थ्य केंद्रो के माध्यम से एचपीवी का टीका लगाया जा रहा है। सभी किशोरियां इस टीके को निश्चित रूप से लगवाएं। यह टीका पूरी तरह से सुरक्षित है। इसका कोई साईड इफेक्ट नही है तथा एचपीवी टीके को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रांतियों पर ध्यान नही दें। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

### हितग्राहियों को किया गया हितलाभ का वितरण

शिविर में विभिन्न विभागों व्दारा संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभ से हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। इस दौरान मत्स्य पालन विभाग व्दारा संचालित केसीसी योजना लाडली लक्ष्मी योजना प्रधानमंत्री स्व निधि योजना. नल कनेक्शन के तहत, नो प्रोडयूज प्रमाण पत्र के तहत, विधवा पेंशन वृध्दावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री कल्याणी पेंशन योजना, मुख्यमंत्री दिव्यांग पेंशन, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन ड्रायविंग लाइसेंस के लाभ वितरित किया गया। इसी तरह अनुग्रह सहायता योजना, पीएम आवास योजना पीएमकेएसवाय माइक्रो, ई कृषि अनुदान योजना,जनजातीय कार्य विभाग व्दारा संचालित स्वरोजगार योजना. स्वा0 विभाग व्दारा एचपीव्ही टीकाकरण कराने वाली हितग्राही, आयुष्मान कार्ड योजना कि हितग्राही को टीबी रोग से मुक्त होने हेतु फूड बास्केट तथा मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के तहत लाभांवित किया गया।

### स्टॉल के माध्यम से दी गई हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी

शिविर में विभिन्न विभागों व्दारा हितग्राही मूलक योजनाओं के स्टाल लगाए गए थे। स्टॉल के माध्यम से पशुपालन विभाग व्दारा दुग्ध समृध्दि अभियान,समुन्नत पशु प्रजनन कार्यक्रम योजना,पशु धन बीमा योजना,आचार्य विद्यासागर योजना,कृषि विभाग व्दारा प्राकृतिक खेती करने के फायदे,वैकल्पिक एवं संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक कीट एवं व्याधि प्रबंधन,धान की उन्नत खेती, स्वा0 विभाग व्दारा किशोरावस्था वृध्दि का समय शारीरिक और मानसिक बदलाव, राष्ट्रीय मानसिक स्वा0 कार्यक्रम, महिला बाल विकास विभाग व्दारा बाल विवाह रोकथाम अभियान, बेटी बचाओ, बेटी पढाओ, साइबर क्राइम का करेगे हम पर्दाफाश, सशक्त नारी सशक्त परिवार, बिजली विभाग व्दारा स्मार्ट मीटर से होने वाले फायदे, उर्जा विभाग की समाधान योजना, पीएम सूय घर मुफत बिजली योजना उद्यानिकी विभाग व्दारा पीएमएफएमई प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना कि जानकारी दी गई ।

# गवानी और चिल्हारी में हुई लाखो की चोरियां



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले इंदवार थाना अमरपुर चौकी अन्तर्गत ग्राम चिल्हारी में शुक्रवार 27 मार्च को देर शाम अज्ञात चोरों द्वारा सुने घर पाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया मिली जानकारी मुताबिक बताया गया कि बद्री साहू पिता नाथू साहू उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी ग्राम चिल्हारी थाना इंदवार जिला उमरिया का निवासी है पीड़ित बद्री साहू चिल्हारी अमलीहाई हार मे प्रधानमंत्री आवास में अपने परिवार के साथ रहता था खेती मजदूरी कर जीवन यापन करता है पीड़ित द्वारा बताया गया कि 27 मार्च दिन शुक्रवार को अमलिहाई हार से 4 बजे चिल्हारी बस्ती जवारे देखने परिवार के साथ आ गया तभी सूने घर पाकर अज्ञात चोरों ने दरवाजा में लगा ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया जब पीड़ित देर शाम घर पहुंचा तो ताला टूटा पड़ा हुआ था शोर गुल सुनकर अगल-बगल के लोग इकट्ठे हो गए पुलिस को जानकारी दी गई,पीड़ित बद्री साहू द्वारा बताया गया की ताला तोड़कर घर के अंदर रखी छोटी पेटी का कुंदा तोड़कर पेटी में रखें सोने चांदी के आभूषण सहित नगदी 9000 चोरों द्वारा चुरा ले गया गया जिसमें 4 लॉकेट सोने की, पांच रंग पायल चांदी, हाथ वाला चूड़ा 4 नग चांदी, चांदी की अंगूठी, 6 नग बिछिया कुल कीमत लगभग ?4 लाख रुपए की सामग्री चोरों द्वारा चुरा लिया गया घटना की जानकारी डायल112 को पीड़ित द्वारा दी गई तथा अमरपुर चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई सूचना मिलते ही मामले को गंभीरता से लेते हुए अमरपुर चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह दलबल सहित पहुंचकर मामले को गंभीरता से लिया और बारीकी से घटना की जांच करते हुए पंचनामा आदि कार्यवाही करते हुए अज्ञात चोरों पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है जल्द ही चोरों की तलाश पुलिस कर सकती है।

**ग्राम मुगवानी में सूने घर को बनाया निशाना** - रविवार 29 मार्च को इंदवार थाना अन्तर्गत ग्राम मुगवानी ग्राम में सूने मकान पाकर अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया है मिली जानकारी मुताबिक बताया कि जितेन्द्र चतुर्वेदी पिता स्व भगवान् दास उम्र लगभग 55 वर्ष निवासी मुगवानी सपरिवार जबलपुर में रहते प्रतीक प्राइवेट कंपनी में काम करता है,जब प्रतीक के पिता जितेंद्र चतुर्वेदी आज सुबह रविवार को घर पहुंचे आगे दरवाजा में लगा ताला खोला और अंदर गए तभी पीछे लगा गेट खुला था ताला टूटा पड़ा था जब कमरे के अंदर देखा तो अलमारी खुली थी समान इतर बितर पड़ा था पीड़ित ने इंदवार थाना प्रभारी विजय पाटले को जानकारी दे दी है मामले में पुलिस पहुंचकर घटना की जांच करेंगी पीड़ित की मानें तो बताया गया है कि सोने चांदी के आभूषण नगद 40 हजार एवं राशन अन्न गल्ला लगभग कुल 2 लाख से ज्यादा कीमत की वस्तुओं को चोर चुरा ले गए।

# पाली नगर पालिका द्वारा विझाला तालाब में तेजी से कराया जा रहा पिचिंग कार्य




उमरिया (स्वतंत्रमत)

ए.एम.आर.यू.टी (अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन 2.0) भारत सरकार द्वारा 1 अक्टूबर 2021 को शुरू किया गया एक प्रमुख शहरी विकास मिशन है। इसका उद्देश्य 2021-22 से 2025-26 तक 5 वर्षों में सभी वैधानिक शहरों में चालू नलों के माध्यम से सभी घरों में स्वच्छ जल आपूर्ति और सीवरेजध्सेप्टेज प्रबंधन सुनिश्चित करना है। सोमवार 30 मार्च को नगर पालिका परिषद पाली के वार्ड क्रमांक 4 स्थित विंझला तालाब मेंजल गंगा संवर्धन अभियान,अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत तट संरक्षण हेतु पत्थर पिचिंग कार्य प्रगति पर है। कार्य का उद्देश्य तालाब के किनारों को कटाव से सुरक्षित करना एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। कार्य स्थल पर श्रमिकों द्वारा निर्धारित तकनीकी मापदंडों के अनुसार बोल्डर पिचिंग कर तालाब को सुदृढ़ किया जा रहा है। उक्त कार्य से वर्षा जल संचयन क्षमता में वृद्धि तथा जल स्रोत का दीर्घकालिक संरक्षण सुनिश्चित होगा। सभी शहरों को आत्मनिर्भर और श्जल सुरक्षित बनाना, साथ ही 1 लाख से कम आबादी वाले शहरों में निजी जल कनेक्शन प्रदान करना। जल संरक्षण इस मिशन में जल निकायों के पुनरुद्धार, वर्षा जल संचयन और उपचारित अपशिष्ट जल के पुनरू उपयोग पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### खेर माता पुलिया के पास जमी सरपट की हुई सफाई

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** प्रदेश सरकार के आव्हान पर उमरिया जिले में प्रारंभ किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान अब जनांदोलन बनता जा रहा है। अभियान में सभी वर्गों के लोग बडी संख्या में भाग लेते हुए श्रमदान करते हुए अपना पसीना बहा रहे है, जिससे नदियों,तालाबों का अब कायाकल्प भी होने लगा है। करकेली विकासखंड के खेर माता पुलिया से विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह कि उपस्थिति में जल गंगा संवर्धन अभियान का आगाज किया गया ।

# भाजपा मंडल उमरिया, मानपुर और बिजौरी में दो दिवसीय पं दीनदयाल प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ




उमरिया (स्वतंत्रमत)

भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया के द्वारा दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान जिले के उमरिया नगर मंडल मानपुर मंडल और बिजौरी मंडल में प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण वर्ग सोमवार 30 मार्च को प्रारंभ किया गया जिसका समापन मंगलवार 31 मार्च को किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में भाजपा के संभागीय प्रभारी गौरव सिरोठिया, प्रशिक्षण के संभागीय प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष मिथलेश पयासी, जिला प्रभारी राजेंद्र पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, मानपुर क्षेत्र की विधायक सुश्री मीना सिंह,भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी सुमित गौतम महामंत्री हरीश विश्वकर्मा दीपक छतवानी, मंडल अध्यक्ष श्रीमती नीतू सिंह और मंडल अध्यक्ष मानपुर राममोल केवट मंचासीन रहे। प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में अतिथियों ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्रों के समक्ष दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उद्घाटन सत्र में भाजपा संभागीय प्रभारी गौरव सिरोठिया ने संगठन कार्य विस्तार की दृष्टि विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी कार्यकर्ताओं को एकाग्र होना होगा, हमें सीखने की मानसिकता बदलनी होंगी। आज जिन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया है, वह सिर्फ प्रशिक्षण देने वाले नहीं अपितु उसे सम्पन्न कराने वाले लोग हैं। हम एक विचार, एक लक्ष्य के लिए कार्य करने वाले कार्यकर्ता हैं। यह कार्यकर्ताओं को गढ़ने का प्रशिक्षण है। केवल भाषण से ही नहीं सीखा जाता, अपित कार्य व्यवहार से भी सीखा जाता है। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को अपने संगठन के इतिहास,संघर्षों और योगदान की भी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जनसंघ की स्थापना के समय से पार्टी की जो विचारधारा रही है, आज भी वही है। भाजपा अपने विचारधारा, राष्ट्र प्रथम की भावना के कारण ही आज विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि जब लोकसभा में मात्र दो सीटों पर पार्टी को विजय मिली थी, तब भी हमने अपने विचारों से समझौता नहीं किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने विचारों पर अडिग रहते हुए देश और समाज की सेवा करते हुए संगठन विस्तार को आगे बढ़ाया। कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम व मेहनत से भाजपा आज इतनी बड़ी पार्टी बन सकी है। भाजपा पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर चलते हुए अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति की सेवा में जुटी हुई है। प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए मानपुर क्षेत्र की विधायक सुश्री मीना सिंह ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां संबंधी विषय की जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार कई जनहितैषी और कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इन जनहितैषी और जनकल्याणकारी योजनाओं ने लोगों की जिंदगी बदलने का कार्य किया है। इन योजनाओं ने लोगों के जीवन में उल्लेखनीय बदलाव लाया है। देश तेजी से तरक्की कर रहा है। पार्टी कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी के साथ योजनाओं के परिणामों की जानकारी भी जनता तक पहुंचाकर बताएं कि भाजपा सरकारें किस प्रकार से जनता के जीवन में खुशहाली लाने का कार्य कर रही हैं।

# आंधी से बिजली के झूलते तारों में हुआ शार्ट सर्किट

कटंगी(स्वतंत्र मत)



तहसील मुख्यालय कटंगी से करीब 25 किमी. दूर ग्राम पुलपुट्टा में भीषण आगजनी की घटना हुई है। आगजनी की घटना से एक गृहस्थी पूरी तरह से जलकर राख हो गई। घटना सोमवार की दोपहर साड़े 03 बजे शाम 04 बजे के बीच की है। दरअसल, इस वक्त ग्राम पुलपुट्टा और आस-पास के एरिया में तेज आंधी चली और इसके बाद हल्की बूंदा-बादी हुई। ऐसे में बिजली के झूलते तारों में शार्ट सर्किट होने से बुखाराम सोनवाने के कच्चे मकान में तेजी से आग भड़क गई। घर में पशुचारा पैरा रखा होने की वजह से आग इतनी तेजी से भड़की कि चंद मिनट में ही सबकुछ जलकर स्वाहा हो गया। बिजली के तारों में शार्ट सर्किट होने की वजह से गांव की बिजली भी गुल हो गई। जिस कारण स्थानीय संसाधनों से भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। ग्रामीणों ने बताया कि आगजनी पर काबू पाने के लिए इमरजेंसी नंबर पर दमकल वाहन के लिए संपर्क किया गया लेकिन दूरी अधिक होने की वजह से दमकल वाहन भी सही वक्त पर घटनास्थल नहीं पहुंच पाया। पीड़ित परिवार की माने तो आगजनी से खाद्य सामग्री, कपड़े, एक मोटर साइकिल, कृषि सामग्री, कृषि यंत्र, घरेलू सामान जला है। उन्होंने आगजनी से करीब 03 लाख रुपए तक का नुकसान होने का प्रारंभिक अनुमान लगाया है। वही स्थानीय प्रशासन को आगजनी की सूचना देते हुए तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान कर राहत दिलाने की मांग की है।

# अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, पति-पत्नी घायल

कटंगी(स्वतंत्र मत)



तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम सीतापठोर से कोयलारी के बीच अज्ञात चारपहिया वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी है। सड़क हादसे के बाद चारपहिया वाहन चालक वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी घायल हुए है। जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी लाकर भर्ती करवाया गया है। मिली जानकारी अनुसार सोमवार की दोपहर करीब साड़े 12 बजे सीतापठोर से कोयलारी के बीच अज्ञात चारपहिया वाहन ने उमरी निवासी 29 वर्षीय राहुल गड़पाल की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। बाइक में उनकी धर्मपत्नी रंजिता गड़पाल उम्र 25 वर्ष भी सवार थी। राहुल अपनी धर्मपत्नी को लेकर ग्राम कोयलारी अपने ससुराल जा रहे थे। दोनों को शरीर के अलग-अलग हिस्सों में बाहरी और अंदरूनी चोट आई है। फिलहाल जिस चारपहिया वाहन ने बाइक को टक्कर मारी है उसका पता नहीं चल पाया है।

# म्यूल अकाउंट से अवैध आर्थिक गतिविधियों के संचालन पर हुआ था विवाद

## श्रीराम सेना के पदाधिकारियों ने घर में घूसकर की मारपीट

कटंगी(स्वतंत्र मत)

श्रीराम सेना संगठन के नगर अध्यक्ष विकास सूर्यवंशी, नगर मंत्री सागर पंजवानी, विशाल सूर्यवंशी और संतोष खटवानी के खिलाफ कटंगी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। नगर के सिवनी रोड़ निवासी आयुष नेवारे (श्रीराम सेना संगठन के पूर्व पदाधिकारी) की शिकायत पर पुलिस ने चारों के खिलाफ नामजद अपराध पंजीबद्ध किया है। अपराध दर्ज होने के बाद से चारों के फरार होने की जानकारी सामने आई है। दरअसल, यह पूरा मामला म्यूल अकाउंट और उससे होने वाली अवैध आर्थिक गतिविधियों के होने से जुड़ा हुआ है। आयुष नेवारे का आरोप है कि विकास सूर्यवंशी और सागर पंजवानी ने संगठन के करीब दर्जन भर से अधिक युवाओं के एचडीएफसी बैंक में म्यूल अकाउंट खुलवाकर अवैध आर्थिक गतिविधियां संचालित की है। आयुष के मुताबिक उसके भी नाम से एक खाता खुलवाया गया था और बिना उसकी जानकारी के उसका संचालन किया जा रहा था। जब उसे इस बात का पता चला तो उसने इसका पूरजोर तरीके से विरोध किया और खाते से जुड़ी बैंक पासबुक, एटीएम, नेट बैंकिग की आईडी और पासवर्ड की मांग की लेकिन उसे कुछ भी नहीं दिया गया। ऐसे में आयुष ने बैंक जाकर उसके नाम से संचालित हो रहे खाते को आवेदन देकर बंद करवा दिया। इसी बात से गुस्साएं संगठन के पदाधिकारियों ने रविवार की देर रात साड़े 11 बजे के बाद आयुष को योजनाबृद्ध तरीके से पहले घर के बाहर बुलाया और मारपीट जब आयुष जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर घर के भीतर गया तो घर में घूसकर भी मारपीट की। इस पूरी घटना के दौरान बीच बचाव के लिए आई आयुष की मां और भाई के साथ भी धक्का मुक्की और मारपीट की गई। करीब 01 घंटे तक यहां हाई-वोल्डेज ड्रामा चलते रहा। पीड़ित ने रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि डेड़ बजे थाना पहुंचकर एफआईआर दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296 (ए), 115 (2), 351 (3), 3 (5) की कार्रवाई की है।



आयुष नेवारे ने बताया कि वर्ष 2024 में विकास सूर्यवंशी और सागर पंजवानी ने उन्हें यह बताया था अखाड़े के निर्माण के लिए बाहर से बड़ी रकम आने वाली है। यह रकम किसी एक व्यक्ति के खाते में नहीं आ सकती इसलिए संगठन के सदस्यों के अलग-अलग खाते खुलवाने होगें। अखाड़े के लिए राशि आने की बात पर संगठन से जुड़े करीब दर्जन भर से अधिक युवकों के सागर पंजवानी ने एचडीएफसी बैंक में खाते खुलवाएं। खाते खुलने के बाद सागर ही अपने पास बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड और नेट बैंकिग रख लेता था। यहां तक की खातों में दर्ज मोबाइल नंबर भी सागर के पास ही होते थे। आयुष ने बताया कि एक दिन जब उन्होंने अपना मेल की जांच की तब उन्हें पता चला कि उनके नाम से खोले गए अकाउंट से बड़ी मात्रा में पैसों का लेन-देन हो रहा है तब उन्होंने सागर और विकास से बैंक की पासबुक, एटीएम और नेट बैंकिग आईडी पासवर्ड मांगा जो आयुष को नहीं दिया गया तो आयुष ने खाता बंद करवा और श्रीराम सेना संगठन से दूरी बना ली। इसी बात से विकास और सागर आयुष से नाखुश थे और उन्होंने रविवाद की रात योजनाबद्ध तरीके से आयुष के साथ मारपीट की।

इस पूरे घटनाक्रम के सामने आने के बाद पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल खड़े हो रहे है। दरअसल, आयुष के साथ होने वाली मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें देखा जा रहा है कि चार से अधिक युवा मिलकर घटना को अंजाम देने के लिए मौजूद है और सभी अश्लील गाली-गलौज कर रहे है किंतु पुलिस ने केवल 4 लोगों पर ही अपराध पंजीबद्ध किया। आयुष ने बताया कि जिनके खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया उनके अलावा ओम प्रकाश नेवारे, योगेश राहंगडाले, कृष्णा हांडे, गणेश बर्वे ने भी मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने इनके नाम एफआईआर में नहीं लिखे और ना ही नामजद आरोपियों के अलावा किसी अन्य आरोपियों के शामिल होने का जिक्र किया। जिससे पीड़ित को पुलिस की कार्रवाई पर भी संदेह है और वह पूरे मामले की पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने की तैयारी में है।

### बहन के खाते में भी जमा करवाया पैसा-

आयुष नेवारे के नाम से खोले गए खाते से सागर पंजवानी ने कई लोगों के खाते में पैसा ट्रांसफर किया है उसमें एक नाम सागर की बहन जो सीए है उसका भी शामिल है। आयुष के खाते में कई ऐसे स्रोत से नगदी रकम जमा हुई जिसका आयुष को भी बता नहीं है। जब हमने आयुष के मेल खंगाले तो कई लोगों के नाम सामने आए और ऐसी रकम के आंकड़े भी आए जो बेहद चौकानें वाले है। यह मारपीट की यह घटना एक बड़ी अवैध आर्थिक गतिविधि से जुड़ी हुई है। पुलिस अगर इस मामले में ईओडब्ल्यू का सहयोग लेकर जांच करती है तो एक बड़े नेटवर्क का खुलासा होने का अनुमान है जिसमें ब्लैक मनी को म्यूल अकाउंट के जरिए व्हाइट किया जा रहा है।

**इनका कहना है-**

मारपीट की घटना की पीड़ित ने रिर्पोट दर्ज करवाई है आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना की जा रही है।

धमेन्द्र कुसराम
थाना प्रभारी कटंगी

## भक्त के संकट दूर करते है श्री हनुमान

**मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)।** बम्हनीबंजर के बस स्टेण्ड के पास स्थित हनुमान जी मंदिर परिसर में हनुमंत कथा का आयोजन किया जा रहा है आयोजन की शुरूआत 28 मार्च से हुई है जो 1 अप्रैल तक चलेगी वहीं 2 अप्रैल को यहां हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा इस अवसर पर पूजन हवन एवं भण्डारा का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को तीसरे दिन की कथावाचक पं. योगेश कुमार शुक्ला ने बताया कि अहंकार इंसान को पत्थर बना देता है जबकि विनम्रता उस पत्थर को भी मुस्कुराना सिखा देती है। कथा व्यास आचार्य योगेश शुक्ला ने हनुमान जी की गुरु भक्ति के प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सेवा ही परम धर्म है और हनुमान जी का संपूर्ण जीवन भगवान राम की सेवा को समर्पित रहा महाराज ने वर्तमान समय में मनुष्यों को हनुमान जी से निस्वार्थ सेवा की सीख लेने का आह्वान किया।

## नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोनीत हुए धर्मेश तिवारी



**नैनपुर( स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार चलाए जा रहे संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कांग्रेस कमेटी मंडला अध्यक्ष अशोक मर्सकोले की सहमति से महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्ति की गई है। इस क्रम में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा नैनपुर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर धर्मेश तिवारी को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन को सशक्त एवं सक्रिय बनाने तथा जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। धर्मेश तिवारी के नगर अध्यक्ष नियुक्त होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में हर्ष का वातावरण है और सभी ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में नैनपुर नगर में कांग्रेस संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा जनसमस्याओं के निराकरण हेतु प्रभावी पहल की जाएगी। नव-नियुक्त नगर अध्यक्ष धर्मेश तिवारी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं सक्रियता के साथ कार्य करने की अपेक्षा वरिष्ठ कांग्रेसियो के द्वारा व्यक्त की गई है।

## राज्यपाल दौरे को लेकर आदेश

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** आगामी 1 अप्रैल को प्रस्तावित राज्यपाल के दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा कार्य विभाजन आदेश जारी किया गया है जिसमें विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं आदेश के अनुसार राज्यपाल का कार्यक्रम ग्राम कन्हारीकला तहसील बिछिया में आयोजित होना प्रस्तावित है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए मंच व्यवस्था से लेकर पशु मेला और स्वास्थ्य शिविर तक की जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। मंच स्थल की संपूर्ण व्यवस्था की मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद मण्डला को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस प्रकार पशु मेला एवं स्वास्थ्य कैंप के लिए रंजीत गुप्ता क्षेत्र संयोजक तथा अनुप नामदेव पीओ आईसीडीएस, कपिल तिवारी मनरेगा सहायक कार्यक्रम अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## संबल योजना हितग्राहियों के राहत

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के अंतर्गत 161 हितग्राहियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से कुल 3 करोड़ 32 लाख रुपये की राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। जिला श्रम पदाधिकारी कार्यालय मंडला द्वारा बताया गया कि यह राशि योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को राहत एवं सहायता स्वरूप प्रदान की गई है। इससे लाभार्थियों को आर्थिक संबल मिलेगा और उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायता होगी।

# तेज गति से भाग रहे डम्फर ने बस को मारी टक्कर ड्रायवर की हुई मौंत, दर्जनों यात्री हुए घायल

मण्डला(स्वतंत्रमत)





सोमवार का दिन हादसों का दिन बन कर रह गया जिले भर में अनेक छोटी मोटी दुर्घाटना की जानकारी सामने आई तो वहीं बड़ी दुर्घाटना होने से कई परिवारों में मातम देखा गया। जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही का कहर देखने को मिला जिसने पूरे इलाके को दहला दिया है घुघरी विकासखंड के उमरिया गांव में सोमवार की सुबह करीब 9:30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ जिसमें सवारियों से भरी बस और एक डंपर के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में लगभग 24 यात्री घायल हो गए हैं जिनमें कई की हालत गंभीर बनी हुई है प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर तेज रफ्तार में था और अचानक नियंत्रण खो बैठा जिसके चलते उसने सामने से आ रही बस को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। बस चालक को गंभीर चोटें आई और ईलाज के दौरान उसकी मौंत हो गई। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालकर तत्काल मदद पहुंचाई गई। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को घुघरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है जहां उनका इलाज जारी है डॉक्टरों के मुताबिक घायलों को सिर, हाथ-पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं कई मरीजों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है जिससे हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों के कारण भारी वाहनों खासकर डंपरों की आवाजाही तेजी से बढ़ी है, लेकिन उनकी गति और संचालन पर कोई नियंत्रण नहीं है।

***पुलिया के गड्ढे में गिरी कार***- जिले में निर्माणाधीन नेशनल हाईवे-543 एक बार फिर मौत का जाल साबित हुआ है। बीती रात मोहगांव थाना क्षेत्र के रैयगांव और इंद्रा ग्राम के बीच एक दर्दनाक हादसा हो गया जिसने निर्माण कार्य में बरती जा रही गंभीर लापरवाही को उजागर कर दिया है। सड़क के बीचों-बीच बनी रही पुलिया के लिए खोदे गए करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में एक कार अचानक जा गिरी जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार यह गड्ढा पुलिया निर्माण के लिए खोदा गया था लेकिन हैरानी की बात यह है कि उसके आसपास किसी भी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई थी। न तो कोई बैरिकेटिंग न चेतावनी बोर्ड और न ही रेडियम इंडिकेटर लगाए गए थे। सबसे बड़ी लापरवाही यह रही कि मार्ग को डायवर्ट भी नहीं किया गया था जिससे रात के अंधेरे में यह गड्ढा किसी मौत के जाल से कम नहीं था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अंधेरा होने के कारण कार चालक को सड़क के बीच बने इस खतरनाक गड्ढे का अंदाजा नहीं लग पाया और वाहन सीधे उसमें जा समाया।

***पहले भी हो चुके हैं हादसे***- इससे पहले जबलपुर मार्ग के कालपी से टिकरा टोला के बीच भी एक भीषण हादसा हुआ था जिसमें चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई थी। उस समय भी पुलिया के पास कोई सुरक्षा घेरा या चेतावनी संकेत नहीं लगाया गया था। बारिश के कारण पुलिया बह जाने के बाद भी जिम्मेदारों ने कोई सबक नहीं लिया। लगातार हो रहे हादसों और मौतों के बावजूद निर्माण एजेंसी और संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि लोगों की जान की कीमत पर काम को जल्द पूरा करने की होड़ लगी हुई है जिसमें सुरक्षा मानकों को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया है।

***लोगों में दिख रहा आक्रोश***- घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार हादसों के बावजूद न तो ठेकेदार पर कोई सख्त कार्रवाई की गई और न ही जिम्मेदार अधिकारियों ने मौके पर आकर हालात का जायजा लिया। लोगों का आरोप है कि प्रशासन और निर्माण एजेंसी कुंभकर्णी नींद में सो रहे हैं। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही निर्माण स्थल पर पुख्ता सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए तो वे सड़क जाम कर उग्र प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

***सुरक्षा मानकों की उड़ी धज्जियां***- निर्माणाधीन हाईवे पर सुरक्षा मानकों का पालन न होना सबसे बड़ा खतरा बन गया है। नियमों के अनुसार जहां भी सड़क पर खुदाई या निर्माण कार्य होता है वहां स्पष्ट चेतावनी संकेत, बैरिकेटिंग और डायवर्जन की व्यवस्था अनिवार्य होती है। लेकिन एनएच-543 के कई हिस्सों में इन नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। रात के समय स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है क्योंकि बिना किसी लाइटिंग या रिफ्लेक्टर के ऐसे गड्ढों को देख पाना लगभग नामुमकिन होता है। यही वजह है कि लगातार वाहन चालक इन हादसों का शिकार हो रहे हैं।

***प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल***- लगातार हादसों और मौतों के बावजूद अब तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी या ठेकेदार के खिलाफ ठोस कार्रवाई न होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा करता है। लोगों का कहना है कि यदि पहले ही सख्ती दिखाई जाती तो शायद आज यह हादसा नहीं होता। अब देखना यह होगा कि इस ताजा घटना के बाद प्रशासन कोई ठोस कदम उठाता है या फिर किसी और बड़ी अनहोनी का इंतजार किया जाएगा। एनएच-543 अब केवल एक निर्माणाधीन सड़क नहीं बल्कि लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है। हर नया हादसा प्रशासन को चेतावनी दे रहा है लेकिन यदि अब भी सुधार नहीं हुआ तो यह सड़क और कितनी जिंदगियां निगलेगी यह एक बड़ा सवाल बन चुका है।

# लापरवाही से दर्जनों घरों के जले उपकरण, नहीं मिली राहत

मण्डला(स्वतंत्रमत)

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राजीव कॉलोनी झंडा चौक में बिजली के वोल्टेज में आए अचानक उतार चढ़ाव ने जमकर तांडव मचा दिया। एक निर्माणाधीन मकान में काम के दौरान हुई गंभीर लापरवाही के कारण क्षेत्र के करीब दो दर्जन से अधिक घरों और दुकानों के कीमती इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर खाक हो गए। जानकारी अनुसार इस हादसे में रहवासियों को 10 लाख रुपए से अधिक की आर्थिक क्षति हुई है प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ग्राम देवदरा के राजीव कालोनी झंडा चौक के पास एक भवन में प्रथम मंजिल पर निर्माण कार्य चल रहा था। रविवार दोपहर मजदूर छत से सेंटिग की पटिया नीचे फेंक रहे थे। इसी दौरान एक पटिया सीधे नीचे से गुजर रही मुख्य विद्युत तार पर जा गिरी। भारी पटिया गिरने से शॉर्ट सर्किट हुआ। जिसके कारण पहले लो वोल्टेज और चंद सेकंडों में ही अचानक वोल्टेज बेहद हाई वोल्टेज हो गया। स्थानीय निवासी कुछ समझ पाते उसके पहले ही दर्जनों घरों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से एक के बाद एक आवाजें आने लगी और जल गए स्थानीय निवासी पंकज केशरवानी, अशोक सिंगरौले, शिव कुमार ने बताया कि इस अचानक आए बिजली के झटके को घरों में चालू हालत में रखे उपकरण बर्दाश्त नहीं कर पाए। अनिल यादव ने बताया कि पलक झपकते ही घरों और दुकानों में लगे पंखे, कूलर, टीवी, फ्रिज, लैपटॉप एसी और अन्य कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरण धूं-धूं कर जल गए और घरों से धुआं निकलने लगा। इस हादसे से करीब 25 परिवार सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं जिनका लाखों का नुकसान हुआ है। हादसे के बाद बिजली विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सुधार कार्य शुरू किया लेकिन लोगों के सामान की भारी क्षति हो चुकी थी। घटना के बाद जब पीड़ित रहवासियों ने निर्माणाधीन मकान के ठेकेदार से संपर्क करने का प्रयास किया तो वह नहीं मिला। मकान मालिक ने शुरुआत में इलेक्ट्रिशियन बुलाकर सर्वे कराने की बात कही लेकिन काफी देर तक कोई कार्रवाई न होने पर रहवासियों का आक्रोश फूट पड़ा। उत्तेजित भीड़ ने झंडा चौक मार्ग पर चक्काजाम कर दिया जिससे करीब आधे घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। माहौल गरमाता देख कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया और अंततः मकान मालिक व प्रभावितों को थाने ले जाया गया कोतवाली थाने में पुलिस की मौजूदगी में हुई चर्चा के बाद मकान मालिक ने प्रभावित रहवासियों को आश्वस्त किया है कि वह इलेक्ट्रिशियन के माध्यम से सभी घरों का सर्वे कराएंगे और हुए नुकसान की भरपाई की दिशा में उचित कदम उठाएंगे। इस आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ राजीव कॉलोनी के रहवासियों ने बताया कि क्षेत्र में कई स्थानों पर विद्युत तारों का जाल बिछा हुआ है जो घरों के बेहद करीब से गुजरते हैं। इसके कारण हमेशा हादसों का अंदेशा बना रहता है।

## कीर्तन में झूमते नाचते रहें श्याम प्रेमी

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)

श्री श्याम प्रेमी मित्र मंडल बिछिया एवं समस्त श्याम प्रेमियों द्वारा बिछिया में द्वितीय वार्षिक श्याम कीर्तन का आयोजन किया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कीर्तन के दौरान भजनों की मधुर प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे कीर्तन में भजन गायकों रूपाली जंघेला, शेफाली शाह, सुनील सत्यार्थी एवं आकाश नागवंशी द्वारा जगन्नाथ चका नैन, करके इशारों बुलाए गए रे, खाटू बुलाता रहे। वीर हनुमाना अति बलवाना, इतिहास बना दूंगा, हाथों में निशान लेकर चला रे आदि सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। जिन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे वहीं दरबार सेवा मुरली अग्रवाल जबलपुर द्वारा अद्भुत एवं आकर्षक श्याम दरबार सजाया गया। जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की आयोजन को सफल बनाने में मंडल के सभी सदस्यों एवं सहयोगकर्ताओं का विशेष योगदान रहा अंत में सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यहां पर कार्यक्रम के दौरान इत्र वर्ष एवं पुष्पवर्षा पूरे पंडाल पर होती रही। श्याम प्रेमी महिला मंडल की महिलाओ द्वारा छप्पन भोग लगाया गया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जिले भर में अनेक



कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। शाम 4 बजे नगर के हृदय स्थल उदय चौंक से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी इस दौरान झांकी ढोल नगाड़ो की गूंजो के साथ भजन कींतन भी होगा। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं सभी हनुमान मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। बता दें कि 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर जगह-जगह शोभायात्रा श्रीराम धुन, पूजन, हवन एवं भण्डारा का आयोजन किया जाएगा।

# अस्पताल में अव्यवस्था जबावदारों ने झाड़ा पल्ला, कार्यकर्ताओं में आक्रोश

मण्डला(स्वतंत्रमत)



आम आदमी पार्टी की बैठक निवास रेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई यहां पर जिलाध्यक्ष पंकज सोनी के नेतृत्व बैठक आयोजित की गई जिसमें निवास ब्लॉक से नवनियुक्त पदाधिकारियों का पार्टी की टोपी एवं गमछा पहनाकर सम्मान किया गया और पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। बैठक में जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने वर्तमान में संपूर्ण जिले एवं प्रदेश में चल रहे संगठन निर्माण की जानकारी से साथियों को अवगत कराया साथ ही आम आदमी पार्टी के जिले भर में चल रहे संपूर्ण कार्यक्रमों से अवगत कराया। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि आम आदमी पार्टी के संगठन को बढ़ाने के लिए घर-घर संपर्क अभियान करके जनसामान्य की समस्याओं को ब्लॉक एवं जिले स्तर पर हल की पहल की जाएगी। बैठक के दौरान निवास ब्लॉक के लिए सर्वसहमति से सक्रिय कार्यकर्ता सुनील कुमार वरकड़े को निवास ब्लॉक अध्यक्ष, शैलेन्द्र कुमार कुलस्ते को ब्लॉक उपाध्यक्ष, बिहारी लाल मरावी को जिला सह सचिव गंगादास धार्वे को ब्लॉक अध्यक्ष ओबीसी विंग और बबलू दास धार्वे को निवास ब्लॉक सचिव के पद हेतु नाम प्रस्तावित किया गया। बैठक के पश्चात आम आदमी पार्टी मंडला का प्रथम संकल्प जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त कराने के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवास का औचक निरीक्षण किया। जहां का नजारा अत्यंत भयावह और दर्दनाक था। बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं के बीच लाचार मरीज और उनके परिजन बदबू और गर्मी से परेशान थे। न तो अस्पताल में पीने की पानी की व्यवस्था थी और न मरीजों की दवाइयों तथा भोजन की। अस्पताल के हर टॉयलेट में मल का अंबार लगा था और सभी नलों की टोटियां टूटी हुई थीं। ड्रेसर और स्वीपर नदारद थे सिर्फ 1 ड्यूटी डॉक्टर, 1 नर्स और 1 वार्ड बॉय के भरोसे अस्पताल को छोड़कर बीएमओ साहब अपने सरकारी क्वार्टर में आराम फरमा रहे थे जो फोन लगाने पर भी 50 मीटर अस्पताल नहीं आए। इन सब अव्यवस्थाओं के बारे में जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने फोन पर सीएमएचओ को अवगत कराने पर भी जब बीएमओ अस्पताल नहीं आए तो समस्त कार्यकर्ताओं को उनको लेने उनके क्वार्टर तक जाना पड़ा। उनको अस्पताल लाने के पश्चात उन्हें भी अव्यवस्थाएं दिखाई गई जिसके बाद उन्होंने 4 दिनों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का आश्वासन दिया।

# मारपीट के मामले में समझौते पर 5 लाख के नकली नोट बना चर्चा का विषय

## शिकायत के बाद 2 लाख 20 हजार का मिला चेक

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

नगर के वार्ड क्रमांक 7 निवासी दो युवाओं के बीच गत एक वर्ष पूर्व आपस मे मार-पिटाई हो गई थी जिसकी शिकायत हरिजन थाना मंडला में दर्ज कराई गई । मामले के चलते 25 मार्च 2026 को मंडला में आपसी समझौता दोनों पक्ष के बीच हो गया। समझौते में आरोपी के द्वारा 5 लाख रूपए लिखा-पढ़ी कर नगद सम्बंधित युवक को दिया गया। कुछ समय पश्चात मंडला में ही उक्त नोटों की जांच करने पर युवक को पता चला की वह सारी नोट नकली है। जिसकी शिकायत उच्चाधिकारियों को की गई तत्पश्चात पुलिस को बुलवाया गया और नकली नोट देने बाले पर मामला बनाने बात कही गई । सम्बंधित व्यक्ति घबराहट में 2 लाख 20 हजार का चेक पुनः समझोता कर दिया गया। उक्त चेक विद्वान वकील के पास रखबाया गया और 30 मार्च को पुनः मंडला में दोनों पक्षों के बीच लेनदेन कर आसपासी समझौता के तहत 2 लाख 20 हजार रुपए का चेक दिया गया।

***बड़ा सवाल- कहा से आई इतनी बड़ी तादाद में नकली नोट***- लगातार पुलिस प्रशासन लोगों को हर एक मामले में सजगता बरतने की बात सार्वजनिक कार्यक्रमो मोबाइल, व्हाट्सएप, फेसबुक व अखबारों के माध्यम से करते आ रहा है। इसके बाद भी लोगों के होंसले इतने बुलंद हो गये है कि लाखों रूपये की नकली नोट लेकर नैनपुर से मंडला पहुंच कर लेनदेन कर रहे है। आखिर कहां से नकली नोट आई यह जांच का विषय है।

# नगर में धूमधाम से मनाई गई महावीर जयंती

नैनपुर (स्वतंत्र मत)





सकल दिगम्बर व श्वेतांबर जैन समाज नैनपुर द्वारा जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर एवं वर्तमान जिन शासन-नायक भगवान महावीर के जन्म-कल्याणक महोत्सव का आयोजन बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। महावीर जयंती पर सकल दिगम्बर व श्वेतांबर जैन समाज नैनपुर द्वारा प्रातः श्री-जी की शोभा यात्रा निकाली गई। जो स्थानीय जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची । शोभा यात्रा में समाज के सभी वर्ग के पुरूषों, महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान श्रीजी की जयकारा, भजन एवं आरती से सम्पूर्ण वातावरण जैन धर्ममय हो गया। मंदिर जी में श्रीजी का सामूहिक जलाभिषेक एवं आरती का कार्यक्रम रखा गया तत्पश्चात दोपहर में समाज के युवा-वर्ग द्वारा वाहन रैली निकाली गई। साथ ही महावीर जयंती के उपलक्ष्य में जैन समाज द्वारा शासकीय व निजी अस्पताल पहुंच मरीजों को फल वितरण किया गया। रात्रि काल में संगीतमय भव्य महा-आरती, भजन-संध्या एवं सांस्कृतिक-कार्यक्रम रखा गया जिसमें सभी लोगों ने बढ.-चढ.कर हिस्सा लिया। उपरोक्त समस्त कार्यक्रमों को सानन्द सम्पन्न करवाने में समाज के वरिष्ठ जन सर्वश्री पूरनचंद जैन जैन रत्न का विशेष मार्गदर्शन रहा। सभी धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सफल संचालन मे समाज व समिति के सभी सदस्यो का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

संपादकीय

## कैसे समाप्त होगा युद्ध?

एक बुनियादी सवाल और गहरी चिंता यह है कि ईरान युद्ध कैसे समाप्त होगा? अमरीका-इजरायल के हवाई हमलों ने ईरान को 'कब्रिस्तान-सा' बना दिया है। ईरान ने भी इजरायल की राजधानी तेल अवीव को 'खंडहर' में तब्दील कर दिया है। धार्मिक शहर येरुशलम भी छलनी हुआ है। इजरायल की 12,000 से अधिक इमारतें या तो क्षतिग्रस्त हुई हैं अथवा जमींदोज होकर 'मिट्टी-मलबा' हो चुकी हैं। अब लगता है कि ईरान या तो खुद मिट्टी हो जाएगा अथवा इजरायल का अस्तित्व भी मिटा कर रहेगा! दोनों देशों में 'चरम' की स्थिति है। कोई भी रात 'कयामत की रात' साबित हो सकती है। ईरान ने खाड़ी देशों की सम्पन्नता के प्रतीक तेल ठिकानों, क्षेत्रों और रिफाइनरियों को जलाकर खाक कर दिया है। उन देशों ने उत्पादन या तो बंद कर दिए हैं अथवा बहुत कम करने पड़े हैं। हवाई अड्डे तबाह, बर्बाद कर दिए गए हैं। पर्यटन को लेकर 60 करोड़ डॉलर प्रतिदिन का नुकसान झेलना पड़ रहा है। खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्था 12-15 फीसदी गिर चुकी है। डॉलर बुरी तरह पिट रहा है, नतीजतन अमरीकी अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हुई है। अमरीका को अभी तक करीब 17 अरब डॉलर युद्ध पर खर्च करने पड़े हैं, लिहाजा वहां भी असंतोष और आक्रोश है। ईरान लगभग तबाह, ध्वस्त हो चुका है। उसके 56 शीर्ष नेताओं की हत्या की जा चुकी है। उनमें 'सुप्रीम लीडर' खामेनेई और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख लारिजानी भी शामिल हैं। अब इजरायल ने नए 'सुप्रीम लीडर' मुज्तबा खामेनेई का भी 'डेथ वारंट' जारी कर दिया है। ईरान के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश, विदेश मंत्री और संसद के स्पीकर आदि को भी 'टारगेट' में ले लिया गया है। ईरान की ऐतिहासिक इमारतें, रिहायशी घर और 200 से अधिक अस्पताल 'मिट्टी-मलबा' हो चुके हैं। करीब 1500 लोग मारे जा चुके हैं और 12,000 से अधिक घायल हैं। करीब 32 लाख लोग बेघर हो चुके हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा है कि यदि युद्ध जून तक जारी रहा, तो करीब 4.5 करोड़ लोग भुखमरी का सामना करेंगे। तेल-संकट के कारण ऐसा होगा। इनके बावजूद ईरान में पुरानी हुकूमत कायम है, उसके परमाणु कार्यक्रम पहाड़ों के भीतर 400 मीटर की गहराई में बदस्तूर जारी हैं, समुद्र के नीचे ईरान का 'मिसाइल शहर' अब भी जिंदा है और वहां से मिसाइल हमले कर दुश्मन को क्षत-विक्षत किया जा रहा है। ईरान का दावा है कि उसने 200 से अधिक अमरीकी सैनिकों को मारा है, करीब 3000 घायल हैं, करीब 150 मिसाइल लॉन्चर ध्वस्त किए हैं और डिफेंस, रडार सिस्टम विनष्ट किए हैं। अमरीकी सैन्य अहंकार के प्रतीक 'जेराल्ड फोर्ड' और 'लिंकन' जैसे विमानवाहक युद्धपोतों को अमरीका लौटना पड़ा है। राष्ट्रपति ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे जॉन बोल्टन का कहना है कि ट्रंप ईरान युद्ध में बुरी तरह फंस गए हैं। युद्ध उनके लिए 'गले की फांस' बन चुका है। युद्ध से बाहर निकलने का रास्ता दिख नहीं रहा है। विडंबना है कि ट्रंप इजरायल की लड़ाई लड़ने को बाध्य हैं। ट्रंप के प्रशासनिक ढांचे में ही अंतर्विरोध उभरने लगे हैं। 'राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी विभाग' के निदेशक जो केंट ने यह कहते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है कि ईरान से अमरीका को कोई तात्कालिक खतरा नहीं था, लिहाजा यह युद्ध समझ के परे है। नाटो और यूरोपीय देशों ने भी राष्ट्रपति ट्रंप को ठेंगा दिखाते हुए युद्ध में शामिल होने या होर्मुज में जहाज भेजने से इंकार कर दिया है। यह इंकार ट्रंप के अहंकार को खारिज करता है। बहरहाल जिस युद्ध से भारत, जापान, चीन समेत विश्व के 85 देश प्रभावित हो रहे हैं, उस युद्ध का समापन कैसे होगा? यह सवाल सभी के लिए अनुत्तरित है।

# बीमा सुरक्षा का माध्यम बने, न कि मुनाफे का जाल


ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

बीमा का मूल उद्देश्य जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान करना है। यह व्यवस्था व्यक्ति को बीमारी, दुर्घटना या अन्य संकटों के समय आर्थिक सहारा देती है। परंतु आज के दौर में यह व्यवस्था अपने मूल उद्देश्य से भटकती हुई दिखाई दे रही है। विशेषकर स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में जो जटिलताएं, अपारदर्शिता और मनमानी देखने को मिल रही है, उसने आमजन के विश्वास को गहरी चोट पहुंचाई है। बीमा, जो सुरक्षा का माध्यम होना चाहिए था, वह कई बार शोषण का उपकरण बनता जा रहा है। वर्तमान समय में चिकित्सा सेवाओं की लागत अत्यधिक बढ़ चुकी है। निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च लाखों में पहुंच जाता है। सरकार के द्वारा रियायती मूल्यों पर उपलब्ध कराई भूमि पर बने अस्पताल आज गरीबों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य बीमा एक आवश्यक सुरक्षा कवच के रूप में उभरता है। बीमा कंपनियां भी इसी भय और भविष्य की अनिश्चितता का उपयोग कर लोगों को पॉलिसी खरीदने के लिए प्रेरित करती हैं। लेकिन वास्तविक समस्या तब सामने आती है जब बीमा धारक को उसकी जरूरत होती है। दावों के निपटान के समय कंपनियां अनेक तकनीकी कारणों, शर्तों और अपवादों का हवाला देकर भुगतान से बचने का प्रयास करती हैं।

विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावे हर वर्ष खारिज कर दिए जाते हैं। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि बीमा प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। अक्सर देखा गया है कि पॉलिसी लेते समय ग्राहकों को शर्तों की पूरी जानकारी नहीं दी जाती। जटिल भाषा में लिखे गए नियम और शर्तें आम व्यक्ति की समझ से बाहर होती हैं। परिणामस्वरूप, जब दावा प्रस्तुत किया जाता है, तो उन्हीं शर्तों को आधार बनाकर भुगतान रोक दिया जाता है। इस समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच संभावित गठजोड़ भी है। कई मामलों में अस्पताल अत्यधिक बिलिंग करते हैं और बीमा कंपनियां कम भुगतान करती हैं, जिससे मरीज को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। यह स्थिति विशेष रूप से मध्यम और निम्न वर्ग के लोगों के लिए अत्यंत पीड़ादायक होती है। कई बार तो ऐसी घटनाएं भी सामने आती हैं, जहां अस्पताल बकाया राशि के कारण मरीज के शव को तक रोक लेते हैं, जो मानवीय संवेदनाओं के विरुद्ध है।




यदि हम विकसित देशों की तुलना करें, तो वहां बीमा प्रणाली अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी है। दावों का निपटान समयबद्ध और न्यायसंगत तरीके से किया जाता है। भारत में भी भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) जैसे नियामक संस्थान मौजूद हैं, जिनका उद्देश्य बीमा क्षेत्र को नियंत्रित और संतुलित करना है। लेकिन व्यावहारिक स्तर पर इनकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठते रहे हैं। नियामक तंत्र की निष्क्रियता या सीमित हस्तक्षेप के कारण बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस स्थिति में सुधार के लिए सबसे पहले बीमा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना आवश्यक है। पॉलिसी दस्तावेजों को आम भाषा में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि एक सामान्य व्यक्ति भी उसकी शर्तों को समझ सके। इसके साथ ही, बीमा एजेंटों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए कि वे ग्राहकों को पूरी और सही जानकारी दें। गलत जानकारी देकर पॉलिसी बेचने पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

दूसरा महत्वपूर्ण कदम है- दावा निपटान प्रक्रिया का सरलीकरण। बीमा दावों के लिए एक मानकीकृत और समयबद्ध प्रक्रिया लागू की जानी चाहिए। यदि कोई दावा खारिज किया जाता है, तो उसके स्पष्ट और उचित कारण बताए जाएं। इसके लिए एक स्वतंत्र अपीलीय तंत्र भी होना चाहिए, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज कर सके और उसे त्वरित न्याय मिल सके। तीसरा, अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच पारदर्शिता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उपचार की लागत को नियंत्रित करने के लिए एक मानक दर प्रणाली लागू की जा सकती है। इससे अनावश्यक बिलिंग और वित्तीय शोषण पर रोक लगेगी। साथ ही, कैशलेस उपचार की सुविधा को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाया जाना चाहिए ताकि मरीज को तत्काल आर्थिक राहत मिल सके। चौथा, सरकार को इस क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। एक राष्ट्रीय स्तर की निगरानी प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए, जो बीमा कंपनियों और अस्पतालों की गतिविधियों पर नजर रखे। समय-समय पर ऑडिट और जांच के माध्यम से अनियमितताओं को उजागर किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पांचवां, बीमा साक्षरता को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बीमा की शर्तों, अधिकारों और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। विशेष रूप से गरीब और अशिक्षित वर्ग के लिए सरल मार्गदर्शिका और सहायता केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। निश्चित तौर पर बीमा व्यवसाय को केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखा जाना चाहिए। जब तक इस क्षेत्र में नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक आमजन का विश्वास बहाल नहीं हो सकता। आज आवश्यकता इस बात की है कि बीमा प्रणाली को पुनर्गठित कर उसे जनहितकारी बनाया जाए। सरल प्रक्रियाएं, स्पष्ट नियम, सशक्त नियामक तंत्र और जागरूक उपभोक्ता-ये चार स्तंभ ही बीमा क्षेत्र को उसकी वास्तविक दिशा में ले जा सकते हैं। यदि समय रहते इन सुधारों को लागू नहीं किया गया, तो बीमा का यह महत्वपूर्ण साधन आम आदमी के लिए सुरक्षा के बजाय संकट का कारण बना रहेगा।

चिकित्सा और बीमा-दोनों ही ऐसे क्षेत्र हैं जो मूलत: मानव जीवन की सुरक्षा, राहत और सेवा से जुड़े हुए माने जाते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि आज ये दोनों क्षेत्र आमजन के लिए सबसे अधिक जटिल, महंगे और अविश्वसनीय होते जा रहे हैं। एक ओर रियायती जमीन पर बने निजी अस्पताल गरीबों को मुफ्त इलाज देने के अपने दायित्व से बचते नजर आते हैं, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य बीमा के नाम पर बीमा कंपनियां ऐसी शर्तें और प्रक्रियाएं थोप देती हैं कि जरूरत के समय मरीज को बीमा का लाभ मिलना कठिन हो जाता है। यह स्थिति केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि संवेदनहीन व्यवस्था का प्रतीक बनती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली के रियायती जमीन पर बने अस्पतालों को नोटिस जारी करना केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि व्यवस्था को आईना दिखाने जैसा है। जब अस्पताल रियायती जमीन लेते समय गरीबों के इलाज का वायदा करते हैं, तो वह केवल कागजी औपचारिकता नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व होता है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि लाभ तो निजी अस्पताल उठा रहे हैं और दायित्व निभाने से बच रहे हैं। यही स्थिति बीमा क्षेत्र में भी दिखाई देती है, जहां पॉलिसी बेचते समय बड़े-बड़े वायदे किए जाते हैं, लेकिन क्लेम के समय छोटी-छोटी तकनीकी वजहों से दावे खारिज कर दिए जाते हैं।

आम आदमी सालों तक प्रीमियम भरता रहता है, लेकिन जरूरत के समय उसे राहत नहीं मिलती। इस स्थिति में सुप्रीम कोर्ट की सक्रियता एक सकारात्मक संकेत है। जिस प्रकार अदालत ने अस्पतालों से जवाब मांगा है, उसी प्रकार बीमा कंपनियों की कार्यप्रणाली पर भी सख्त निगरानी और स्पष्ट नियम बनने चाहिए, ताकि बीमा वास्तव में सुरक्षा का माध्यम बने, न कि मुनाफे का जाल। सरकारों की जिम्मेदारी केवल नीतियां बनाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनके क्रियान्वयन की सख्त निगरानी भी होनी चाहिए। यदि रियायती जमीन लेने वाले अस्पताल गरीबों का मुफ्त इलाज नहीं करते तो उनसे जमीन का बाजार मूल्य वसूला जाना चाहिए या उनकी मान्यता पर पुनर्विचार होना चाहिए। इसी तरह बीमा कंपनियों को भी क्लेम प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनानी चाहिए। स्वास्थ्य और बीमा दोनों ही आम आदमी की जीवन सुरक्षा से जुड़े विषय हैं, इसलिए इनमें मुनाफाखोरी की मानसिकता पर नियंत्रण आवश्यक है। यदि सरकार, न्यायपालिका और नियामक संस्थाएं मिलकर सख्ती और पारदर्शिता सुनिश्चित करें, तो चिकित्सा और बीमा दोनों क्षेत्रों में आमजन का विश्वास फिर से स्थापित हो सकता है। अन्यथा सेवा के ये क्षेत्र केवल व्यवसाय बनकर रह जाएंगे और गरीब आदमी इलाज और बीमा दोनों के बीच पिसता रहेगा।

# नेपाल की नई सियासत


आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

नेपाल की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला है। बालेन्द्र शाह के प्रधानमंत्री बनते ही नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली, पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक और पूर्व ऊर्जा मंत्री तथा नेपाली कांग्रेस के नेता दीपक खड़का को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की गिरफ्तारी के बाद विरोध-प्रदर्शन भी हुए हैं। इन पर आरोप है कि पिछले साल जेन-जी आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में 77 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके लिए वे जिम्मेदार हैं। बालेन्द्र शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान वादा किया था कि जेन-जी आंदोलन के दौरान हुई मौतों के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होगी। पूर्व ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का की गिरफ्तारी भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू किए गएअभियान के तहत की गई है। दीपक खड़का पर आरोप है कि उन्होंने सरकारी या सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा किया। जेन-जी विरोध-प्रदर्शनों के दौरान उनके घर से भारी मात्रा में नकदी और जले हुए नोटमिले थे। भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच दीपक खड़का के बिजनेस साम्राज्य की चर्चा पहले से ही होती रही है।

गिरफ्तारियों का सिलसिला एक विशेष आयोग की सिफारिशों को लागू करने के बाद शुरू हुआ है। यह आयोग पूर्व जज गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता में बनाया गया था। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में ओली, रमेश लेखक और तत्कालीन पुलिस प्रमुख चन्द्र कुबेर खापुंग पर केस चलाने की सिफारिश की है। जिन धाराओं के तहत केस बनाया गया है उनमें दोषी पाए जाने पर अधिकतम 10 साल की सजा हो सकती है। इन गिरफ्तारियों के चलते राजनीतिक तनाव पैदा हो गया है। के.पी. शर्मा ओली और उनकी पार्टी ने इसे बदले की राजनीति करार दिया है। जबकि नेपाली कांग्रेस ने चुप्पी साध ली है। अब महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या यह गिरफ्तारियां इंसाफ के लिए हैं या यह प्रतिशोध की राजनीति है। ये गिरफ्तारियां नेपाल के युवा लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक परीक्षा का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो इस बात का संकेत देती हैं कि यहां तक कि पूर्व प्रधानमंत्रियों और मंत्रियों को भी विरोध-प्रदर्शनों के दौरान मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए जवाबदेह ठहराया जा सकता है, जो देश की अशांत राजनीति में एक दुर्लभ घटना है।

बालेन्द्र शाह की नई सरकार के लिए, यह जेनरेशन जेड शहीदों के लिए न्याय के अपने प्रमुख चुनावी वादे को पूरा करता है जिससे उन युवाओं के बीच उसकी छवि मजबूत होती है जिन्होंने उसे भारी बहुमत से जीत दिलाई। हालांकि इससे ध्रुवीकरण और गहराने का खतरा है। यूएमएल के सड़क प्रदर्शन और संसद में नियोजित विरोध-प्रदर्शन चुनाव के बाद के नाजुक माहौल को अस्थिर कर सकते हैं और टकराव को जन्म दे सकते हैं। नेपाली कांग्रेस का सतर्क रुख संभावित अतिचार के खिलाफ व्यापक विपक्षी एकता में तब्दील हो सकता है। दीर्घकालिक और सफल अभियोजन से कानून का शासन मजबूत हो सकता है और भविष्य में होने वाली दमनकारी कार्रवाइयों को रोका जा सकता है लेकिन विफलता या पक्षपातपूर्ण रवैया जनता के विश्वास को कम कर सकता है और प्रतिशोध की राजनीति से जुड़ी साजिश की थ्यौरी को हवा दे सकता है। आर्थिक और सामाजिक रूप से लंबे समय तक अस्थिरता निवेशकों के विश्वास और चल रहे सुधारों को प्रभावित कर सकती है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर यह जवाबदेही के प्रति नेपाल की प्रतिबद्धता को उजागर करता है लेकिन न्यायिक स्वतंत्रता पर सवाल खड़े करता है।

चारों ओर जमीन से घिरे इस हिमालयी देश में दशकों से राजनीतिक अस्थिरता व्याप्त है। 1990 के बाद 32 सरकारें सत्ता में आ चुकी हैं और उनमें से कोई भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई है। राजशाही के खात्मे के बाद नेपाल में गणतंत्र स्थापित हुआ लेकिन वह भी राजनीतिक स्थिरता लाने में विफल रहा, तब से सरकार में 15 बार बदलाव हो चुके हैं। सत्ता पूर्व माओवादी विद्रोही दल, उदारवादी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) और नेपाली कांग्रेस के बीच घूमती रही है। खंडित राजनीति के कारण व्यापक जन उदासीनता फैल गई जिससे यह आम धारणा मजबूत हुई कि नेपाल का भ्रष्ट राजनीतिक वर्ग दुनिया के सबसे गरीब लोगों में से एक आम नागरिकों की दुर्दशा की परवाह नहीं करता है। पिछले वर्ष सितम्बर में भ्रष्टाचार विराधी जेन-जी आंदोलन ने जबरदस्त विरोध-प्रदर्शन किए और आंदोलन इतना उग्र हुआ कि नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया गया। उसके बाद हुए संसदीय चुनावों में बालेन्द्र शाह के नेतृत्व वाली आरएसपी को अपने बल पर प्रचंड बहुमत प्राप्त हुआ और सरकार बन गई।

प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के सामने कई चुनौतियां हैं। उनके सामने कर्जों की अदायगी, महंगाई और बेरोजगारी की बड़ी चुनौती है। यद्यपि ओली की गिरफ्तारी चीन के लिए एक बड़ा झटका मानी जा रही है। विश्लेषक इसे भारत के हित में मान सकते हैं, क्योंकि ओली के शासनकाल में नेपाल और भारत के संबंध बहुत कड़वे रहे। बालेन्द्र शाह को चीन और भारत में भी संतुलन कायम करके चलना होगा तो वहीं नौकरशाही को व्यवस्थित, कानून के शासन को सुनिश्चित और न्यायपालिका के मजबूत ढांचे को स्थापित करना होगा। नेपाली युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करना भी जरूरी है। खाड़ी युद्ध के चलते नेपाल में तेल और ऊर्जा की किल्लत भी बहुत बड़ी विपत्ति है। अगर उन्होंने मामलों को सही ढंग से सम्भाला और राजनीतिक स्थिरता कायम रही तो नेपाल प्रगति के पथ पर बढ़ेगा। अगर उनसे जरा सी भी चूक हुई तो व्यापक अशांति फैल सकती है। भारत नेपाल में लोकतांत्रिक सरकार का प्रबल समर्थक है लेकिन बदले की राजनीति नहीं होनी चाहिए। क्योंकि नेपाल में पूर्व में सरकारें बदलती रहीं लेकिन प्रतिशोध की राजनीति शुरू नहीं हुई इसलिए बालेन्द्र शाह को सतर्कता से काम लेना होगा।

# किराये का दुख

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

व्यंग्य



कंचनपुर गांव के चतुर सुजान घपलेराम ने जब इस बार प्रधानी का चुनाव लड़ा, तो उन्होंने गांव की सबसे बड़ी और प्राकृतिक समस्या को अपना हथियार बनाया-समय का अभाव। घपलेराम का तर्क था कि आज का ग्रामीण इतना व्यस्त है कि उसके पास अपने रिश्तेदारों की मृत्यु पर रोने या बीमार पड़ोसी का हाल चाल पूछने तक का समय नहीं है। उन्होंने अपने घोषणापत्र में वादा किया कि जीतते ही वे गांव में इमोशनल आउटसोर्सिंग केंद्र खोलेंगे। यदि आपके घर में कोई गमी हो जाए और आपको दफ्तर जाना हो, तो सरकार की ओर से प्रोफेशनल रोदली भेजी जाएगी जो आपके हिस्से का विलाप ससुरारी धुन में करेगी। गांव के लोग, जो सामाजिक लोकलाज और काम के बोझ के बीच पिसे जा रहे थे, अचानक इस किराये की संवेदना वाले विचार पर ऐसे रीझे कि उन्हें घपलेराम साक्षात कलयुग के श्रवण कुमार लगने लगे।

प्रचार के अंतिम चरण में घपलेराम ने गांव की चौपाल पर एक आँसू-बैंक स्थापित किया। यह वास्तव में एक पुराना वाटर कूलर था जिस पर उन्होंने संवेदना संग्राहक लिखवा दिया था। उन्होंने गांव वालों को पट्टी पढ़ाई कि जो भी व्यक्ति उन्हें वोट देने की प्रतिज्ञा करेगा, उसके जीवन के सारे सामाजिक कर्तव्य यह मशीन स्वचालित रूप से निभा देगी। विपक्षी उम्मीदवार सीधे सादे राम खड़ंजे और हैंडपंप की बात कर रहे थे, लेकिन जनता को तो उस भविष्य की चिंता थी जहाँ उन्हें किसी की तेहरवीं में बैठकर झूठी उदासी नहीं दिखानी पड़ेगी। घपलेराम ने कुछ भाड़े के कलाकारों को बुलाकर गांव में एक मॉक विलाप करवाया, जिसे देखकर ग्रामीणों को लगा कि अब उनकी आत्मा का बोझ हल्का हो गया है। लोग अपनी मेहनत की कमाई घपलेराम के चरणों में अर्पित करने लगे ताकि उनका सामाजिक जीवन ऑटो-पायलट मोड पर आ सके।

जिस दिन चुनाव का परिणाम आया और घपलेराम की प्रचंड जीत हुई, पूरा गांव अपने संवेदना कूपन लेने उनके घर पहुँचा। लोग चाहते थे कि अगले हफ्ते होने वाली एक शादी और दो मुंडनों के लिए घपलेराम अपने प्रोफेशनल प्रतिनिधि भेजें। घपलेराम अपनी नई सफारी गाड़ी से उतरे और सबके हाथ में एक-एक पत्थर थमाते हुए बोले- भाइयों, संवेदनाएं आउटसोर्स नहीं होतीं, सिर्फ बेची जाती हैं! जनता हक्की-बक्की रह गई, हुजूर, हमारे उन प्रोफेशनल रोने वालों का क्या हुआ? घपलेराम ने चश्मा ठीक किया और ठहाका मारकर बोले, मूर्खों! रोने वाले तो तुम खुद हो जो अगले पांच साल तक अपनी इस बेवकूफी पर मातम मनाओगे। मैंने तो तुम्हारी भावनाओं का सौदा करके शहर में अपना इवेंट मैनेजमेंट का दफ्तर खोल लिया है। अब इन पत्थरों को अपने सीने पर रखो और खुद के भाग्य पर रोना शुरू करो। जनता सन्न खड़ी उस सूखे वाटर कूलर को देख रही थी और घपलेराम इमोशनल बिजनेस की धूल उड़ाते हुए शहर की ओर उड़नछू हो गए।

# वैश्विक संकट के दौर में वैश्विक पर्यटन उद्योग

**वर्तमान दौर में दुनिया के चौधरी बने देशों को यह समझ लेना चाहिए कि अब वह जमाना गया जब हफ्ते दो हफ्ते में युद्ध का फैसला हो जाया करता था। आज छोटा से छोटा देश भी युद्ध को लंबा खींचने की कुब्बत रखता है। इसे हम रुस यूक्रेन युद्ध से अच्छी तरह से समझ सकते हैं।**

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के साइड इफेक्ट के रुप में दुनिया का पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। एक मोटे अनुमान के अनुसार 152 करोड़ पर्यटकों से गुलजार रहने वाला वैश्विक पर्यटन उद्योग के वैश्विक हालातों के चलते वर्तमान हालातों में मंदी से भी अतिमंदी के दौर से गुजरने की संभावना से नहीं नकारा जा सकता। वैसे तो सभी देशों में पर्यटन उद्योग पर विपरीत असर पड़ने जा रहा है पर सबसे अधिक असर मध्यपूर्व के देशों में देखा जा सकता है। जानकारों के अनुसार अकेले मध्यपूर्व को ही 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान भुगतना पड़ सकता है। दुनिया में सबसे अधिक पर्यटक फ्रांस की धरती पर जाते है और माना जाता है कि 9 से 10 करोड़ पर्यटक तो फ्रांस का रुख करते हैं। जहां तक भारत का प्रश्न है हमारे यहां भी लगभग 2 करोड़ विदेशी पर्यटक देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का रुख करते हैं। पर युद्ध के वैश्विक हालातों के चलते विश्व के अन्य देशों की तरह से भारत के भी विदेशी पर्यटकों की आवाही पर विपरीत प्रभाव पड़ना ही है। एक सकारात्मक पक्ष यह देखा जा सकता है कि भारत और दुनिया के देशों में देशी पर्यटकों की संख्या में उछाल के चलते इस उद्योग को संजीवनी अवश्य मिलती लगती है।

वर्तमान दौर में दुनिया के चौधरी बने देशों को यह समझ लेना चाहिए कि अब वह जमाना गया जब हफ्ते दो हफ्ते में युद्ध का फैसला हो जाया करता था। आज छोटा से छोटा देश भी युद्ध को लंबा खींचने की कुब्बत रखता है। इसे हम रुस यूक्रेन युद्ध से अच्छी तरह से समझ सकते हैं। अमेरिका ने भी जब ईरान पर आक्रमण किया तो ट्रंप का कायास यही था कि दो चार दिन में ईरान के घुटने टिकवा देंगे पर ट्रंप और नेतन्याहू के सारे



कयास धरे के धरे रह गए और इनके चक्कर में दुनिया अस्थिरता और वैश्विक संकट में और आ गई। आज हालात यह हो गए हैं कि युद्ध तो आप शुरु कर सकते हो पर युद्ध शुरु होने के बाद कब बंद होगा यह आपके हाथ में नहीं रहेगा। युद्ध के चलते अब हालात ऐसे हो गए है कि चाह कर भी पर्यटक घूमने का रुख नहीं कर पा रहे हैं। केवल और केवल ट्रंप के दादागिरी पूर्ण रवैये के चलते दुनिया की देशों की जीडीपी में करीब 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी निभाने वाला पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। होटल और ट्रेवल उद्योग से जुड़ी एजेंसियां के सामने बड़ा संकट आ गया है तो दुनिया के देशों और संस्कृतियों से जुड़ने और समझ कर एक दूसरे के नजदीक आने की जो पहल पर्यटन उद्योग के चलते हुई थी उस पर लगभग विराम के से हालात होते जा रहे हैं। 10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक का पर्यटन उद्योग आज संकट के दौर में आ गया है। उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो थाईलैंड की अर्थव्यवस्था में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी पर्यटन उद्योग की है और वह लगातार दूसरे साल गंभीर संकट के दौर में आ गई है। जैसे तैसे पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हजार डॉलर प्रतिदिन के लग्जरी कमरों की कीमत घटकर 300 डॉलर तक कर देने के बाद भी पर्यटक रुख नहीं कर रहे हैं। हालात विकट से विकटतर होते जा रहे हैं।

दरअसल वैश्विक हालातों के चलते एक और उड़ाने रद्द होती जा रही है तो युद्ध के चलते लोगों में असुरक्षा की भावना होती जा रही है। पता नहीं कब कहां क्या हो जाए और कहीं जाएं वहीं पर बंद होकर के रह जाएं। इस तरह की आशंकाओं से भी दो चार हो रहे हैं। मध्यपूर्व के देशों में तो लगभग यही हालात है। कब किस देश और किस स्थान पर मिसाइल अटैक हो जाएं कहा नहीं जा सकता। क्योंकि अमेरिका-इजरायल व ईरान युद्ध की खास नकारात्मक बात यह है कि इन दो देशों पर मिसाइल अटैक नहीं हो रहे बल्कि इनसे थोड़ी सी भी सहानुभूति रखने वाले देष कब निशाने पर आ जाएं कहा नहीं जा सकता। मध्यपूर्व में मिसाइल अटैक और हार्मुज जलडमरुमध्य के हालात इसके उदाहरण है। हालात तो यहां तक खराब होने की संभावना से इंकार नहीं करते कि मध्यपूर्व के देषों में तो पानी का गंभीर संकट तो हो सकता है। आज कच्चा तेल, एलपीजी की ही समस्या नहीं अपितु दुनिया को जोड़ने वाले इंटरनेट के बाधित होने की संभावनाओं से नकारा नहीं जा सकता। लगता है एक दूसरे के अहम् के चलते आमआदमी कहीं हाशिये में चला गया है। युद्ध के सामान्य नियम भी ताक में रख दिए गए हैं और आमनागरिकों, बच्चों, अस्पतालों, घनी आबादी इलाकों में भी मिसाइल दागने से कोई परहेज नहीं रह गया है।

कोरोना के दौरान जिस तरह से पर्यटन उद्योग प्रभावित हुआ था आज उसी तरह के हालात बनते दिख रहे हैं। कोरोना के बाद पिछले सालों में पर्यटन उद्योग ने तेजी पकड़ी थी और लगने लगा था कि 2030 तक पर्यटन उद्योग को जबरदस्त बूस्ट मिलेगा पर अब हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं और लगता नहीं है कि आने वाले दिनों में कोई सुधार दिखाई देगा। हांलाकि एक सकारात्मक पक्ष यह देखा जा सकता है कि भारत सहित विश्व के देशों में देशी पर्यटन को अवष्य बढावा मिलने लगा है। लोग अपने ही देश में आसपास के स्थानों को एक्सप्लोर करने लगे हैं। खैर वर्तमान हालात पर्यटन उद्योग के लिए बेहद चुनौती भरे हो गए हैं और सामान्य हालात होने के अभी तो दूर दूर तक आसार ही नहीं दिख रहे हैं।



# किम जोंग की ट्रंप को सीधी धमकी, मिसाइल की रेंज में पूरा अमेरिका

सोल

मिडिल ईस्ट में जारी अमेरिका, इसराइल और ईरान के भीषण युद्ध के बीच दुनिया के दूसरे छोर पर उत्तर कोरिया ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन कर वैश्विक चिंताएं बढ़ा दी है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंगुन की सीधी निगरानी में एक नए और अत्यंत शक्तिशाली सॉलिड फ्यूल इंजन का सफल जमीनी परीक्षण किया गया। उत्तर कोरिया के इस कदम को सीधे तौर पर अमेरिका की मुख्य भूमि पर परमाणु हमला करने की क्षमता हासिल करने की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज़ एजेंसी के अनुसार परीक्षण के दौरान किम जोंग उन ने अमेरिका और इसराइल पर तीखा हमला बोला। ईरान पर जारी सैनिक कार्यवाही को लेकर उन्होंने अमेरिका को सरकारी आतंकवाद का केंद्र करार दिया। किम ने अपने संबोधन में कहा कि अमेरिका की नीतियां दुनिया को अस्थिर कर रही हैं और उत्तर कोरिया अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। जानकार मानते हैं कि किम जोंगुन ईरान के साथ जारी संघर्ष का फायदा उठाकर अपनी परमाणु महत्वाकांक्षाओं को अंतिम रूप देना चाहते हैं। उत्तर कोरिया द्वारा परीक्षण किया गया यह नया इंजन उसकी मिसाइल तकनीकी में एक बहुत बड़ी छलांग है। तकनीकी विवरणों के अनुसार इस सॉलिड फ्यूल इंजन ने ढाई हजार किटन का थ्रस्ट पैदा किया है जो पिछले सितंबर में किए गए परीक्षण से कहीं यादा शक्तिशाली है।

विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस इंजन की मदद से उत्तर कोरिया अब ऐसे इंटरकॉन्टिनेंटल बैलस्टिक मिसाइलें बना सकता है जो भारी परमाणु हथियार लेकर सीधे वाशिंगटन या न्यूयॉर्क तक वार कर सके। तरल ईंधन वाली मिसाइलों के विपरीत ठोस ईंधन वाली मिसाइलों को लॉन्च करने के लिए कम समय की आवश्यकता होती है। इसीलिए उत्तर कोरिया ने यह सफल परीक्षण किया है। इन्हें पहले से तैयार करके रखा जा सकता है और अचानक दागा भी जा सकता है। जिसे अमेरिका के मिसाइल डिफेंस सिस्टम के लिए इन्हें ट्रैक करना और नष्ट करना लगभग असंभव हो जाता है। यह परीक्षण उत्तर कोरिया के उस 5 साल के सैन्य विकास कार्यक्रम का हिस्सा है जिसकी घोषणा 2021 में की गई थी इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपने परमाणु क्षमता को अपरिवर्तनीय बनाना और ऐसी तकनीक विकसित करना है जिससे एक ही मिसाइल कई अलग-अलग ठिकानों पर परमाणु वॉर हेड गिरा सके। केसीएनए ने सुरक्षाकर कारणों से इस परीक्षण के सटीक स्थान और समय का खुलासा नहीं किया है। लेकिन यह स्पष्ट कर दिया है कि यह इंजन भविष्य की नई पीढ़ी की सामरिक मिसाइलों का आधार बनेगा।

# खर्ग द्वीप समेत ईरान के तेल भंडारों पर कब्जा कर सकते हैं : ट्रंप

वाशिंगटन,(वार्ता)

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान और इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष में तनाव बढ़ने के साथ ही अमेरिका ईरान के तेल भंडारों पर कब्जा कर सकता है, जिसमें प्रमुख निर्यात केंद्र खर्ग द्वीप भी शामिल है। फाइनेंशियल टाइम्स को दिए एक साक्षात्कार में श्री ट्रंप ने कहा कि समझौते और युद्ध का उनका इरादा ईरान के तेल संसाधनों पर नियंत्रण हासिल करना होगा, जिसकी तुलना उन्होंने इस साल की शुरुआत में वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई से की।

श्री ट्रंप ने कहा, सच कहूँ तो, मेरी सबसे पसंदीदा योजना ईरान से तेल छीनना है, लेकिन अमेरिका में कुछ बेवकूफ लोग कहते हैं- आप ऐसा क्यों कर रहे हैं? लेकिन वे बेवकूफ ही हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि वाशिंगटन खर्ग द्वीप पर नियंत्रण कर सकता है, जिससे होकर ईरान के कचे तेल का अधिकांश निर्यात होता है और कहा कि यह विकल्प अभी भी विचाराधीन है। उन्होंने कहा, हो सकता है हम खर्ग द्वीप पर कब्जा कर लें हो सकता है न करें। हमारे पास कई विकल्प हैं... इसका मतलब यह भी होगा कि हमें कुछ समय के लिए खर्ग द्वीप पर रहना होगा।

जब श्री ट्रंप से द्वीप पर ईरानी रक्षा व्यवस्था के बारे में पूछा गया तो उन्होंने दावा किया कि उन्होंने ईरान की सेना और नौसेना को पूरी तरह



नष्ट कर दिया है और कहा, मुझे नहीं लगता कि उनके पास कोई रक्षा व्यवस्था है। हम इसे बहुत आसानी से अपने कब्जे में ले सकते हैं। लेकिन श्री ट्रंप की हालिया टिप्पणी कि वह तेल पर कब्जा करना चाहते हैं से बाजारों में कोई हलचल नहीं मची है और ब्रेंट क्रूड की कीमतें फिर से बढ़ गई हैं। ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब पेंटागन इस क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है। मरीन और 82वीं एयरबोर्न डिवीजन की इकाइयों सहित हजारों अमेरिकी सैनिकों को इस क्षेत्र में तैनात किया गया है। बढ़ते संघर्ष ने वैश्विक तेल की कीमतों को भी तेजी से बढ़ा दिया है और आगे तनाव बढ़ने की आशंकाओं के बीच ब्रेंट क्रूड की कीमत 116 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई है। सऊदी अरब में अमेरिकी हवाई अड्डे पर हुए हमले सहित सैन्य तनाव बढ़ गया है, जिसमें अमेरिकी सैनिक घायल हुए और सैन्य उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। इस बीच, यमन में हाउथी विद्रोहियों ने युद्ध में प्रवेश कर लिया है, जिससे मौजूदा संघर्ष में एक नया चरण शुरू हो गया है और उन्होंने इज़राइल की ओर मिसाइलें दागी हैं, जिससे एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध की आशंका बढ़ गई है। आक्रामक बयानबाजी के बावजूद श्री ट्रंप ने संकेत दिया कि अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान सहित मध्यस्थों के माध्यम से अप्रत्यक्ष वार्ता जारी है। होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल टैंकरों के गुजरने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, उन्होंने हमें 10 की अनुमति दी थी। अब वे 20 की अनुमति दे रहे हैं और 20 टैंकर पहले ही अपना काम शुरू कर चुके हैं और जलडमरूमध्य के ठीक बीच से गुजर रहे हैं। श्री ट्रंप ने यह भी दावा किया कि कई वरिष्ठ नेताओं की मृत्यु के बाद ईरान में प्रभावी रूप से सत्ता परिवर्तन हो गया है, हालांकि ईरानी अधिकारियों ने इस दावे का खंडन करते हुए कहा कि ईरान की राजनीतिक संरचना अभी भी बरकरार और मजबूत है। उन्होंने ईरान के नेतृत्व के साथ संभावित समझौते को लेकर भी विश्वास जताया- मुझे लगता है कि हम उनके साथ समझौता कर लेंगे, मुझे पूरा यकीन है... लेकिन सत्ता परिवर्तन हो चुका है। श्री ट्रंप ने आगे कहा कि सैन्य अभियान जारी हैं, हमारे पास लगभग 3,000 लक्ष्य बचे हैं, हमने 13,000 लक्ष्यों पर बमबारी की है, और कुछ हजार लक्ष्य अभी बाकी हैं... समझौता काफी जल्दी हो सकता है।

## क्यूबा जल्द ही अमेरिका का अगला लक्ष्य होगा : ट्रंप

वॉशिंगटन,(वार्ता)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बिना विस्तृत विवरण दिए दावा किया है कि क्यूबा कुछ समय बाद अमेरिका का अगला लक्ष्य होगा।

अमेरिकी नेता ने पत्रकारों से कहा, क्यूबा में सब कुछ अस्त-व्यस्त है, यह एक विफल हो रहा देश है, और वह उनका अगला निशाना है। बहुत कम समय के भीतर ही वह विफल होने वाला है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने जनवरी के अंत में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे जो अमेरिका को उन देशों के सामानों पर आयात शुल्क लगाने की अनुमति देता है, जो क्यूबा को तेल बेचते या आपूर्ति करते हैं।

रूसी राजदूत विक्टर कोरोनेली ने हवाना में फरवरी की शुरुआत में बताया था कि वेनेजुएला से तेल की आपूर्ति बंद होने के बाद द्वीप में लंबे समय से चली आ रही ईंधन की कमी और भी बदतर हो गई है।

# हम अपने साथ आधी दुनिया को लेकर डूबेंगे पाकिस्तान ने खुलेआम अमेरिका-इजरायल को धमकाया

इस्लामाबाद

पाकिस्तान की तरफ से कुछ ऐसे स्टेटमेंट्स दिए जा रहे हैं जो भारत के लिहाज से भी अहम है। अमेरिका के लिहाज से भी अहम है। और जिस तरीके से कई देशों के बीच में युद्ध चल रहा है उसमें पाकिस्तान ने जिस तरीके से अपना स्टेटमेंट जारी किया है वो बताता है कि बहुत जल्दी कोई बड़ा युद्ध एक बार फिर से हो सकता है। मसलन अब्दुल बासिद का बयान काफी सुर्खियों में रहा था। वो कह रहे हैं कि अगर हमारी रडार पर अमेरिका नहीं आ पाएगा तो हमारे पास मुंबई और दिल्ली है। फिर भारत में लगातार तैयारियां की जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी मुख्यमंत्री से बैठक कर रहे हैं। अजीत डोभाल अलग से मीटिंग कर रही हैं। तो अलग-अलग मंदिरों के दर्शन सेना प्रमुख करते हुए नजर आ रही हैं और इन सबके बीच अब एक स्टेटमेंट पाकिस्तान की तरफ से दिया गया है और वो ये कि अगर हमारे साथ कुछ हुआ या हम अगर किसी युद्ध में कूदते हैं तो फिर हम आधी दुनिया को लेकर डूबेंगे। यह इशारा दिया गया है। पाकिस्तान में आईएसआई के लोग हैं और कट्टरपंथी संगठन के लोग हैं, मौलाना हैं और ईरान का राजदूत है जो पाकिस्तान में है। वो मौलाना साहब कह रहे हैं कि हमारे लड़ाके ईरान की तरफ से लड़ने के लिए तैयार हैं। किसी कट्टरपंथी मौलाना का यह कहना बहुत महत्वपूर्ण नहीं है कि ईरान की तरफ से लड़ने के लिए हम तैयार हैं। लेकिन पाकिस्तानी सेना की मौजूदगी और आईएसआई चीफ का वहां पर होना उस बैठक में ये महत्वपूर्ण है। एक ग्लोबल टेरर लिस्ट जारी हुआ है अमेरिका की तरफ से जिसमें पाकिस्तान को नंबर वन बताया गया है कि आतंक फैलाने में नंबर वन देश है। आमतौर पे अमेरिकी अपने साथियों साथी देश के बारे में ऐसा नहीं लिखते हम और अब तक लिखे के लिए बिल्कुल और उसमें स्पेसिफिकली लिखा गया है कि भारत को नुकसान पहुंचाना चाहता है पाकिस्तान। डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह से खिल्ली उड़ाई है एक पत्रकार ने पूछा कि भाई नेगोशिएशन के लिए आपने पाकिस्तान को क्यों चुना? तो डोनाल्ड ट्रंप कहते हैं आई लाइक टू हैंग अराउंड विद लूजर्स। और मुझे लूजर्स बहुत पसंद है क्योंकि मुझे अछा लगता है। मुझे सक्सेसफुल लोग पसंद नहीं है। तो इनडायरेक्टली पब्लिकली इंसल्ट किया जा रहा है। अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबर्ड कह रही हैं कि पाकिस्तान ऐसी बैलस्टिक मिसाइल बनाने की कोशिश कर रहा है जो कि अमेरिका तक पहुंच सकता है। इसे हम नहीं होने देंगे और इसके बाद एक पहले की खबर है कि अमेरिका ने तीन उनकी कंपनियों पर बैन लगाया है। यह सब कुछ हो रहा है ईरान वार शुरू होने के बाद। उससे पहले तो ट्रंप खूब तारीफ कर रहे थे। पाकिस्तानियों को लग रहा है कि अब हम अमेरिकियों के अगले शिकार हो सकते हैं। तो अब हमारी बजाने वाला है और इसलिए धमकी भरे स्वर निकल रहे हैं जिसमें सबसे पहले अब्दुल बासिद ने कहा और फिर एक मौलाना ने बैठक में आईएसआई के चीफ भी मौजूद थे। पाकिस्तान आर्मी भी मौजूद थी।



# पानी की तलाश में काले हिरण का पलायन जारी

प्रयागराज, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के मेजा क्षेत्र में स्थित जंगलों से काले हिरण (ब्लैक बक) पानी की तलाश में मध्य प्रदेश की ओर पलायन कर रहे हैं। यह स्थिति मेजा तहसील के चांद खमरिया और महुली इलाके में देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार इस पठारी क्षेत्र में संरक्षित और विलुप्तप्राय काले हिरणों की संख्या काफी अधिक है। तीन वर्ष पूर्व हुई गणना के मुताबिक यहां 500 से अधिक काले हिरण मौजूद थे। बताया जा रहा है कि जल स्रोत के लिए बनाए गए हौज में पानी की आपूर्ति करने वाला सोलर पंप कुछ दिन पहले चोरी हो गया, जिसके चलते क्षेत्र में पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। पानी की कमी के कारण हिरणों के झुंड मध्य प्रदेश की ओर बढ़ने लगे हैं और फिलहाल उन्हें लपरी नदी तथा आसपास के गांवों में देखा जा रहा है। यह क्षेत्र प्रयागराज शहर से लगभग 45 से 60 किलोमीटर दूर ट्रांस-यमुना बेल्ट में स्थित है, जिसे वन विभाग ने ब्लैक बक कंजर्वेशन रिजर्व के रूप में विकसित किया है। करीब 300 एकड़ में फैले इस क्षेत्र के विकास पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं।

वन विभाग द्वारा यहां ग्रासलैंड, वॉच टावर, तालाब, सड़कें और अन्य सुविधाएं विकसित की गई हैं, लेकिन वर्तमान में पानी की कमी के कारण सैकड़ों हिरण प्रभावित हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार अभयारण्य में लगा सबमर्सिबल पंप और सोलर पंप व केबल चोरी हो जाने के बाद से पानी की आपूर्ति बाधित है।

# लुप्तप्राय औषधीय पौधों को बचाने के लिए किसानों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक

सोलन (वार्ता)

हिमाचल प्रदेश वन विभाग के सहयोग से डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय (यूएचएफ) नौणी में एक बैठक आयोजित की, जिसमें किसानों की भागीदारी के माध्यम से संकटग्रस्त और लुप्तप्राय औषधीय और सुगंधित पौधों (एमएपी) को बचाने के मुद्दे पर चर्चा की गयी।

वन उत्पाद विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वैज्ञानिक, शोधकर्ता, वन अधिकारी और प्रगतिशील किसान एक साथ आए, ताकि हिमाचल में औषधीय और सुगंधित पौधों के संरक्षण, खेती और सतत उपयोग पर विचार-विमर्श किया जा सके।

सभा को संबोधित करते हुए, वन बल प्रमुख एवं जिका वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक, डॉ. संजय सूद ने राय में औषधीय पौधों की खेती की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने उन प्रजातियों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिनका वैज्ञानिक और आर्थिक महत्व अधिक है, और हितधारकों की आवश्यकताओं के अनुरूप अनुसंधान कार्यक्रमों का आह्वान किया। उन्होंने एमएपी के प्राकृतिक आवासों पर जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव की ओर भी इशारा किया और जागरूकता पैदा करने तथा संरक्षण प्रयासों में शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा कि औषधीय खेती में ग्रामीण आजीविका और अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने की प्रबल क्षमता है।

इस दौरान यूएचएफ के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने कहा कि औषधीय पौधों में किसानों की आय को काफ़ी हद तक बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने की क्षमता है। उन्होंने विभागों और किसानों के बीच व्यवस्थित सहयोग का आह्वान किया, ताकि संकटग्रस्त और लुप्तप्राय प्रजातियों को प्राथमिकता दी जा सके। ज़मीन की कमी को देखते हुए, उन्होंने सघन खेती, मिश्रित खेती और प्राकृतिक खेती के तरीकों को अपनाने की वकालत की। साथ ही उन्होंने गुणवत्ता सुनिश्चित करने के मज़बूत तंत्र और आपूर्ति श्रृंखला के विकास पर भी ज़ोर दिया।

इससे पहले, वानिकी महाविद्यालय के डीन डॉ. सी.एल. ठाकुर ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में औषधीय पौधों के महत्व को रेखांकित किया। वन उत्पाद विभाग के प्रमुख डॉ. यशपाल शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय वर्तमान में 32 औषधीय और सुगंधित पौधों की प्रजातियों पर काम कर रहा है, और इनमें से कई के लिए कृषि-तकनीकों तथा नर्सरी तैयार करने की विधियों को मानकीकृत कर चुका है। एचएफआरआई शिमला के डॉ. संदीप शर्मा और जिका वानिकी परियोजना के विपणन प्रबंधक डॉ. राजेश चौहान ने तकनीकी प्रस्तुतियाँ दीं, जिसमें उन्होंने चल रही पहलों और एमएपी (औषधीय और सुगंधित पौधे) की खेती को बढ़ावा देने में हर्बल सेल की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# मुख्यमंत्री योगी ने अभिभावकों और विद्यार्थियों के नाम लिखा पत्र


लखनऊ, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर प्रदेश के विद्यार्थियों और अभिभावकों के नाम एक प्रेरणा दायक पत्र जारी किया है। योगी की पाती शीर्षक से जारी इस संदेश में उन्होंने बचों को उवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा, संस्कार और समग्र विकास पर विशेष जोर दिया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि नया शैक्षणिक सत्र नई उम्मीदों और अवसरों के साथ शुरू हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और विद्यालय की अन्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। प्रत्येक बचे को गुणवत्तापूर्ण और संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच प्राथमिकता है। अपने संदेश में भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बचों को कर्तव्यनिष्ठ और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। मुख्यमंत्री ने बचों को तकनीक का सही उपयोग करने, स्क्रीन टाइम कम करने और खेलकूद व योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही सफलता की कुंजी हैं। अभिभावकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अपील की कि वे अपने बचों की शिक्षा के साथ-साथ आसपास के उन बचों को भी स्कूल तक पहुंचाने का संकल्प लें, जो किसी कारणवश शिक्षा से वंचित हैं। सरकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव में कई बचे विद्यालय नहीं जा पाते, ऐसे में समाज को आगे आकर जागरूकता फैलानी चाहिए।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन


# पेड्डी के लिये राम चरण ने आठ महीने तक हर दिन की कड़ी मेहनत

दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगास्टार रामचरण ने फिल्म पेड्डी के लिये आठ महीने तक हर दिन कड़ी मेहनत की है। पेड्डी 2026 की सबसे यादा अवेटेड फिल्मों में से एक बनकर उभरी है, जिसमें ग्लोबल स्टार राम चरण लीड रोल में हैं। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और जगपति बाबू भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। जब से इस फिल्म का अनाउंसमेंट हुआ है, फैंस और इंडस्ट्री के बीच इसे लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। मेकर्स ने हाल ही में पेड्डी पहलवान की झलक दिखाई है, जिसमें राम चरण का कुश्ती के लिए गजब का ट्रांस्फॉर्मेशन दिखा है, और यह वाकई इंडस्ट्री के सबसे बेहतरीन ट्रांस्फॉर्मेशन्स में से एक है। जहां हम राम चरण को एकदम अलग फिजीक में देख रहे हैं, वहीं निर्देशक बुची बाबू सना ने उनके इस सफर के बारे में बताया है। बुची बाबू सना ने रामचरण के इस नए लुक के पीछे की ट्रेनिंग के बारे में डिटेल में बताया। उन्होंने कहा, रामचरण ने बहुत मेहनत की है, एक पहलवान जैसी बॉडी पाने के लिए लगभग आठ महीने तक हर दिन ट्रेनिंग की। उनका अनुशासन सिर्फ ट्रेनिंग तक ही सीमित नहीं था, अयप्पा दीक्षा के दौरान उन्होंने मांसाहारी खाने से भी पूरी तरह दूरी बनाए रखी। बुची बाबू सना ने बताया, हर पहलवान ट्रेनिंग के लिए मुग्दर का इस्तेमाल करता है। पेड्डी में उनके किरदार का गदा के साथ एक गहरा जुड़ाव है, जिसे वे अपने वर्कआउट के हिस्से के रूप में इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने इसके साथ जमकर ट्रेनिंग की है, और फाइट सीक्वेंसेस में भी इसका इस्तेमाल मिट्टी और पारंपरिक कुश्ती के सेटअप के साथ दिखाया गया है। बुची बाबू सना द्वारा लिखित और निर्देशित पेड्डी ,वेंकट सतीश किलारु द्वारा उनके बैनर वृद्धि सिनेमाज के तहत और मशहूर प्रोडक्शन हाउस माइथ्री मूवी मेकर्स के सहयोग से प्रोड्यूस की गई है। यह फिल्म 30 अप्रैल, 2026 को रिलीज होने वाली है।



# कुब्रा सैत की सलाह : सोशल मीडिया के दबाव में मत आइए, खुद को अपनाइए

बॉलीवुड अभिनेत्री कुब्रा सैत ने हाल ही में सोशल मीडिया पर दिखने वाले परफेक्ट बॉडी स्टैंडर्ड्स पर अपनी बात रखते हुए बताया है कि किस तरह से सोशल मीडिया का दखल व्यक्तिगत जीवन में बढ़ गया है।




कुब्रा ने लोगों को सलाह भी दी है कि इन चीजों के लिए सोशल मीडिया को दोष देने के बजाय खुद के अंदर झांकना चाहिए।कुब्रा सैत ने कहा, असली समस्या सोशल मीडिया नहीं, बल्कि हमारी अपनी असुरक्षाएं हैं। अगर इंसान का आत्मविश्वास मजबूत हो, तो बाहर की चीजें उसे यादा प्रभावित नहीं कर सकती। इसके अलावा उन्होंने अपनी बात करते बताया कि वे खुद को फिट रखने पर ध्यान देती हैं, लेकिन किसी तरह के बदलाव का सहारा नहीं लेतीं। हालांकि, वह यह भी मानती हैं कि हर किसी की अपनी पसंद होती है और ऐसे में हर किसी को चाहिए कि वे दूसरों को जज न करें। कुब्रा सैत ने कहा, हर किसी की अपनी जर्नी होती है, अपनी पसंद होती है, इसलिए दूसरों को जज करने या उनसे खुद की तुलना करने की बजाय अपनी लाइफ और अपने सफर पर ध्यान दें। कुब्रा सैत ने यह भी बताया कि मेहनत और अनुशासन उनके लिए बहुत जरूरी रहे हैं। हालांकि मुंबई आना उनके लिए एक बड़ा टर्निंग पॉइंट था, जिससे उन्हें अपने सपनों को पूरा करने का मौका मिला। फिलहाल अपनी मेहनत और लगन से इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना चुकी कुब्रा का कहना है कि उन्हें अपने काम से उम्मीद से यादा मिला है और इसके लिए वह बेहद शुक्रगुजार हैं।

# धुरंधर द रिवेंज' में यामी गौतम का नाम 'शाज़िया बानो' क्यों? सुपर्ण एस वर्मा ने खोला राज



फिल्मकार सुपर्ण एस वर्मा के लिए धुरंधर द रिवेंज में यामी गौतम का कैमियो सिर्फ एक झलक नहीं, बल्कि एक छोटा सा सरप्राइज पैकेट निकला। फिल्म धुरंधर द रिवेंज वैसे ही अपने ट्विस्ट्स के लिए चर्चा में है, लेकिन दर्शकों की नजर खास तौर पर उस छोटे से सीन पर टिक गई, जहां यामी गौतम एक नर्स के किरदार में दिखती हैं। और असली चर्चा का मुद्दा बना उनका नाम शाज़िया बानो।इस मजे़दार किस्से को शेयर करते हुए सुपर्ण वर्मा ने कहा, आदित्य धर ने उनकी फिल्म हक़ का कट देखा था। देखने के बाद उन्होंने मुझसे कहा कि उन्होंने एक सरप्राइज शूट किया है। मैंने पूछा क्या, तो उन्होंने कहा, धुरंधर के आखिरी सीन में है। मैंने दोबारा पूछा, क्या है? तो उन्होंने कहा, यामी का किरदार। मैंने फिर पूछा, क्या किरदार तो वो बोले, अंदाज़ा लगाओ, एक नेमप्लेट! यह सुनकर मैं हंस पड़ा। मैंने मज़ाक में कहा, क्या वो नर्स बनकर मामा का रोल प्ले कर रही हैं? इस पर वो खूब हंसे और बोले, उसका नाम है शाज़िया बानो। सुपर्ण वर्मा ने कहा,उसी पल उन्हें एहसास हुआ कि दोनों के बीच काम को लेकर एक खास जुड़ाव है। हम सच में एक-दूसरे के काम की कद्र करते हैं। ये एक बहुत प्यारा और दिल से किया गया जेस्चर था। शायद यामी की मेहनत और हक़ में उनके 'शाज़िया बानो' वाले किरदार के लिए।

# फिल्म स्वयंभू की प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए सालों तक रिसर्च की गई है : निर्देशक



निर्देशक भरत कृष्णमाचारी का कहना है कि फिल्म स्वयंभू एक सची कहानी पर आधारित है और इसकी प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए सालों तक रिसर्च की गई है। फिल्म स्वयंभू में कार्तिकेय 2 फेम निखिल सिद्धार्थ लीड रोल में हैं, सबसे यादा इंतज़ार की जाने वाली फिल्मों में से एक है।निर्देशक भरत कृष्णमाचारी ने कहा कि फिल्म स्वयंभू एक सची कहानी पर आधारित है और इसकी प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए सालों तक रिसर्च की गई है। उन्होंने बताया , स्वयंभू एक सची घटना पर आधारित है, जिसे हमने सिनेमाई फॉर्मेट में ढालने के लिए कहानी में थोड़े बदलाव किए हैं। हालांकि, हमारा मकसद हमेशा से एक ऐसी कहानी पेश करना रहा है जो हकीकत के जितना मुमकिन हो सके करीब हो। हमने कई सालों तक काफी रिसर्च की है ताकि हम फिल्म में दिखाए गए ऐतिहासिक तथ्यों के प्रति ईमानदार रह सकें। निर्देशक ने बताया कि यह फिल्म प्राचीन भारत के एक ऐसे नायक के सफर को सामने लाती है, जिसके योगदान ने भारत को एक समृद्ध सांस्कृतिक और व्यापारिक केंद्र बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, एक बार जब आप फिल्म देखेंगे, तो आपको उस राजा, साम्राय और उस दुनिया का अंदाजा हो जाएगा जिसमें यह कहानी रची गई है। हालांकि, हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती हमारे नायक के सफर को दिखाना था, जो कोई राजा नहीं था। मेरी राय में, वह हमारे अब तक के सबसे बेहतरीन योद्धाओं और युद्ध रणनीतिकारों में से एक है, फिर भी बहुत से लोग उसके बारे में बात नहीं करते हैं। मेरी फिल्म एक तरह से प्राचीन भारत के इस नायक की ऑरिजिन स्टोरी है, जिसने भारत को एक बड़ा सांस्कृतिक और व्यापारिक केंद्र बनाने में बहुत बड़ा योगदान दिया था।

# श्री विष्णु महायज्ञ एवं रामचरित मानस सम्मेलन में बह रही भक्तिरस की गंगा

## कुसंगति से दूर रहे युवा पीढ़ी - विपिन बिहारी महाराज





गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

क्षेत्र के चीचली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम इमलिया ( कल्याणपुर ) में श्री रामाश्रित सत्संग सभा के तत्वावधान में जारी 57 वे श्री विष्णु महायज्ञ एवं रामचरित मानस सम्मेलन मे भक्ति रस की गंगा बह रही है। यज्ञ के आयोजन से गांव का पूरा माहौल भगवान की भक्ति में लीन दिखाई दे रहा है । प्रतिदिन बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण इलाकों से अनेक क्षेत्रीय श्रद्धालु यज्ञ शाला की परिक्रमा लगाने एवं प्रवचनों को सुनने ग्राम इमलिया पहुँच रहे है। उल्लेखनीय है कि 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले इस यज्ञ में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे एवं रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक प्रवचन कार्यक्रम होते है। रविवार को प्रवचन में विपिन बिहारी जी महाराज ने अपने ठेठ देहाती बुंदेली भाषा में कहा कि दो चीज अपने वाले ही देते हैं दाग एवं दगा। हमें अच्छे लोगों से संगति करना चाहिए एवं बुरी संगत वालों से कोसों दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव जीवन 84 करोड़ योनियों के बाद प्राप्त होता है। अतः इसको ऐसे ही नई गवां देना चाहिए बल्कि बार-बार ईश्वर का स्मरण एवं भजन करना चाहिए। साथ ही अपने माता-पिता एवं सास ससुर का सम्मान करना चाहिए। हमें सदैव जीवन उपार्जन श्रम एवं मेहनत ईमानदारी के धन से करना चाहिए। हमारी प्रकृति नियंत्रक है वह सदैव संतुलन बनाकर रखती है। जैसा हम कर्म करेंगे वह लौटकर पुनः अपने पास आएगा। उन्होंने रामचरितमानस के सीता स्वयंवर प्रसंग की मार्मिक चर्चा की। साथ ही वर्तमान में युवा पीढ़ी को अपने कर्तव्य पद पर अग्रसर होने की सीख दी। उन्होंने युवाओं को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें व्यसनो से दूर रहना चाहिए। यज्ञ में आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने क्षेत्रीय जनों से उपस्थिति की अपील की है

# शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर राज्य शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)** ।टीईटी परीक्षा एवं अन्य विन्दुओं को लेकर आज शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक गाडरवारा में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन वरिष्ठ साथी प्राचार्य शासकीय उ मा विद्यालय गाडरवारा सुशील शर्मा की अध्यक्षता एवं आर पी महिलांग, नगेन्द्र त्रिपाठी, संजय सोनी, राजेश दुबे, संजीव श्रीवास्तव, अजय शर्मा,महेश बैष्णव, लक्ष्मीकांत कौरव, दौलत पटैल विश्वनाथ शर्मा की उपस्थिति में आयोजित की गयी, वीणापाणी के पूजनोपरांत राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष नगेन्द्र त्रिपाठी जो हाल ही में टीईटी परीक्षा के विरोध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली गये थे ने विस्तार से न्यायालय की प्रक्रिया, अधिवक्ता एवं संघ द्वारा न्यायालय के साथ शासन, प्रशासन के माध्यम से चल रहे प्रयासों की सम्पूर्ण जानकारी दी उन्होंने बताया कि यह केस केवल मध्यप्रदेश के शिक्षकों का नहीं है वरन सम्पूर्ण भारतवर्ष के शिक्षक के लिए प्रतिष्ठा का विंदु बना हुआ है और सभी राज्य अपने अपने स्तर से लगे हुए हैं, श्री त्रिपाठी ने आगे बताया कि शिक्षकों को व्यक्तिगत केस लगाने की आवश्यकता नहीं संगठन केस लडेगें और हम सब जीतेंगे,माननीय अधिवक्ता जो संघ का केस लड रहे हैं उनके बारे शिक्षक योगेन्द्र झारिया ने विस्तार से बतलाया, बैठक को सभी मंचासीन सदस्यों ने संबोधित करते हुए शिक्षक साथियों से धैर्य के साथ संगठन के सहयोग की बात कही तथा जीतने का विश्वास दिलाया, बैठक में पुरानी पेंशन एवं अन्य विंदुओं पर भी चर्चा की गयी,बैठक का संचालन संजय अवस्थी तथा आभार देवेन्द्र बसेडिया ने व्यक्त किया इस अवसर पर दीपक दुबे, कमल बचकैंया, प्रदीप मालवीय, संतोष शर्मा, अमित जैन, पंकज स्थापक, राम मनोहर चडार, राजू ठाकुर, प्रहलाद ठाकुर, , अरविंद कुमार शर्मा, जयनाथ मेहरा, कमलेश कौरव,सुमित यादव,श्रीमती मंजूलता मेहरा, बबीता ठाकुर, विद्या शर्मा, कल्पना पिपरोनिया, भावना भारके, मालती शर्मा, रीता राज, शैलेंद्र यादव, राघवेंद्र चौधरी, महेंद्र कौरव, रामेश्वर कहार, अनिल मेहरा, अतुल शर्मा,राकेश सोनी आदि शिक्षक साथी उपस्थित थे।

# सारे संसार का मंगल हो,यही कामना करते हैं

## महावीर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गई

**नरसिंहपुर।स्वतंत्रमत।** सनातन परम्परा के प्रकाशित सूर्य व जियो ओर जीने दो का महान संदेश देने वाले तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती नगर में हर्षोल्लास व भक्ति-भाव और श्रद्धा के साथ मनायी गयी। नगर के स्टेशन,कंदेली व नरसिंहपुर बस्ती दिगम्बर एवं श्वेतांबर जैन मंदिरों में प्रातःसे पूजन, अभिषेक, शंतिधारा, आरती ओर पाठ किये गये वहीं कंदेली स्थित दिगम्बर एवं श्वेतांबर जैन मंदिर से नगर का भ्रमण करती हुयी श्री जी की शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा का स्वागत व श्रीजी की आरती सभी वर्गो के लोगों कर पुण्य लाभ अर्जित किया। शोभायात्रा में अनुशासन और श्रद्धा के साथ भक्ति के उत्साव का भाव रेखांकित किया गया। इस पर शोभायात्रा में शामिल लोगों ने एक स्वर में भगवान महावीर के संदेशों का उदघोष कर वातावरण में धर्म मय ध्वजा फहरा दी। सारे संसार का मंगल हो,यही कामना करते हैं,जो प्रेम प्रीत की शिक्षा दे,वही धर्म हमारा संबल हो के भजन को शोभायात्रा में लोगों ने गाकर इस भव सागर से पार होने की भावना भायी।भगवान महावीर के संदेशों ओर उपदेशों व शिक्षाओं का गान करती महिलाओं व बच्चे व बालिकाओं ने एक अलग ही छटा बिखेरी। शोभायात्रा भ्रमण के दौरान श्री जी की आरती जगह जगह की गयी । आरती करते समय श्रृद्धालुओं ने भगवान महावीर की शिक्षाओं ओर प्रेरणाओं को आत्मसात करने का आचरण से मन बनाया। दोपहर में नवयुवकों ने वाहन रैली निकाली। सामाजिक संस्थाओं के साथ नगर वासियों ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। दोपहर के समय जैन मंदिरों में विशेष पूजन के साथ विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। रात्रि 7 बजे से महाआरती,शास्त्र वाचन के साथ भजन संध्या,सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



# हनुमान जन्मोत्सव पर होंगें विविध कार्यक्रम

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

बल,बुद्धि और मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाले श्री राम भक्त श्री हनुमान जन्मोत्सव नगर में 2 अप्रेल को पूर्व की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनायी जायेगी। नगर के धार्मिक स्थलों व श्री हनुमान मंदिरों में जन्मोत्सव को मनाये जाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं।जन्मोत्सव दिवस पर विविध पूर्जन अर्जन के साथ रामायण पाठ,सुदरकाण्ड पाठ,हनुमान चालीस,हवन-पूर्जन, अभिषेक, उपवास, महाआरती, चोला वंदन, भंडारा,प्रसाद वितरण अन्य धार्मिक कार्यक्रम किये जायें। इस अवसर पर शोभा यात्रा भी निकाली जावेगी जो नगर के मुख्य मागों में भ्रमण करेगी। मुख्य रूप से गुदरी स्थित हनुमान मंदिर,कृष्ण व राममंदिर,बाबा घाट कृष्णा वार्ड में पंचमुखी हनुमान मंदिर, स्टेशन चौकी स्थित हनुमान मंदिर, गया दत्त वार्ड में राम मंदिर स्थित हनुमान मंदिर,रौंसरा हनुमान मंदिर,सिद्ध के झिरना हनुमान मंदिर,बरगी रेल्वे फाटक हनुमान मंदिर,चरहाई हनुमान मंदिर,इंद्रा वार्ड में हनुमान मंदिर,नगरपालिका चौरहा हनुमान मंदिर,सिविल कोर्ट,तहसील परिसर,सिंचाई कालोनी,थाना प्रागंण स्थित,पीएचई कार्यालय ,वनविभाग,अनगढ़ मंदिर,बड़ेपूल के पास,नरसिंह वार्ड स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर,नृसिंह मंदिर,झिरना स्थित,सदर मढ़िया,जरजोला रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर जी में आयोजन होगें। श्री हनुमान जयंती के अवसर पर होने वाले धाार्मक कार्यक्रमों में उपस्थित होकर धर्म-लाभ अर्जित करने की अपील मंदिर समितियों ने की है।



# ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण शिविर 1 अप्रेल से शुरू होगा



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** स्थानीय हॉकी स्टेडियम मै प्रतिबर्ष अनुसार नरसिंहपुर हॉकी अकैडमी द्वारा हॉकी प्रशिक्षण शिविर शुरू किया जा रहा है नगर के सभी शासकीय/ प्रायवेट स्कूल के छात्र जिनकी आयु 8 बर्ष से 16 बर्ष है वह इसमें भाग ले सकते हैं नगर के समस्त अभिभावक, स्कूल प्राचार्य अपने छात्रों को अवगत करा सकते है जिससे खिलाड़ियों को हॉकी खेल के प्रति रुझान उत्पन्न हो व हॉकी खेल की बारीकियों से अवगत कराया जा सके, स्किल,टेक्निक, टैक्टिस, बतलाई जाएगी ,इस शिविर मैं प्रशिक्षण एन आई एस कोच व पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों द्वारा दिया जायगा !इच्छुक छात्र- छात्राये हॉकी स्टेडियम आकर संपर्क कर सकते हैं!

# कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को समय पर मिलेंगी पाठ्यपुस्तकें



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जनपद शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में नवीन शिक्षण सत्र प्रारंभ होने से पूर्व निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण तेज गति से किया जा रहा है।प्रवेशोत्सव के दौरान सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को समय पर पुस्तकें उपलब्ध हो सकें, इसके लिए अवकाश के दिनों में भी जनशिक्षकों द्वारा अपने-अपने विद्यालयों तक कक्षा पहली से आठवीं एवं एफ एल एन अभ्यास पुस्तकों को पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी है।बीएसी श्री ब्रजेश नेमा द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले 277 शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों तक जनपद शिक्षा केंद्र से 10 जनशिक्षा केंद्रों के माध्यम से पुस्तकों का परिवहन कर वितरण किया जा रहा है।विकासखंड स्रोत समन्वयक श्री ओ.पी. राय द्वारा समस्त जनशिक्षकों के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्ति एवं वितरण की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे शासन की मंशानुरूप प्रवेशोत्सव के दौरान सभी विद्यालयों में निशुल्क पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध हो जाएं एवं छात्र छात्राओं को इसका लाभ मिल सके।

# एनसीएल ने समय से पहले वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य को किया पार

## लक्ष्य से अधिक उत्पादन करने की वर्षों की परंपरा को रखा जारी

सिंगरौली

देश की ऊर्जा संरक्षा को समर्पित कोल इंडिया लिमिटेड की सिंगरौली स्थित मिनीरत्न कंपनी एनसीएल ने सोमवार को प्रथम पाली तक 140 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर एक दिन शेष रहते वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य को हासिल कर इतिहास रच दिया।

'कोयला है तो भरोसा हैज् की परिकल्पना को चरितार्थ करते हुए, 140 मिलियन टन का यह ऐतिहासिक उत्पादन राष्ट्र की प्रगति के प्रति टीम एनसीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मौजूदा ऊर्जा परिदृश्य में, घरेलू स्तर पर उत्पादित कोयला एक बार फिर भारत के बिजली क्षेत्र की एक भरोसेमंद रीढ़ साबित हो रहा है। इस संदर्भ में, एनसीएल के लगातार और बढ़े हुए उत्पादन ने तापीय बिजली संयंत्रों को कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई है।

अपनी 10 मशीनीकृत ओपनकास्ट खदानों के माध्यम से एनसीएल वर्षों से लगातार वार्षिक उत्पादन लक्ष्यों को हासिल करते आ रही है, जो इसकी निरंतर परिचालन उत्कृष्टता को रेखांकित करती है।



एनसीएल की यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि कोयला देश के लिए सबसे किफायती उपलब्ध ऊर्जा संसाधन बना हुआ है, और आने वाले वर्षों में भी यह बिजली उत्पादन के प्रमुख स्रोत के रूप में अपनी भूमिका निभाता रहेगा।

एनसीएल प्रबंधन ने कंपनी की इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए टीम एनसीएल व विभिन्न हितग्राहियों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी कंपनी इसी प्रकार देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान देती रहेगी । एनसीएल की इस उपलब्धि में कंपनी की सभी उत्पादन परियोजनाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ।



# जय हनुमान दुर्गा मंडल द्वारा माता की शोभायात्रा

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** रेलवे गेट के पास जय हनुमान दुर्गा मंडल द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माता जगत जननी की प्रतिमा से मां के दर्शन एवं जवारे रखे गए 9 दिन तक चलने वाले नवरात्रि के कार्यक्रम में आरती के साथ विभिन्न प्रकार के आयोजन किए गये गत दिवस माता रानी की शोभायात्रा एवं जवारे विसर्जन रेलवे गेट से प्रारंभ होकर विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकल गई जिसमें समिति के सदस्य ने कार्यक्रम में बड़े ही उत्साह के साथ माता रानी की विदाई की गई इसमें छोटे बच्चे माताएं बहने बुजुर्ग सभी ने अपनी सहभागिता प्रदान की जहां छोटे बच्चों की झांकी अखाड़े बच्चों का मनमोहन रही थी वहीं जगह-जगह लोगों ने स्वागत वंदन किया समिति सदस्यों का कहना है कि जय हनुमान दुर्गा मंडल द्वारा प्रतिवर्ष कुछ नया करने के हिसाब से जहां एक बार नोटों की झांकी बनाकर माता रानी के दर्शन के लिए पूरे प्रदेश में नरसिंहपुर का नाम पहुंचा है वही बर्फ झांकी बनाकर जनमानस में जय हनुमान दुर्गा मंडल रेलवे गेट जाना जाता है

# मनोनीत एल्डरमैन का पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने किया सम्मान



नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

जिले के पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने अपने निज निवास पर नगर पालिका के नव मनोनीत एल्डरमैनों से सौजन्य भेंट कर उनका सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने सभी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए जनसेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि नगर के विकास में एल्डरमैन की भूमिका महत्वपूर्ण होती है और सभी को जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने और नगर के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर मनोनीत एल्डरमैन श्री विनोद जैन, श्री अरविन्द नोरिया, श्री हेमराज यादव एवं श्री शैलेन्द्र राय उपस्थित रहे। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि सभी ने पूर्व राज्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का विश्वास दिलाया कार्यक्रम के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा हुई, जिसमें नगर विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# मार्च माह में एनसीएल से 43 कर्मी हो रहे सेवानिवृत्त

## मुख्यालय से उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन/औद्योगिक संबंध ) राजेश चौधरी सहित तीन कर्मी हुए सेवानिवृत

सिंगरौली

मार्च माह में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) से 5 अधिकारी और 38 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। एनसीएल मुख्यालय से राजेश चौधरी, उप महाप्रबन्धक, (मानव संसाधन/औद्योगिक संबंध), लक्ष्मीकान्त पाण्डेय, लेखाकार, आंतरिक अंकेक्षण एवं दलजीत सिंह, कार्यालय अधीक्षक, केंद्रीय चिकित्सालय, सिंगरौली सेवानिवृत्त हुए। इन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में एनसीएल मुख्यालय में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक (वित्त), रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) आशुतोष द्विवेदी, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे। अभिनंदन समारोह के दौरान एनसीएल के निदेशक (वित्त), रजनीश नारायण ने कहा कि राजेश चौधरी ने औद्योगिक संबंधों को नव आयाम दिए हैं द्य साथ ही युवा मानव संसाधन प्रबंधकों के लिए एक अनुकरणीय विरासत छोड़कर जा रहे हैं। इसके अलावा उन्होने सभी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों द्वारा कंपनी की सफलता में दिए गए योगदान को अतुलनीय बताया और उनके सुखमय भविष्य की कामना की। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना), आशुतोष द्विवेदी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को कठिन परिस्थितियों में बेहतर कार्य निष्पादन के लिए आभार व्यक्त किया एवं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। साथ ही उन्होने एनसीएल के वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने पर भी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के साथ समस्त एनसीएल परिवार को बधाई दी। समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों ने अपने कार्यकाल की स्मृतियों को साझा किया। राजेश चौधरी ने एनसीएल में अपने कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया। चौधरी ने अपनी उपलब्धियों का श्रेय परिवार के अटूट सहयोग को देते हुए कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि इस लंबी यात्रा में कंपनी ने उन्हें बहुत कुछ दिया है। इसके साथ ही लक्ष्मीकांत पांडेय ने कहा कि एनसीएल में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने पूर्ण समर्पण, लगन के साथ कार्य करते हुए देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही दलजीत सिंह ने सेवानिवृत्ति को जीवन की एक नई शुरुआत बताते हुए एनसीएल की कार्य संस्कृति की सराहना की।



# पालकी पर सवार हो निकले महावीर

## शहर में धूमधाम से मनाई गई महावीर स्वामी की जयंती, श्रीजी की शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत





कटनी (स्वतंत्रमत)

आचार्य श्री विद्या सागर युवा मंडल के तत्वाधान में अहिंसा के अग्रदूत भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर प्रात: महावीर चौक से श्री जी की भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होकर घंटाघर, गर्ग चौराहा, नई बस्ती, हीरागंज, गोलबाजार, मेन रोड, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, जवाहर चौक से होते हुए महावीर कीर्ति स्तम्भ में समाप्त हुई। यात्रा में सबसे आगे धर्मध्वज लिए अश्वारोही धार्मिक झांकियां, भजन गाते युवा जन डांडिया, गरबा नृत्य करती महिलाएं, महावीर जी के संदेशों की तख्ती लेकर रात्रिकालीन पाठशाला बालक बालिकाएं चल रही थी। दो पालकी एवं दो रथ पर सवारी श्री जी को लेकर भक्तगण चल रहे थे। शोभायात्रा में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रायल, जैन मिलन संस्था द्वारा स्वागत एवं श्री 1008 चंद्रप्रभ ज्ञानोदय संगीत मंडल द्वारा सुभाष चौक पर महाआरती एवं भोजन वितरण किया गया। यात्रा में दिगम्बर जैन समाज पंचायत महासभा, नवयुवक मंडल बालिका मंडल, जिनासा परिवार, अखिल भारत वर्षीय दिगम्बर जैन महिला मंडल, आचार्य विद्यासागर नवयुवक मंडल, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप, मेन चेतनोदय तीर्थ कमेटी, मगवान महावीर विकलांग पुर्नस्थापन केंद्र, गुरु भक्त मंडल सभी जैन मंदिरों के पदाधिकारियो सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में धर्मानुरागी बंधुओं माताओ वहनों ने शामिल होकर धर्मलाभ लिया।

## भगवान महावीर ने प्राणी मात्र के कल्याण का मार्ग बताया मुनिश्री

बाकल जैन धर्म के चौवीसवे तीर्थकर भगवान महावीर जी का 2624 बा जन्म कल्याणक नगर मे भक्तिभाव उल्लास उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री साक्ष्य सागर जी मुनि श्री निवृत सागर जी महाराज के परम सानिध्य तथा वाल बुम्हचारी अंकित भैया की उपस्थिति मे श्रीपार्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी मे विविध धार्मिक कार्यकमो का आयोजन किया गया इसी कडी मे सोमवार प्रात: भगवान महावीर का अभिषेक शांतिधारा महावीर भगवान का सामूहिक विधान आदि के कार्यकम सम्पन्न किये गये। धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री ने कहा कि जिन्होंने प्राणी मात्र के कल्याण का रास्ता बताया हम उन्ही का जन्म कल्याणक मना रहे है जिसकी पुण्य की वर्गणाये इरवठ्ठी हो जाती है बह स्वपं ही भगवान बन जाते है आगे मुनि श्री ने कहा हमे पंथवाद से



हटकर अहिंसा का जयघोस करे धर्म प्रभावना करे छोटी सोच के कारण हम आगे नही बढ पाते। सकल जैन समाज के तत्वावधान मे भगवान महावीर स्वामी जी की भव्य शोभायात्रा नगर मे सत्य अहिंसा के जयघोश के साथ निकाली गई नगर मे द्वार द्वार रंगोली डालकर स्थानीय जनो ने श्रीजी की मंगल आरती पूजन किया गया स्थानीय जनो ने शोभायात्रा मे जगह जगह शुद्ध पेय की व्यवस्था की गई धार्मिक कार्यक्रमों मे प्रमुख रूप से जीवनधर मोदी, नरेन्द्र सिधई, मनोज मोदी, सुरेन्द्र सिंघई, अजय अहिंसा, मुकेश जैन, पवन मोदी, डॉ. सुबोध मोदी, वीरेन्द्र सिंघई, पुष्प कुमार जैन, सुरेश चंद जैन, शिखरचंद जैन, दिनेश जैन, अनिल मोदी, सौरभ साहूकार, विमल सिघई, विनीत सिघई, प्रखर मोदी, प्रकशचंद जैन, आनंद जैन, अमित सिधई, अशोक सिधई, नीलेश जैन, राजेश मोदी, गिरीश जैन, मनोज जैन, प्रदीप मोदी, संजीव जैन, राजेन्द्र जैन, सचिन जैन, बाबा जैन, संजय सिघई, शैलेश मोदी, प्रमोद मोदी, पीयूश जैन, अजय सिंघई, मोनू जैन, पुष्पेन्द्र मोदी सहित सकल जैन समाज महिला मंडल की उपस्थिति रही शोभायात्रा मे स्थानीय पुलिस प्रसासन की व्यवस्या सराहनीय रही।



## अयोध्यावासी वैश्य समाज ने शोभायात्रा के साथ मनाया श्री रामनवमी का उत्सव

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** रामनवमी के पावन अवसर पर श्री अयोध्यावासी वैश्य समाज, कटनी द्वारा आयोजित ऐतिहासिक और भव्य शोभायात्रा ने नगरवासियों के हृदय में श्रद्धा, भक्ति, प्रेम और सद्भावना की अलौकिक रोशनी भर दी। यह आयोजन केवल धार्मिक उत्सव नहीं रहा, बल्कि समाज सेवा, सांस्कृतिक जागरूकता, आपसी भाईचारे और एकता का प्रेरणास्पद उदाहरण भी साबित हुआ। शोभायात्रा ने पूरे नगर को ऐसा प्रतीत कराया मानो कटनी नगरी अयोध्या धाम में बदल गई हो। जय श्री राम के उद्घोष, भक्ति संगीत और श्रद्धालुओं की अपार आस्था ने हर कदम को भक्तिमय बना दिया। मुख्य आकर्षण भगवान श्रीराम एवं माता सीता के रूप में सजी कन्याएँ– कुमारी आस्था गुप्ता और कुमारी कृति गुप्ता रहीं। पुष्पों से सुसज्जित भव्य रथ और भगवा ध्वज ने झांकी की भव्यता को और बढ़ाया। महिलाओं ने नारंगी साड़ी, हरी चूड़ियाँ और सोलह श्रृंगार धारण कर गरुण घंटी के साथ भक्ति गीतों पर नृत्य और भजन–कीर्तन प्रस्तुत किया। रथ के आगे–आगे चलती महिलाएं रोली, चंदन, अक्षत और पुष्प से प्रभु का अभिनंदन कर रही थीं। नगरवासियों ने फूलों की पंखुड़ियाँ और रंगोली से शोभायात्रा का स्वागत किया। जगह–जगह फल, जल और शीतल पेय की सेवा ने आयोजन को समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बनाया। स्वजातीय बंधुओं ने पीले कुर्ते पहन कर अनुशासन, एकता और संगठन का परिचय दिया। शोभायात्रा घंटाघर से गाटर घाट स्थित श्रीराम मंदिर तक पहुँची और श्रद्धालुओं ने भक्ति और समर्पण के साथ सहभागिता निभाई। शोभायात्रा का समापन श्रीराम मंदिर में भव्य महाआरती के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने इस दिव्य क्षण को भावपूर्वक आत्मसात किया। भक्ति में शक्ति है, सेवा में सच्ची मानवता है, प्रेम में परमात्मा का वास है और एकता में समाज की सबसे बड़ी ताकत निहित है।

# विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम हुआ घोषित

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** 30 मार्च को जेपीवी डीएवी विद्यालय में कक्षा छठवीं, सातवीं एवं नवमी के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश जोन के क्षेत्रीय निदेशक एवं विद्यालय प्राचार्य एस.के. सिन्हा की अध्यक्षता एवं डीएवी विद्यालय नरसिंहगढ़ के प्राचार्य राजेंद्र कुर्मवंशी एवं डीएवी विद्यालय उकवा के प्राचार्य मनीष सिंह की उपस्थिति में पूर्ण हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले पाँच विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र, शील्ड एवं अंकसूची प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही, उन विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने अपनी कक्षा में शत–प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी (बालक एवं बालिका वर्ग) को भी प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों की भी पूर्ण उपस्थिति रही। परीक्षा परिणाम की घोषणा से पूर्व प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं तथा उन्हें निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।




# महंगाई के विरोध में जिला कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

कटनी (स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कटनी जिले में बढ़ती महंगाई, रसोई गैस सिलेंडर की कमी एवं लगातार बढ़ती कीमतों, बिजली दरों में वृद्धि तथा पेट्रोल–में हो रही बेतहाशा बढ़ोतरी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया गया एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड. अमित शुक्ला ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आज आमजन महंगाई की मार से कराह रहा है। रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि और समय पर पर्याप्त उपलब्धता का अभाव सरकार की नीतिगत विफलता को दर्शाता है। उन्होंने मांग की कि गैस





कीमतों में अनियंत्रित बढ़ोतरी के लिए जिम्मेदार तंत्र पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए तथा प्रत्येक नागरिक को रसोई गैस की सुचारु एवं पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आगे कहा कि गैस की कमी के कारण जहां आम नागरिकों का जीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं छोटे व्यापारियों, रेस्टोरेंट संचालकों एवं होटल व्यवसायियों को भी भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई स्थानों पर खाना बनाने में असमर्थता के चलते रेस्टोरेंट और होटल अस्थायी रूप से बंद होने की स्थिति में पहुंच गए हैं, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। एड. अमित शुक्ला ने यह भी कहा कि पेट्रोल–डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। परिवहन लागत में वृद्धि के कारण आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे आमजन का जीवन और अधिक कठिन होता जा रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि पेट्रोल–डीजल की कीमतों पर तत्काल नियंत्रण कर आम जनता को राहत दी जाए। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड. अमित शुक्ला, ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रजनी वर्मा, राजेश जाटव, जितेन्द्र गुप्ता, अजय जैसवानी, मुकेश परोहा, मंगल सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता सौम्या राधेलिया, अल्पसंख्य प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष आफताब अहमद चोखे भाईजान, पार्षद मोसुफ अहमद बिट्टू, विनीत जायसवाल, उपाध्यक्ष श्याम पाहुजा, रंजीत सिंह, जालेम यादव, हाजी गुलाम जाफर, दिग्विजय सिंह, अजय कोल, नारायण निषाद, ओमप्रकाश मुन्ना कुशवाहा, इस्तियाक अहमद, सुधीर पटेल, विजय चंदवानी, सुरेश पांडे, अहमद कुरैशी, राजकुमार कल्लू विश्वकर्मा, मीनाक्षी वाल्वी, मनीषा सिंह, माधुरी जैन, मंजू निषाद, लता खरे, सुमन रजक, अदिता वर्मा, कल्पना पाठक, शोभा मंगलानी, श्याम यादव, जार्ज डेविड, रॉबिन पीटर, संदीप सिंह, हांडा जितेंद्र पांडे, विनोद अहिरवार, जितेंद्र सिंह, चिंतामणि तिवारी, मजीद खान, रमेश अहिरवार, मुकेश बर्मन, शुभम सोनखरे, अभय खरे, रवि मंगलानी, ओमकार सिंह तेकाम, अजय वर्मा, ओमप्रकाश यादव, प्रदीप चौधरी, रामदास चौधरी, रवि चक्रवर्ती, सुरेश लालवानी, पदाधिकारी, पार्षदगण, ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, सेवादल, सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# चोरी की कई वारदातों का पुलिस ने किया खुलासा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** चोर गिरोह द्वारा कटनी जिले के 5 स्थानो में 11 मार्च एंव 17 मार्च की दरमयानी रात को सूने घरो एंव दुकानो को निशाना बनाकर लाखो के सोना चांदी के जेवरात एंव घर तथा दुकानो मे रखी नगदी पैसो की चोरी एंव घर मे खडी मोटर सायकल चोरी की घटना को दिया अंजाम। 19 मार्च को प्रार्थी दीपेन्द्र भाई पटेल पिता स्व उदय चंद्र सिन्हा उम्र 41 साल निवासी 194/1 ए गोपाल मंदिर के पास आतिया ताल झांसी (उ.प्र.) हाल दयानंद सरस्वती रेल्वे क्वाटर साउथ स्टेशन कटनी थाना रंगनाथगर कटनी एंव संजय कुमार यादव पिता स्व महेश कुमार यादव उम्र 60 साल निवासी क्वाटर नं. 7/3 टाईप 2 विवेकानंद नगर थाना रंगनाथगर कटनी के थाना उपस्थित आकर सूचना दिये कि हम लोग अपने घर में ताला लगाकर बाहर गये थे जो घर वापस आने पर हमारे घर का ताला और अलमारी का सामान बिखरा हुआ था जिसमें से सोने–चांदी के जेवरात और एक मोटर सायकल पेशन प्रो नही है जो 16–17 मार्च की दरमयानी रात में हम लोगो के घर पर सोने–चांदी के जेवरात और एक मोटर सायकल पेशन प्रो चोरी हो गई है जिस पर थाना प्रभारी अरूणपाल सिंह ने मामला को गंभीरता से लेते हुये अपराध क्र. 126/2026 एंव अपराध क्र. 127/2026 धारा 331(4), 305(ए), बीएनएस कायम कर सूचना वरिष्ट अधिकारियो को देकर मामले की जांच में लग गये जो अन्य



थानो से जानकारी लेने पर पता चला कि उक्त घटना दिनांक को थाना माधवनगर में भी चोर गिरोह के द्वारा समदडिया कालोनी माधवनगगर में भी घर के अंदर चोरी करने का प्रयास किया गया था जिस पर थाना माधवनगर में अपराध क्र. 240/2026 धारा 331(4), 305(ए), 62 बीएनएस का अपराध पंजीबध्द है। जो मामले का गंभीरता को लेते हुये पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक कटनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अरूण पाल सिंह द्वारा अलग अलग स्थानो में टीम गठित कर चोरी गये माल मशरूका की तलाश में लग गये। जो कडी मेहनत के बाद चोर गिरोह को अलग अलग राज्य से पकड़ा गया जो आरोपियो से पूछताछ करने पर चोरो के द्वारा एक साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया और पूछताछ दौरान चोर गिरोह से पता चला कि थाना माधवनगर में 10–11 मार्च की दरमयानी रात में नारायणदास मशाला चक्की मैन बाजार थाना माधवनगर में दो जगह चोरी कर नगद रूपयो की चोरी हुई थी जिस पर थाना माधवनगर में अपराध क्र. 220/2026 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द है। वह इन्ही चोर गिरोह के द्वारा चोरी की गई थी। जो आरोपीगणो से 4 जगह चोरी गये माल मशरूका, नगदी रूपये एंव मो.सा. पेशन प्रो को बरामद कर एंव चोरी करने का प्रयास करने पर आरोपीगणो को गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया गया।

# ग्रामीणजन विद्युत से सुरक्षा के लिये बरतें सावधानियाँ

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विद्युत वितरण कंपनियों ने ग्रामीणजनों को आगाह किया है कि वे अपने खेत–खलिहानों में विद्युत से सुरक्षा के लिये सावधानियां जरूर बरतें। अक्सर देखा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में असावधानीवश विद्युत से कई बार अप्रिय घटनाएं घट जाती हैं। यह दुर्घटनाएं कई बार जान–माल का नुकसान भी कर देती हैं। इनसे बचने के लिए ग्रामीणजनों से सावधानी बरतने की अपील करते हुए कंपनी ने कहा है कि कभी भी विद्युत लाइनों, उपकरणों एवं खंभों से छेड़खानी न करें क्योंकि ऐसा करना विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। कंपनी ने कहा कि जरा भी असावधानी या छेड़खानी से बडे–बडे खतरे पैदा हो सकते हैं। इसलिए ऐसी लाइनें जिनमें विद्युत शक्ति प्रवाहित होती है उन्हें आँधी तूफान या अन्य किसी कारण से टूटने वाले तारों को अकस्मात् छूने का प्रयास न करें। इस दौरान जरूरी होगा कि लाइन टूटने की सूचना तत्काल निकटस्थ बिजली कंपनी के अधिकारी को अथवा विद्युत कर्मचारी को दें। किसानों को सलाह है कि वे खेतों खलिहानों में ऊँची–ऊंची घास की गंजी, कटी फसल की ढेरियां, झोपड़ी, मकान अथवा तंबू आदि विद्युत लाइनों के नीचे अथवा अत्यंत समीप न बनायें।

# कांग्रेस की रीढ़ है सेवादल इसे मजबूत करना जरूरी



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मध्य प्रदेश अज़ाक्स संघ जिला शाखा कटनी के जिला महासचिव पूर्णेश उइके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 29 मार्च को संघ की आवश्यक बैठक शहीद स्मारक एवं संग्रहालय कटनी में दोपहर 12 बजे सोहन लाल चौधरी प्रांतीय संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 14 अप्रैल को विश्व रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती बड़ी धूमधाम से मनाने मुख्य रेलवे स्टेशन से रैली आयोजित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा एक सप्ताह तक पखवाड़ा सप्ताह मनाया जाएगा संघ के कर्मचारी हितैषी मुद्दों सामाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें अजाक्स संघ मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ कोल ट्राइबल युवा समिति सफाई कामगार यूनियन अन्य संगठनों के पदाधिकारी सदस्य बृजभान सिंह मरावी, रामचंद्र अहिरवार गुड्डा, रैदास मंगल सिंह, बलबीर सिंह, रमेश रावते, अमित कुंडे, ओमप्रकाश सकतेल, विजय समुद्रे, रामदास, संतोष गोटियां, विश्वनाथ दहिया, किशन लाल भूमिया, संजय चौधरी, एसएस ठाकुर, विजय चौधरी, आरजी पासी, रवीन्द्र झरिया, गोपाल प्रसाद चौधरी, सोनू बौद्ध, जीतू बौद्ध, मनोज दहिया, बाबूलाल अहिरवार, धर्मेंद्र, राज, सोहन दहिया, विजय हरीश बेन अन्य उपस्थित रहे।

# शीघ्र पूर्ण होगा प्रदेश की सबसे बड़ी स्लीमनाबाद टनल का कार्य: मुख्यमंत्री

## गत दो वर्ष में हुए कार्यों से एक साथ लगभग 2 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई विस्तार की उपलब्धि

कटनी (स्वतंत्रमत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सिंचाई क्षेत्र के विस्तार के लिए निर्माणाधीन परियोजनाओं को शीघ्र पूरा किया जाए। प्रशासकीय और वित्तीय कठिनाईयों को दूर कर लंबित कार्यों की पूर्णता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने इस क्रम में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा बरगी व्यपवर्तन परियोजना के कार्यों को आधुनिक तकनीक का उपयोग कर तेजी से पूरा करने के प्रयासों की प्रशंसा भी की। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की सबसे अधिक लम्बाई 11.952 कि.मी. की स्लीमनाबाद टनल (जल सुरंग) का 85 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर शीघ्र ही उद्घाटन कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में रविवार को समत्व भवन में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की 270 वीं बैठक में यह जानकारी दी गई। प्राधिकरण की बैठक के साथ ही नर्मदा नियंत्रण मंडल की 87 वीं



बैठक और नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट लिमिटेड के संचालक मंडल की 34 वीं बैठक भी हुई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए।

**दो वर्ष की अवधि में रिकार्ड सिंचाई क्षेत्र का विस्तार**– बरगी व्यपवर्तन परियोजना की स्वीकृति वर्ष 2008 में हुई थी। कार्यों में अनेक तरह की बाधाएं भी सामने आईं लेकिन बीते दो वर्ष में तेजी से कार्य पूरे किए गए। स्लीमनाबाद टनल के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए प्रशासकीय और वित्तीय स्तर पर कमियों को दूर करते हुए कार्य पूर्ण किए गए हैं। मुख्यमंत्री और नर्मदा घाटी विकास विभाग ने परियोजना के कार्यों की सतत समीक्षा भी की है। टनल के पश्चात 1.85 लाख हेक्टेयर कमान क्षेत्र को हराभरा जीवन प्राप्त होगा। इस टनल के राष्ट्रीय राजमार्ग, रेल्वे लाइनों, भूमिगत क्रॉसिंग और आबादी क्षेत्र इत्यादि के नीचे से सुरक्षित गुजरते हुए संरचना को कोई क्षति नहीं पहुंची। प्रभावित परिवारों को मुआवजा राशि सहित पुनर्वास और सुरक्षित स्थानांतरण के कार्य संवेदनशीलता के साथ पूरे किए गए।

### 6 जिलों के डेढ़ हजार गांव में 2 लाख 45 हजार हेक्टेयर में बढ़ेगी सिंचाई

बरगी व्यपवर्तन परियोजना से जबलपुर के निकट स्थित बरगी बांध से निकलने वाली ट्रांस–वैली कैनाल प्रदेश की सर्वाधिक 227 क्यूमेक डिस्चार्ज करयिंग कैपेसिटी की मुख्य नहर 197 किमी होगी। जबलपुर, कटनी, सतना, मैहर, पन्ना और रीवा जिलों के 1450 गांव की दो लाख 45 हजार हेक्टेयर भूमि को स्थाई सिंचाई का वरदान मिलेगा। इस निर्माण कार्य में नर्मदा और सोन कछार को विभक्त करने वाली विंध्य पर्वत श्रंखला की रिज लाइन को पार करना, दुष्कर कार्य था। उच्च भूजल स्तर जैसी चुनौतियों भी सामने थीं, जो स्लीमनाबाद टनल के निर्माण से दूर करने की पहल की गई। यह टनल प्रदेश की जीवन रेखा नर्मदा की तरह एक किस्म की धड़कन होगी, जो देश की सबसे लम्बी जल सुरंग भी है। कुल 11.952 किमी लंबाई और 2 किमी व्यास की यह विशाल तरंग नर्मदा जल को बिना पंप की सहायता से प्राकृतिक प्रवाह के रूप में बहाते हुए विशाल क्षेत्र को लाभान्वित करने का माध्यम बनेगी। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बैठक में लिए गए निर्णय प्रदेश के किसानों को अतिरिक्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने, कृषि उत्पादकता बढ़ाने और जल संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।

एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# प्रीति पवार और दीपक ने जीते शुरुआती दौर के मुकाबले

## प्रीति पंवार ने 5-0 से हासिल की एकतरफा जीत



उलानबटार (मंगोलिया)।

भारत की प्रीति पंवार और दीपक ने सोमवार को एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में अपने-अपने शुरुआती दौर के मुकाबले जीत लिए हैं।आज यहां महिलाओं की 54 किग्रा भार वर्ग में, विश्व बॉक्सिंग कप फाइनल की गोल्ड मेडलिस्ट प्रीति पंवार ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए कज़ाकिस्तान की पूर्व एशियाई अंडर-22 चैंपियन एलिना बाजारोवा को 5-0 के एकतरफा फैसले से हराया।पुरुषों की 70 किग्रा वर्ग में, एशियाई यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक ने अपनी सूझबूझ और मज़बूती का प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान के खावासबेक असादुल्लायेव को 3-2 के विभाजित फैसले से हराया।इस बीच, ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75किग्रा) और पूर्व विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51 किग्रा) को अपने-अपने शुरुआती दौर में च्बायज्ञ (सीधा प्रवेश) मिला।जैस्मीन लंबोरिया (57किग्रा), अंकुशिता बोरो (65किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और अल्फ़िया पठान (80 प्लास किग्रा) को भी पहले दौर में बाय मिला।दूसरी ओर, विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा (48किग्रा) मंगलवार को अपने शुरुआती मुकाबले में जापान की यूका सादामत्सु का सामना करेंगी, जबकि ओलंपियन पूजा रानी (80 किग्रा) कजाकिस्तान की नादेज़्दा यर्बिट्स से भिड़ेंगी।पुरुषों के ड्रॉ में, अंकुश (80 किग्रा) और नरेंद्र बेरवाल (90 प्लास किग्रा) को च्बायज्ञ मिला, जबकि जादुमणि सिंह 55 किग्रा वर्ग के एक कड़े मुकाबले में जापान के शीर्ष वरीयता प्राप्त (टॉप सीड) रुई यामागुची का सामना करेंगे।सचिन सिवाच (60 किग्रा) स्थानीय पसंदीदा मुक्केबाज बुयांदलाई बायारखू से भिड़ेंगे, जबकि आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा) सऊदी अरब के मुक्केबाज मौदा अलहवसाव का सामना करने के लिए तैयार हैं।



# हांगकांग के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय फुटबॉल टीम

**नयी दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम आज मंगलवार को कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू इंटरनेशनल स्टेडियम में हांगकांग की मेजबानी करते हुए अपने एएफसी एशियन कप 2027 क्वालिफायर अभियान का जीत के साथ अंत करना चाहेगी। एशियन कप क्वालिफायर में भारत बनाम हांगकांग मैच शाम 7ः00 बजे शुरू होगा।यह 10 साल में पहली बार होगा जब कोच्चि का जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम भारतीय सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए किसी फुटबॉल मैच की मेजबानी करेगा।पिछली बार भारत ने कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 2016 फीफा विश्व कप क्वालिफायर में तुर्कमेनिस्तान के खिलाफ खेला था।हांगकांग चीन के खिलाफ मुकाबले में उतरते समय भारत ग्रुप सी में सबसे नीचे है; उसने पांच मैचों में सिर्फ दो अंक हासिल किए हैं और वह एएफसी एशियन कप 2027 के लिए क्वालिफाई करने की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुका है। ब्लू टाइगर्स अपने ग्रुप में एकमात्र ऐसी टीम भी है जिसने अपने एएफसी एशियन कप 2027 अभियान में अभी तक एक भी मैच नहीं जीता है।मुख्य कोच खालिद जमील ने शुरुआत में हांगकांग चीन के खिलाफ मैच के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की थी।सुनील छेत्री, जो भारत के क्वालिफिकेशन अभियान को मजबूत करने के लिए बांग्लादेश के खिलाफ पिछले एएफसी एशियन कप क्वालिफायर मुकाबले के दौरान संन्यास से वापस लौटे थे, उन्हें 23 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया है।ऑस्ट्रेलिया में जन्मे फॉरवर्ड रयान विलियम्स टीम में शामिल किए जाने के बाद भारत के लिए अपना डेब्यू कर सकते हैं।इस स्ट्राइकर ने हाल ही में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए अपने जन्म-देश की नागरिकता छोड़ दी थी और फीफा ने उन्हें टीम का प्रतिनिधित्व करने की मंजूरी दे दी है।

# जिरी लेहेका को हराकर यानिक सिनर ने जीता मियामी ओपन का खिताब



फ्लोरिडा (अमेरिका)

30 मार्च (वार्ता) यानिक सिनर ने जिरि लेहेका को 6- 4, 6- 4 से हराकर मियामी ओपन पुरूष एकल खिताब अपने नाम कर लिया है।इस जीत के साथ ही सिनर पहले ऐसे खिलाड़ी बन गये है जिन्होंने 'सनशाइन डबल' पूरा किया।उन्होंने कैलिफ़ोर्निया में इंडियन वेल्स और फ़्लोरिडा के हार्ड कोर्ट पर बिना कोई सेट हारे दोनों ट्रॉफियां जीती हैं।इटली के सिनर ने वर्षा बाधित मियामी फाइनल में चेक गणराज्य के 21वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जिरी लेहेका पर सिनर की 6-4, 6-4 की शानदार जीत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वह और अल्काराज बाकी खिलाड़ियों से कितने आगे हैं।दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने अब मास्टर्स टूर्नामेंट में लगातार 34 सेट जीते हैं।इसके साथ ही वह नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल के साथ उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने ग्रैंड स्लैम के बाद के स्तर के टूर्नामेंट में लगातार तीन खिताब जीते हैं।

खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा, यह मेरे लिए एक शानदार दौर रहा है और मैं इस मुकाम तक पहुंचने के लिए हमने जो मेहनत की है, उससे मैं बेहद खुश हूं।इंडियन वेल्स से पहले हमने अभ्यास के लिए कुछ अच्छे दिन बिताए थे।इस तरह के नतीजे देखकर मुझे बहुत खुशी होती है, और साथ ही जिस स्तर का खेल हम दिखाने की कोशिश कर रहे हैं और जिस तरह का खिलाड़ी हम बनने की कोशिश कर रहे हैं, उसे देखकर भी मुझे खुशी होती है।

## वेस्टइंडीज पर धीमी ओवर-रेट के लिए लगा जुर्माना

**दुबई।** वेस्टइंडीज की महिला टीम पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को सेंट किट्स में खेले गये पहले महिला एकदिवसीय मैच के दौरान धीमी ओवर-रेट के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज ने इस गलती को स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित सजा मान ली, इसलिए किसी औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।यह सजा अमीरात आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ़ मैच रेफरी के रियोन किंग ने तब दी, जब समय भत्ते को ध्यान में रखते हुए मेजबान टीम को निर्धारित लक्ष्य से दो ओवर पीछे पाया गया।मैदानी अंपायर लॉरेन एगेनबैग और कैंडिस ला बोर्डे, तीसरे अंपायर जैकलीन विलियम्स और चौथे अंपायर मारिया एबॉट ने यह आरोप लगाया था। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने 103 रनों से जीत हासिल की, जिसका श्रेय मेहमान टीम के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन को जाता है। रविवार को दूसरा एकदिवसीय 90 रनों से जीतने के बाद, ऑस्ट्रेलिया अब तीन मैचों की सीरीज़ में 2-0 की अजेय बढ़त बनाए हुए है।

## रोहित ने पहले ही मैच में 550 छक्के पूरे किये, कई रिकार्ड भी अपने नाम किये



**मुम्बई।** मुम्बई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने आईपीएल 2026 सत्र के पहले ही मैच में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान ही अपने 550 छक्के लगा दिये। इस दौरान रोहित ने कई अन्य रिकार्ड भी बनाये। रोहित ने केवल 23 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया। ये उनके आईपीएल करियर का सबसे तेज अर्धशतक भी रहा है। उन्होंने यह अर्धशतक पावरप्ले के अंदर ही पूरा कर लिया। इस पारी में तीन छक्के लगाते ही रोहित ने टी20 क्रिकेट में अपने 550 छक्के भी पूरे किये। इसके साथ ही वह टी20 में 500 से ज्यादाछक्के लगाने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी व विश्व के 9वें खिलाड़ी बन गये हैं। इस पारी के दौरान ही रोहित ने केकेआर के खिलाफ अपने 1100 रन पूरे कर लिए। इसी के साथ ही केकेआर के खिलाफ सबसे अधिक रन बनाने वाले मुम्बई के खिलाड़ी बन गये हैं।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने केकेआर के कप्तान रहाणे के बयान पर जतायी नाराजगी

**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने आईपीएल में खेल रहे ऑलरांडर कैमरुन ग्रीन के गेंदबाजी नहीं करने के मामले को लेकर कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के कप्तान आजिंक्य रहाणे पर निशाना साधा है। सीए का कहना है कि रहाणे झूठ बोल रहे हैं। साथ ही कहा है कि नीलामी के समय ही ये बात बता दी गयी थी कि ग्रीन पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण आईपीएल में शुरुआती दो सप्ताह तक गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे। ये मामला तब उठा जब मुम्बई इंडियंस के खिलाफ पहले ही मैच में केकेआर की गेंदबाजी अच्छी नहीं होने के बाद भी ग्रीन ने एक भी ओवर नहीं किया जबकि केकेआर ने 25 करोड़ 20 लाख रुपये की बोली लगाकर ग्रीन को खरीदा था। ऐसे में ग्रीन को गेंदबाजी न देने से कई लोगों ने सवाल किये जिसपर रहाणे ने कहा कि ये बात वे सीए से ही पूछें। रहाणे के इसी बयान को लेकर सीए ने नाराजगी जतायी है।

सीए का कहना है कि टेस्ट सत्र से उसे अपने केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों पर कामकाज के बोझ को कम करना होता है। यही कारण है कि ग्रीन को उसने आईपीएल में गेंदबाजी की अनुमति नहीं है पर ये बात केकेआर को पहले ही बता दी गयी थी।सीए के एक अधिकारीन ने कहा कि कैमरन को कमर के निचले हिस्से में चोट लगी है, जिसका इलाज चल रहा है। इसी कारण उन्हें कुछ समय के लिए गेंदबाजी से दूर रहना होगा। गौरतलब है कि केकेआर को आंद्रे रसेल का विकल्प चाहिए था और उसने इसी कारण ग्रीन को शामिल किया पर पहले ही मैच में वह असफल रहे और 10 गेंदों में 18 रन बही बना पाये। वहीं उन्होंने गेंदबाजी करने से इंकार दिया। वहीं मैच के बाद रहाणे ने उम्मीद जताई कि ग्रीन जल्द ही गेंदबाजी शुरू करेंगे और संयोजन थोड़ा अलग होगा।



## सोना-चांदी के भाव में नरमी

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी के वायदा भाव में सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को उतार-चढ़ाव के बीच नरमी देखने को मिली। घरेलू बाजार में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने और चांदी दोनों की शुरुआत अलग-अलग रुख के साथ हुई, लेकिन बाद में दोनों धातुएं गिरावट के साथ कारोबार करती नजर आईं। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 405 रुपये की गिरावट के साथ 1,46,850 रुपये पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 1,47,255 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय सोना करीब 1,013 रुपये टूटकर 1,46,242 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान इसने 1,49,250 रुपये का उच्च स्तर और 1,44,212 रुपये का निचला स्तर छुआ। वहीं चांदी के मई वायदा कॉन्ट्रैक्ट की शुरुआत 152 रुपये की तेजी के साथ 2,28,106 रुपये पर हुई।

## रुपया बढ़त के साथ बंद हुआ

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबला सोमवार को भारतीय रुपया 17 पैसे बढ़कर 94.68 रुपये पर बंद हुआ। रुपया शुरुआती कारोबार में अपने सर्वकालिक



निचले स्तर से 128 पैसे मजबूत होकर 93.57 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.62 पर खुला और फिर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.57 तक और मजबूत हुआ।

## केंद्र का राजकोषीय घाटा फरवरी तक लक्ष्य के 80 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले 11 महीने में फरवरी 2026 तक पूरे वित्त वर्ष के लिए संशोधित अनुमान के 80 प्रतिशत को पार कर गया है।वित्त मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक केंद्र सरकार की कुल राजस्व प्राप्ति 27,91,943 करोड़ रुपये रही, जो संशोधित अनुमान का 82 प्रतिशत है।इस दौरान कुल व्यय 40,44,592 करोड़ रुपये रहा जो संशोधित अनुमान का 81.5 प्रतिशत है।इस प्रकार, राजकोषीय घाटा 12,52,649 करोड़ रुपये दर्ज किया गया।यह संशोधित अनुमान का 80.38 प्रतिशत है।सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में 15,68,936 करोड़ रुपये के राजकोषीय घाटे का अनुमान व्यक्त किया था जिसे बाद में संशोधित कर 15,58,492 करोड़ रुपये कर दिया गया।कुल प्राप्तियों में 21,45,223 करोड़ रुपये का कर राजस्व, 5,81,173 करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व और 65,547 करोड़ रुपये की गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं।इस अवधि के दौरान केंद्र द्वारा राज्य सरकारों को करों के हिस्से के हस्तांतरण के तौर पर 12,66,369 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इस अवधि की तुलना में 85,837 करोड़ रुपये अधिक है।

## अकासा के बेड़े में शामिल हुए दो और विमान




**नयी दिल्ली।** नवोदित विमान सेवा कंपनी अकासा एयर के बेड़े में दो और विमान शामिल हो गये हैं जिससे उसके पास अब कुल 37 विमान हो गये हैं।अकासा ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 36वां विमान आज ही बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचा, जबकि 37वां विमान उसे सौंपा जा चुका है और इसके अप्रैल के पहले सप्ताह में भारत आने की उम्मीद है।दोनों बोइंग 737 मैक्स 8-200 विमान हैं। ये विमान अमेरिका से सीटल स्थित बोइंग संयंत्र से आ रहे हैं।ये विशेष रूप से अकासा के निर्देशों के अनुरूप बने हैं। इनमें साफ्रां जेड200 सीट, सीट के साथ यूएसबी पोर्ट और उड़ान के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए अन्य सुविधाओं का ध्यान रखा गया है।अगस्त 2022 में सेवा शुरू करने वाली एयरलाइंस ने बताया कि इस साल की पहली तिमाही में उसके बेड़े में छह नये विमान शामिल हुए हैं।

कंपनी ने कुल 226 बोइंग मैक्स विमानों का ऑर्डर दिया था जिनमें से शेष 189 की डिलिवरी अगले छह साल में होने की उम्मीद है। अकासा ने साल 2030 तक दुनिया की 30 शीर्ष विमान सेवा कंपनियों में शामिल होने का लक्ष्य रखा है।

# खाद्य तेलों, दालों के दामों में घट-बढ़



नयी दिल्लीज (वार्ता)

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गयी।चावल के साथ गेहूं और चीनी में भी तेजी देखी गयी जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।औसत दर्जे के चावल का औसत भाव चार रुपये बढ़कर 3854 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया।गेहूं 15 रुपये महंगा हुआ और 2,812 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।आटे की कीमत गत दिवस के स्तर पर टिकी रही।दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा।तुअर दाल की औसत कीमत 52 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी।

मसूर दाल 33 रुपये और चना दाल छह रुपये महंगी हुई।वहीं, मूंग दाल का भाव 13 रुपये और उड़द दाल का 12 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया।विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 141 रिंगिट चढ़कर 4,772 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 68.57 सेंट प्रति पौंड बोला गया।स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 32 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी।सरसों तेल 28 रुपये और वनस्पति 23 रुपये महंगा हुआ।सोया तेल में 30 रुपये और मूंगफली तेल में 16 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही।सूरजमुखी तेल की कीमत कमोबेश स्थिर रही।मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव लगभग अपरिवर्तित रहा।चीनी तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

# शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ बंद निवेशकों के 10 लाख करोड़ रुपए डूबे

## सेंसेक्स 1635, निफ्टी 488 अंक गिरा

**मुंबई।** शेयर बाजार सोमवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। वित्त वर्ष के अंतिम कारोबारी सत्र में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,635.67 अंक टूटकर 71,947.55 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 488.20 अंक नीचे आकर 2.14 22,331.40 पर बंद हुआ। बाजार में चारों ओर गिरावट रही। सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। निफ्टी पीएसयू बैंक , निफ्टी फाइनेंशियल सर्विस , निफ्टी प्राइवेट बैंक , निफ्टी रियल्टी ), निफ्टी इंडिया डिफेंस, निफ्टी सर्विसेज, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स , निफ्टी मीडिया और निफ्टी ऑटो की कमजोरी के साथ बंद हुआ। वहीं लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,447.80 अंक टूटकर 52,650 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 416.20 अंक नीचे आकर 15,203.80 पर था।

सेंसेक्स पैक में 30 में से केवल दो शेयर ही लाभ के साथ ऊपर आये। बजाज फाइनेंस, एसबीआई, इंडिगो, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, ट्रेंट, भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, एमएंडएम, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा



और एशियन पेंट्स के शेयर गिरावट पर बंद हुए जबकि टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड के शेयर ही लाभ पर बंद हुए। बीएसई पर आज सभी सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण करीब 10 लाख करोड़ रुपए कम होकर 412 लाख करोड़ रुपए हो गया है जबकि ये शुक्रवार को 422 लाख करोड़ रुपए था। इस प्रकार निवेशकों को 10 लाख करोड़ का नुकसान हुआ है। बाजार में गिरावट को कारण मध्य पूर्व में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता हुआ तनाव है, जिससे भी निवेशक बाजार से दूरी बनाये हुए हैं।

**कमजोर रही कारोबार की शुरुआत**-इससे पहले आज सुबह बाजार की कमजोर शुरुआत हुई। कारोबार के दौरान निफ्टी 50 करीब 0.70 फीसदी यानी लगभग 160 अंक गिरकर 22,659.60 पर ट्रेड करता दिखा। वहीं बीएसई सेंसेक्स भी 514 अंक टूटकर 73,069.21 के स्तर पर रहा। वैश्विक बाजारों से भी नकारात्मक संकेत मिले। कच्चे तेल के दामों में तेजी आई है, जहां ब्रेंट क्रूड 3 फीसदी से ज्यादा बढ़कर 114 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। मुध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और सप्लाई को लेकर चिंता इसके प्रमुख कारण हैं। एशियाई बाजारों में भी भारी गिरावट रही। कोस्पी में 5 फीसदी से ज्यादा, निक्कई 225 में 4 फीसदी से अधिक और सीएसई 300 में भी कमजोरी देखी गई। अमेरिकी बाजार भी दबाव में बंद हुए, जहां एसएंडपी 500 और डाउ जोंस इंडस्ट्रीयल एवरेज में गिरावट दर्ज की गई।

# राजनीति में विनम्रता, मर्यादा और अनुशासन आवश्यक : मुख्यमंत्री

## व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से राजनीति में आने वालों से लोकतांत्रिक मूल्य और व्यवस्थाएं होती हैं प्रभावित



भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राजनीति में विनम्रता, मर्यादा और अनुशासन आवश्यक है। वे ही इस क्षेत्र में सक्रिय और सफल हो सकते हैं, जिनमें जनसेवा और जनकल्याण की भावना हो। व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से राजनीति में आने वाले लोगों के कारण लोकतांत्रिक मूल्यों और व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। जनप्रतिनिधियों के लिए जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील होना, अध्ययनशील होना, तनाव प्रबंधन में दक्ष होना और जनहित के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करना आवश्यक है। कोई समस्या आने पर जनप्रतिनिधि का व्यवहार और समस्या निराकरण के लिए उनका प्रबंधन कौशल, उनके व्यक्तित्व को दर्शाता है। सकारात्मक और समाज हित की गतिविधियों और विकास कार्यों के लिए हमें दलगत मतभेदों से ऊपर उठकर सोचना और कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मध्यप्रदेश विधानसभा में आयोजित युवा विधायकों के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। विधानसभा के विधान परिषद हाल में हुआ कार्यक्रम वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार विशेष रूप से उपस्थित थे। सम्मेलन में राष्ट्रकुल संसदीय संघ (भारत क्षेत्र 6) के तीन राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान के 45 वर्ष आयु तक के विधायक सम्मिलित हुए।

***लोकतंत्र, भारतीय राजनैतिक व्यवस्था का नैसर्गिक गुण*** - मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह मानना कि लोकतंत्र के विचार की उत्पत्ति पश्चिम से हुई थी, पूर्णतः सत्य नहीं है। लोकतंत्र, भारतीय राजनैतिक व्यवस्था का नैसर्गिक गुण है। भारतीय व्यवस्थाओं में सदैव से ही मत भिन्नता को सम्मान दिया गया है, राजनैतिक और धार्मिक व्यवस्थाओं में शास्त्रार्थ की परम्परा प्राचीन समय से रही है। भारत में विचारों की अभिव्यक्ति को सभी क्षेत्रों में सम्मान और महत्व प्रदान किया गया। भारत में ऐतिहासिक रूप से जुड़े लोकतंत्र के संस्कारों और मूल्यों का ही परिणाम है कि अंग्रेजों के जाने के बाद भी देश में लोकतंत्र पर आधारित व्यवस्थाएं सुगमता से संचालित होती रहीं। जबकि अन्य पड़ोसी देशों का हाल सबके सामने है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवा विधायकों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें हर स्थिति में सम भाव से रहने की प्रेरणा मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम से लेना चाहिए। जब उन्हें राजपाट सौंपा जाना था, तब उन्हें वनवास दे दिया गया। परंतु उन्होंने दोनों स्थितियों को समभाव से लिया।

***विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में युवा जनप्रतिनिधियों की अहम जिम्मेदारी***- मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र किसी एक व्यक्ति, समुदाय या क्षेत्र की व्यवस्था नहीं, बल्कि नागरिकों की स्वतंत्रता, न्याय, समानता और बंधुता पर आधारित एक व्यापक व्यवस्था है। भारत का लोकतंत्र नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही मजबूत होता है। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 25 नवंबर 1949 के संविधान सभा के वक्तव्य का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसे लागू करने वाले लोग कितने प्रतिबद्ध और नैतिक हैं। श्री तोमर ने कहा कि युवा विधायक लोकतंत्र में नागरिकों और शासन के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं। उनकी नई ऊर्जा, आधुनिक सोच और नवाचार की क्षमता शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक बदलाव ला सकती है।

# समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन 10 और 15 अप्रैल से

## वैश्विक हालातों के बीच कैबिनेट समिति ने की तैयारियों की समीक्षा



भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं की खरीदी को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस संबंध में सोमवार को कैबिनेट समिति की एक उच्च स्तरीय बैठक वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से आयोजित की गई, जिसमें राज्य में गेहूँ उपार्जन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि कैबिनेट समिति ने निर्णय लिया है कि इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम और भोपाल संभाग में गेहूँ की खरीदी का कार्य 10 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। प्रदेश के शेष संभागों में उपार्जन कार्य 15 अप्रैल 2026 से शुरू होगा। सरकार ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसमें खरीदी केंद्रों की स्थापना, भंडारण क्षमता, परिवहन व्यवस्था और भुगतान प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाना शामिल है। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि बैठक में वैश्विक परिदृश्य, विशेष रूप से मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए खाद्यान्न आपूर्ति एवं भंडारण व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई। समिति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों से गेहूँ खरीदी की प्रक्रिया को सुचारु, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संचालित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो और भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो। इसके लिए डिजिटल भुगतान प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने तथा निगरानी तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए गए।

### खाद्यान्न प्रबंधन होगा सुदृढ़

बैठक में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत तथा पशुपालन एवं डेयरी विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री लखन पटेल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। खाद्य मंत्री ने बताया कि समय पर और व्यवस्थित गेहूँ खरीदी से न केवल किसानों को लाभ मिलेगा, बल्कि प्रदेश में खाद्यान्न प्रबंधन भी सुदृढ़ होगा। इसके साथ ही, बदलते वैश्विक हालातों के बीच यह कदम राज्य की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# उज्जैन में 3 से 5 अप्रैल को होगा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम

## प्राचीन ज्ञान परंपरा और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान पर होगा वैश्विक मंथन

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी 3 अप्रैल को उज्जैन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम के उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे। यह सम्मेलन 3 से 5 अप्रैल तक उज्जैन के समीप डोंगला में होगा। सम्मेलन का उद्घाटन उज्जैन स्थित तारामंडल परिसर में होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन, जो प्राचीन काल से समय गणना और खगोल विज्ञान की वैश्विक धुरी रही है, एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक और बौद्धिक संगम का केंद्र बनेगी। भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान के समन्वय पर केंद्रित यह सम्मेलन देश-विदेश के वैज्ञानिकों, खगोलविदों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों तथा अंतरिक्ष क्षेत्र के विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम में साइंस सेंटर का उद्घाटन भी किया जाएगा। साथ ही यूएवी (अनमैन्ड एरियल व्हीकल) एवं आरसी (रिमोट कंट्रोल) और सैटेलाइट मेकिंग (उपग्रह निर्माण) विषयों पर विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, जो युवाओं में तकनीकी कौशल, नवाचार क्षमता तथा अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करेंगी। तीन दिवसीय कार्यक्रम मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) और विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। सह-आयोजक संस्थाओं में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर, वीर भारत न्यास और दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान कार्यक्रम की सह-आयोजक संस्थाएं हैं।

***डोंगला का ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक महत्व***- उज्जैन से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित डोंगला प्राचीन काल से खगोल एवं ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रहा है। कर्क रेखा के यहां से गुजरने के कारण इसे काल गणना का प्रमुख केंद्र माना जाता है। सम्मेलन में उज्जैन-डोंगला को वैश्विक मेरिडियन (मध्यान रेखा) के रूप में स्थापित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में आधुनिक विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा के समन्वय से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रमुख विषयों में विकसित भारत में स्पेस इकोनॉमी की भूमिका, खगोल विज्ञान, एस्ट्रोफिजिक्स एवं कॉस्मोलॉजी की नवीनतम तकनीक, भारतीय काल गणना पद्धति का वैज्ञानिक आधार, कालचक्र की अवधारणा और स्पेस सेक्टर से जुड़ी रणनीतियां शामिल हैं।

# ट्रांसजेंडर के कल्याण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री नारायण सिंह कुशवाह



भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य उभयलिंगी कल्याण बोर्ड की बैठक में सोमवार को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि उभयलिंगी समुदाय के अधिकारों की रक्षा एवं उनके समग्र विकास के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है और भविष्य में भी इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

बैठक में प्रदेश में उभयलिंगी (ट्रांसजेंडर) वर्ग के कल्याण के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों की समीक्षा की गई। बैठक में आगामी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजल कल्याण श्रीमति सोनाली वायंगणकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि राज्य सरकार उभयलिंगी व्यक्तियों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस वर्ग के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से प्रदान करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को पहचान पत्र एवं परिचय पत्र जारी करने की जिला स्तर पर प्रगति की समीक्षा की गई और इस प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं तेज बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में उभयलिंगी व्यक्तियों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। मंत्री ने कहा कि सभी विभाग समन्वय स्थापित कर इस वर्ग के लिए रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कौशल विकास के अवसर सुनिश्चित करें। विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने पर बल दिया गया।

## दमोह में युवक क्रांति संगठन द्वारा हास्य कवि सम्मेलन आज

**दमोह।** प्रतिवर्षानुसार युवक क्रांति संगठन द्वारा अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन आज 31 मार्च को रात्रि 9 बजे से कीर्ति स्तंभ चैराहा पर किया जा रहा है। इस हास्य कवि सम्मेलन में ख्याति प्राप्त कवि शिरकत करेगें जिनमें कुंवर जावेद राजस्थान, अतुल ज्वाला इंदौर, भूपेन्द्र राठौर कोटा, मुकेश मनमौजी छपारा, डॉ. प्रेरणा ठाकरे नीमच, डॉ. शुभम् त्यागी मेरठ, सुश्री काव्या मिश्रा मुम्बई, श्रीमती बबीता चौबे दमोह काव्य पाठ करेंगे। कार्यक्रम में एक दीप विश्व शांति के नाम पर प्रज्जवलित किया जायेगा। साथ ही युवक क्रांति संगठन की महिला शाखा का शपथ ग्रहण, स्मारिका का विमोचन एवं प्रतिभा सम्मान भी उपस्थित अतिथियों के द्वारा किया जाएगा । संयोजक सुधीर विद्यार्थी ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथियों में दमोह जिले के पूर्व कलेक्टर प्रभुदयाल मीना, जबलपुर हाईकोर्ट की पूर्व न्यायमूर्ति श्रीमती विमला जैन, पूर्व आईएएस सुरेश जैन, अजय टंडन पूर्व विधायक रहे।

# जबेरा पशु चिकित्सालय में फैली अव्यवस्थाएं

दमोह

जबेरा स्थित शासकीय पशु चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं को लेकर पशुपालकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आरोप है कि यहां पदस्थ डॉ. श्रीकांत पटेल की लापरवाही और मनमानी लगातार जारी है। वे न तो समय पर अस्पताल पहुंचते हैं और न ही पशु मालिकों से उचित व्यवहार करते हैं। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे जब मीडिया टीम अस्पताल पहुंचीए उस समय एक कुत्ते का मालिक अपने बीमार पशु को इलाज के लिए लेकर आया था लेकिन अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। समय पर उपचार न मिलने के कारण कुत्ते की मौत हो गई। इस घटना के बाद पशु मालिकों में भारी नाराजगी देखने को मिली। पशुपालकों का कहना है कि अस्पताल का निर्धारित समय सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक है लेकिन इसके बावजूद डॉक्टर अक्सर अनुपस्थित रहते हैं। मौके पर केवल एक प्राइवेट कर्मचारी और एबीएफओ मनोज श्रीवास्तव ही मौजूद मिले। स्थानीय लोगों ने बताया कि डॉ. श्रीकांत पटेल पिछले तीन दिनों से अस्पताल नहीं आ रहे हैं और बिना किसी सूचना के अपने घर चले जाते हैं। इस मामले में जब जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. बृजेंद्र असाटी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यदि डॉक्टर की इस प्रकार की कार्यप्रणाली और अनुपस्थिति की पुष्टि होती है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय पशुपालकों ने प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल में नियमित रूप से डॉक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए ताकि पशुओं को समय पर उपचार मिल सके और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



## राज्यमंत्री ने गायत्री शक्ति पीठ में गौशाला का किया निरीक्षण

**भोपाल।** पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने गायत्री शक्तिपीठ भोपाल परिसर में गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गौमाता की पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं देश की खुशहाली एवं समृद्धि की प्रार्थना की। मंत्री श्री पटेल ने गौशाला के संचालन, पशुपालन व्यवस्था एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं-विशेष रूप से नस्ल सुधार एवं अपग्रेडेशन-पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने गौ उत्पादों के संवर्धन एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए संचालकों को प्रेरित किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार से आए जगदीश चंद्र कुलमी (मध्यप्रदेश जोनल समन्वयक) एवं राजेश पटेल (व्यवस्थापक एवं म.प्र. जोन समन्वयक) द्वारा राज्यमंत्री श्री पटेल का गायत्री मंत्र दुपट्टा, शॉल, श्रीफल एवं पान का पौधा भेंट कर स्वागत किया। राज्यमंत्री श्री पटेल ने श्री राम स्मृति उपवन के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य संवर्धन अभियान का अवलोकन कर उपवन परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने गायत्री मंदिर परिसर में बेल पत्र का पौधा लगाया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान प्रदीप नीखरा, विनोद गुप्ता, सूरज परमार, अशोक नेमा जिला समन्वयक रमेश नागर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सभी बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित हो : संयुक्त सचिव

## आकांक्षी जिला अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा सहित निर्धारित इंडीकेटर्स की समीक्षा में दिए दिशा निर्देश



दमोह

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव और केंद्रीय प्रभारी अधिकारी अजीत कुमार ने आज जिला कार्यालय सभाकक्ष में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा सहित निर्धारित इंडीकेटर्स की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कोई भी गर्भवती महिला पंजीयन से न छूटे, सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने संस्थागत प्रसव, एनीमिया और टीकाकरण पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा टीकाकरण से कोई भी बच्चा न छूटेए बच्चे देश के भविष्य हैं। बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर मौजूद रहे।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव और केंद्रीय प्रभारी अधिकारी श्री कुमार ने जिले में टीबी रोग उन्मूलन के सबंध में चल रही गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कहा टीबी के इलाज में दवा के साथ अच्छा डाइट भी आवश्यक हैं। इस दिशा में जिले में फुड बॉस्केट दी जा रही हैं के सबंध में बताया गया। सीएमएचओ डॉ. अठ्या ने बताया जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों और अधिकारियों-कर्मचारियों तथा समाज के लोगों द्वारा लगातार सहयोग दिया जा रहा हैं। इस दौरान शिक्षा विभाग की समीक्षा में जिले में शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा स्कूल भवनों की मरम्मत गौण खनिज मद से कराये जाने की जानकारी दी गई। बताया गया प्रथम चरण में 187 स्कूल भवन, द्वितीय चरण में 102 और अब 135 स्कूल भवनों की मरम्मत के काम लिए जा रहे हैं। स्कूलों में पुस्तक वितरण के सबंध में डीपीसी श्री द्विवेदी ने बताया 1 अप्रैल से छात्रों को पुस्तक वितरण किया जायेगा, अभी 40 प्रतिशत पुस्तकें आ चुकी हैं, सत्र प्रारंभ होते ही वितरण प्रारंभ किया जायेगा। इसी क्रम में कृषि विभाग द्वारा विस्तार से की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस दौरान महिला बाल विकास, पशु चिकित्सा सहित अन्य विभागों के इंडिकेटर्स पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए तदानुसार कार्रवाई के लिए कहा गया। इस आयोजित बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा संयुक्त सचिव अजीत कुमार सर का मार्गदर्शन मिला और लगातार मार्गदर्शन में जिला सभी इंडिकेटर्स में और बेहतर करेगा। उन्होंने कहा जिले को 3 करोड़ रूपये का पुरस्कार मिला हैं का प्रोजेक्ट समय सीमा में बनाकर भेज दिया जायेगा और आगे बेहतर कार्य करने की बात कही। जिले में नरवाई प्रबंधन और जैविक हाटए नेचुरल फार्मिंग, विलेज टूरिज्जम की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। बैठक में सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे, एडीएम मीना मसराम, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के प्रारंभ में जिले का विजन डॉक्यूमेंट, एतिहासिक धरोहर, टूरिज्जम आदि पर प्रकाशित पुस्तकें कलेक्टर कोचर ने भेंट की।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्र. 12 घंटाघर**
**नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.अधि. स.क्र.12/25-26/एम-55
दिनांक 24/3/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजवंश जाट पिता श्री राजलाल जाट ने मकान नं. 576/1 वार्ड महर्षि अरविंद कुल क्षेत्रफल 357.3 व.फु. निर्मित क्षेत्रफल 341 व.फु. भूतल 341 व.फु. कम्प्यूटर डिमाडानुसार विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है, जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-12 घंटाघर**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक 04 छोटी लाइन फाटक**
**गोरखपुर नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक/सं.अ./04/एम./268/2025-26
दिनांक 25.03.26

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संपत्तिकर पिन नं. 1000620327 में पंजीकृत भवन स्वामी श्रीमति नीलमा माने के स्थान पर आवेदक श्रीमति अनिशा खान पति अब्दुल हमीद खान के मकान नं. 1080 एलआईजी-90 वार्ड क्र. 10 द्वितीय तल 396 एवं दस्तावेज विक्रय पत्र, भवन नामांतरण पत्र, अनुबंध पत्र, शपथ पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नानांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस पर किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय, क्रमांक 04 छोटी लाईन फाटक, गोरखपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04 गोरखपुर**
**नगर निगम, जबलपुर**

# रफ्तार का कहरः 5 अलग-अलग हादसों में 6 लोगों की दर्दनाक मौत

## कई लोग हुए बुरी तरह घायल, जांच में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)





जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार वाहनों का कहर देखने को मिला। यहां पर अलग अलग क्षेत्रों में हुए 5 हादसों में 6 लोगों को अपनी जान गवाना पड़ी। जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत ललित कॉलोनी में घर के बाहर बैठकर अखबार पढ़ रहे 34 वर्षीय विकेश उर्वा को एक युवक को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। इस घटना में 12 साल का एक बालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसका निजी अस्पताल में इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि ललित कॉलोनी निवासी 34 वर्षीय विकेश उर्वा सुबह घर के बाहर बैठकर अखबार पढ़ रहे थे, तभी सामने से आई तेज रफ्तार सफेद कार ने उन्हें सीधी टक्कर मारते हुए कुचल दिया। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और जैसे-तैसे युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पूछताछ में चालक ने ब्रेक फेल होने की बात कही, लेकिन लोगों को शक है कि वह नशे में था, जिसके कारण उसने नियंत्रण खो दिया और सीधे गाड़ी चढ़ा दी। पुलिस ने आरोपी कार चालक को हिरासत में लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

### बाइक सवार को मारी टक्कर

इसी प्रकार मझगवां, केण्ट व संजीवनी नगर क्षेत्र में हुए तीन अलग-अलग सड़क हादसों में जहां 4 लोगों की मौत हो गई तो वहीं तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। मझगवां पुलिस को रविन्द्र लोधी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम छनगवां ने बताया कि दोपहर को गांव के करिया लोधी ने मोबाइल पर बताया कि विमल सेन का मार्शल से छनगवां तिराहा में एक्सीडेंट हो गया तो वह मौके पर गांव के लोगों के साथ जाकर देखा मौके पर विमल सेन उम्र 39 वर्ष घायल अवस्था में पड़ा था। जिसके सिर हाथ पैर एवं चोट थी बेहोशी हालत में था। वहीं मौके पर क्षतिग्रस्त मोटर साइकिल कुछ दूरी पर खेत में सफेद रंग की मार्शल खड़ी मिली। एम्बुलेंस से बिमल को शासकीय अस्पताल मझगवां लेकर आये। जहां विमल सेन को डॉक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। पुलिस को रवीन्द्र ने बताया कि हादसा उस वक्त हुआ जब लखन लोधी, रावमरन लोधी को मोटर साइकिल में बैठकर खिरहनी जा रहा था। रास्ते में बिमल सेन के मिलने पर साथ में बैठाकर खिरहनी जाते समय छनगवां मोड़ मेन रोड के पास सफेद रंग की मार्शल के चालक द्वारा एक्सीडेंट कर दिया।

### खड़े ट्रक से टकराया पिकअप वाहन

इसी प्रकार केंट पुलिस ने बताया कि गोराबाजार धोबीघाट अनुराधा कालोनी निवासी 67 वर्षीय राजकुमार करयार का बीती रात पेंटीनाका के पास एक्सीडेंट हो गया था। जिन्हें उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां देररात उपचार दौरान उनकी मौत हो गई। इसी प्रकार संजीवनी नगर पुलिस ने बताया कि सिवनी घंसौर निवासी आकाश यादव बीती रात करीब तीन बजे लोडिंग पिकअप वाहन लेकर सब्जी मंडी जबलपुर आ रहा था। जिसके बाजू वाली सीट में छोटी बाई उर्फ गोमती कुशवाहा उम्र 40 वर्ष एवं संदीप कुशवाहा उम्र 25 वर्ष दोनों निवासी मडी पाटन थाना लखनादौन जिला सिवनी के बैठे थे। सुबह अंधमूक बायपास के ब्रिज पार करने के बाद पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर हाइवे रोड किनारे खड़े ट्रक के पीछे के हिस्से में कन्डेक्टर साइड से टकरा गया। जिससे उसके साथ पिकअप में बैठी छोटी बाई उर्फ गोमती कुशवाहा एवं संदीप कुशवाह चिमट गये। अस्पताल ले जाने पर डाक्टर ने चैक कर छोटी बाई उर्फ गोमती कुशवाहा एवं संदीप कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया।

### रोड रोलर ने मजदूर को कुचला

खमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम अमझर में सोमवार को रिंग रोड निर्माण के दौरान एक हादसा हो गया। निर्माण कार्य में लगे एक रोड रोलर की चपेट में आने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना वीआरएस ठेका कंपनी द्वारा कराए जा रहे रिंग रोड निर्माण कार्य के दौरान हुई। मजदूर की पहचान बिहार के पूर्णिया निवासी सुभाष ऋषि के रूप में हुई है। वह सड़क पर पत्थर जमाने का काम कर रहा था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सुभाष के कान में ईयरफोन लगे हुए थे, तभी पीछे से आए अनियंत्रित रोड रोलर ने उसे कुचल दिया। खमरिया थाना प्रभारी राजकुमार खटीक ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।



# छात्राओं ने सीखी आर्ट एंड क्राफ्ट की बारीकियां


जबलपुर (स्वतंत्र मत)



हितकारिणी वूमेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में फेविक्रिल द्वारा कार्यशाला का आयोजन

हितकारिणी वूमेंस कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में फेविक्रिल द्वारा कार्यशाला का आयोजन हितकारिणी वूमेंस का कॉलेज ऑफ एजुकेशन में प्राचार्य डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में आर्ट एंड क्राफ्ट के महत्व को बताते हुए कहा कि यह रचनात्मक का कार्य है आप इससे जुड़कर, सीख कर इसे व्यवसाय के रूप में भी अपना सकते है। प्रशिक्षक के रूप में फेविक्रिल से अंशु अग्रवाल उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं को टिशू पेपर आर्ट, कोस्टर आर्ट के बारे में प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. निरुपमा पाठक, डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि शुक्ला, जया सामदेकर, डॉ. निधि माथुर, कार्यालयीन कर्मचारी नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, अविनाश लखेरा, प्रेमलता चौबे, सुमन चौधरी एवं विजय दहायत का योगदान रहा।

## वरिष्ठ समाजसेवी धनराज जी रांका हुए सम्मानित



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवी धनराजजी रांका का सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम सकल जैन श्वेताम्बर श्री संघ, जबलपुर द्वारा भगवान महावीर के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। समारोह में समाज के विभिन्न गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। मंच पर उपस्थित अतिथियों ने श्री धनराज जी रांका के सामाजिक, धार्मिक एवं मानवीय सेवाओं को स्मरण करते हुए उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि श्री रांका ने अपने जीवन में समाज सेवा, धार्मिक गतिविधियों एवं जनकल्याण के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। समारोह का वातावरण भक्ति, श्रद्धा एवं सम्मान से परिपूर्ण रहा। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया।




## लाईनमैनों को दी जाये 2 लीटर पानी की बोतल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्रविमं तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि गर्मी के मौसम में तेज धूप पडने् लगी है। चिलचिलाती तेज धुप में बिजली उपभोक्ताओं से संबंधित बिजली का कार्य, मेंटेनेंस, ब्रेकडाउन, शटडाउन आदि लाईनमैनों के द्वारा किया जाता है । दिन भर कड़ी मेहनत करने के कारण लाईनमैनों का गला सूख जाता है और उन्हें बार-बार प्यास लगती है। पूर्व क्षेत्र कंपनी प्रबंधन द्वारा 1 नवंबर 2012 को एक आदेश जारी कर लाइनमैनों को 2 लीटर पानी की बोतल प्रदान करने की बात कही थी । इसलिए 2 लीटर पानी की बोतल देने की मांग संघ द्वारा की गयी । इस दौरान अजय कश्यप, मोहन दुबे, राजकुमार सैनी, लखन सिंह राजपूत, विनोद दास, इंद्रपाल सिंह, शशि उपाध्याय, ख्याली राम, मदन पटेल, दशरथ शर्मा, राजू नायडू, संदीप यादव उपस्तिथ रहे।

## मंडल रेल प्रबंधक ने 15 रेल कर्मियों को किया सम्मानित

**जबलपुर ( स्वतंत्र मत)।** पमरे जबलपुर मंडल ने रेल परिचालन को सुरक्षित और सुगम बनाए रखने निरंतर प्रयास किए हैं। इसी क्रम में, रेल संरक्षा के क्षेत्र में अपनी सजगता और सराहनीय योगदान देने वाले 15 रेल कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। जिनमे परिचालन विभाग से नेहा शाह, परमवीर सिंह तंवर, माँगी लाल , अनुराग सिंह चौहान और ,विष्णु यादव ,कर्षण-परिचालन विभाग से संजय सिंह, शलज कुमार राय और अरविंद कुमार प्रजापति ,इंजीनियरिंग विभाग से मन्नू कुमार, मृत्युंजय कुमार, अजय पटेल, अमित कुमार, दिलराज मीना और जसवंत मांझी वहीँ यांत्रिक विभाग से राहुल यादव को विशिष्ट सेवाओं के लिए मंडल रेल प्रबंधक द्वारा प्रशंसा करते हुए पुरूस्कार प्रदान किया ।

## डेयरी मिल्क में निकली फफूंद और कॉकरोच

### शहपुरा-भिटौनी इलाके की घटना

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



नामी ब्रांड की चॉकलेट कंपनी में भी गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल शहपुरा-भिटौनी इलाके में एक 14 वर्षीय छात्र द्वारा खरीदी गई कैडबरी डेयरी मिल्क चॉकलेट में कॉकरोच और फफूंद मिलने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक कक्षा 8वीं के छात्र अंश सेन ने पास की किराना दुकान से 55 रूपए की चॉकलेट खरीदी थी। घर पहुंचकर जैसे ही उसने रैपर खोला, चॉकलेट में मरा हुआ कॉकरोच, उसके अंडे और फफूंद दिखाई दी। साथ ही उसमें से बदबू भी आ रही थी। अंश ने तुरंत यह चॉकलेट अपने परिवार को दिखाई। परिजनों के मुताबिक, चॉकलेट के पैकेट पर एक्सपायरी डेट 8 जून 2026 अंकित है। यानी उत्पाद अभी वैध अवधि में था, फिर भी उसमें खराबी मिली। अंश के परिजनों ने बताया कि अगर बच्चा यह चॉकलेट खा लेता, तो उसकी सेहत को गंभीर नुकसान हो सकता था। उन्होंने कहा कि इस तरह की लापरवाही बेहद गंभीर है। परिवार ने चॉकलेट को साक्ष्य के तौर पर सुरक्षित रख लिया है। मामले में खाद्य विभाग में शिकायत दर्ज कराई जाएगी और सैंपल जांच के लिए भेजा जाएगा। साथ ही कंपनी के खिलाफ उपभोक्ता फोरम में मामला दर्ज करने की तैयारी भी की जा रही है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## मासूम की मौत पर मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिले के ग्राम मझगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी रैबीज इंजेक्शन लगने के बाद 2 साल की एक मासूम बच्ची की मृत्यु होने की घटना सामने आई थी । इस मामले को अब मानव अधिकार आयोग ने सज्ञान में लेते हुए जिम्मेदारों से जवाब मांगा है। दरअसल मझगवां निवासी दिनेश वंशकार की 2 साल की मासूम बच्ची को गत दिनों एक पागल कुत्ते ने काटने के बाद तत्काल उपचार के लिये स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती किया गया था। जहां स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्ची को रेबीज से बचाव के लिये इंजेक्शन लगाया। परिजनों का आरोप है कि इंजेक्शन लगते ही बच्ची की हालत और बिगड़ने लगी और इलाज के दौरान बच्ची की मृत्यु हो गई। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले को जनहित में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण में सुनवाई करते हुए। आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने इस मामले को प्रथम दृष्टया मानव अधिकारो के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह के अंदर मांगा है।

# रादुविवि में शुरू होंगे नए पाठ्यक्रम, डिजिटल मूल्यांकन और डिजीटाइजेशन की होगी व्यवस्था

### रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में पेश हुआ बजट 2026-27

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में सोमवार को सभा (कोर्ट) एवं कार्यपरिषद् की बैठकों में बजट 2026-27 प्रस्तुत किया गया।

बैठक के आरंभ में कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने विधायक अशोक रोहाणी, लखन घनघोरिया, ओमप्रकाश धुर्वे, प्रणय प्रभात पाण्डेय, ओमकार सिंह मरकाम एवं महापौर जगत बहादुर सिंह का स्वागत किया। प्रभारी कुलसचिव प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने कार्यपरिषद् सदस्यों एवं संकायाध्यक्षों का स्वागत किया एवं वित्त नियंत्रक सुरेश कतिया ने विश्वविद्यालय का वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया।

***20.98 करोड़ के घाटे का बजट हुआ पेश***- वित्तीय वर्ष 2025-26 में 14.95 करोड़ की बचत के साथ विश्वविद्यालय वित्तीय आधार पर सुदृढ़ स्थिति में है। वित्तीय वर्ष 2026-27 का 20.98 करोड़ के घाटे का बजट पेश किया गया । कृषि विभाग के लिए अनुमानित 6 करोड़ की लागत का तीन मंजिला भवन के प्रस्ताव को मान्य किया गया। नर्सिंग पेरामेडिकल के तीन मंजिला नये भवन के अनुमानित 6 करोड़ के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। कर्मचारियों के आवासों पर बार-बार रिनोवेशन पर अधिक व्यय करने के स्थान पर चार मंजिला आवासीय भवन लिफ्ट के साथ जिसमें 40 आवास प्रस्तावित हैं एवं अनुमानित लागत 6 करोड़ के प्रस्ताव को मान्य किया गया। साथ ही 2 करोड़ विभिन्न अन्य रिनोवेशन कार्य के लिए स्वीकृत किया गया है। विश्वविद्यालय के मूल्यांकन की व्यवस्था के लिए डिजिटल मूल्यांकन एवं डिजीटाइजेशन के प्रस्ताव हेतु 2 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। ई-ऑफिस के लिए सुझाव प्राप्त हुआ। जिस पर शीघ्र ही प्रशासनिक तैयारी की जा रही है। ई-गवर्नेन्स के लिए प्रशासन को सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने का सुझाव है। प्रस्तावित व्यय समय सीमा में हो इसके लिए त्रैमासिक समीक्षा बैठक का सुझाव मान्य किया गया। सभी विभाग समय-सीमा में कार्य करें एवं विलम्ब हेतु जिम्मेदारी तय करें। नये अकादमिक सत्र से नये पाठ्यक्रम आरंभ करने का सुझाव दिया गया। विश्वविद्यालय में विगत वर्ष 92 प्रतिशत छात्र संख्या में वृद्धि एवं विश्वविद्यालय में मितव्ययता के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2025-26 में 14.95 करोड़ की बचत हुई है। इस अवसर पर कार्यपरिषद् सदस्य प्रो. राकेश बाजपेयी, प्रो. विवेक मिश्रा, चन्द्रशेखर पटेल, डॉ. छाया श्रीवास्तव, संयुक्त संचालक लेखा एवं कोष रोहित सिंह कौशल आदि उपस्थित रहे।

### एनएसयूआई ने किया बजट बैठक के दौरान हंगामा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की बजट बैठक के दौरान एनएसयूआई छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने विश्वविद्यालय के गेट से लेकर बैठक कक्ष तक कुलपति के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान कुलपति को हटाया जाए और कुलपति मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए गए। इस दौरान छात्रों ने बैठक कक्ष में घुसने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस बल ने उन्हें मुख्य द्वार पर रोक दिया। हालांकि, कुछ छात्र दूसरे गेट से परिसर में प्रवेश करने में सफल रहे, जिससे कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई।

## वृद्धा के गले से सोने की चेन लूट ले गया लुटेरा

**जबलपुर।** ओमती थानातंर्गत गीतांजलि स्कूल के समीप विगत रात्रि एक वृद्धा के गले से एक आरोपी सोने की चेन लूटकर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि धनमोहन विला गीतार्जलि स्कूल के समीप रहने वाली 77 वर्षीय लता डेंगरा विगत 27 मार्च की रात करीब साढ़े आठ बजे पैदल अपने घर की ओर जा रहीं थी। जैसे ही वे अपने घर की गली में पहुंची, उसी समय पीछे से एक लड़का पहुंचा और झपट्टा मारकर उनके गले में पहनी हुई सोने की चेन लूटकर फरार हो गया।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**